ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11 ● विक्रम संवत 2080 ● बुधवार, 31 मई 2023 ● वर्ष-24 ● अंक-117 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

उर्वशी रौतेला ने मुंबई के जुहू में खरीदा ... पेज 12 पर



जैक 12वीं बोर्ड का रिजल्ट घोषित

## सृष्टि कॉमर्स और कशिश आर्ट्स के बने टॉपर

## कॉमर्स में 88.06 प्रतिशत और आर्ट्स में 95.97 फीसदी स्टूडेंट पास

### कॉमर्स में लड़के व आर्ट्स में लड़कियां रहीं अव्वल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड अधिविध परिषद (जैक) ने मंगलवार को 12वीं कॉमर्स और आर्ट्स स्ट्रीम का रिजल्ट घोषित कर दिया। कॉमर्स में 25147 और आर्ट्स में में 225946 छात्रों ने सफलता हासिल की है। रिजल्ट जैक के ऑफिशियल वेबसाइट पर देखा जा सकता है। उद्यान इंटर कॉलेज रांची की सृष्टि कुमारी 488 अंक लाकर कॉमर्स की स्टेट टॉपर बनी जबकि डीएवी इंटर कॉलेज कतरासगढ़ के कशिश प्रवीण आर्ट्स के स्टेट टॉपर रहे। आर्ट्स विषय से धनबाद की कशिश परवीन 469 अंक लाकर टॉप किया है। लोहरदगा से दीक्षा कुमारी सेकंड टॉपर हुई हैं। आर्ट्स में रांची के सुधांसु कुमार ने तीसरा रैंक पाया है।



इसी तरह कॉमर्स में सृष्टि कुमारी ने 480 अंक लाकर टॉप किया है। मोहिश परवीन 479 अंक सेकंड और 475 अंक के साथ रिया कुमारी थर्ड टॉपर बनी हैं। इस साल इंटर आर्ट्स का रिजल्ट 95.97 प्रतिशत रहा है वहीं कॉमर्स का रिजल्ट 88.60 प्रतिशत रहा है। कॉमर्स के रिजल्ट में लड़कों ने बाजी मारी है। इनका पासिंग परसेंटेज 87.01 है। इसकी तुलना में लड़कियों का पासिंग परसेंटेज 90.61 है। कॉमर्स की परीक्षा में 15900 छात्र शामिल हुए थे। इसमें 13836 ने सफलता हासिल की है। वहीं, 12482 लड़कियों ने परीक्षा दी, जिसमें 11311 पास हुई हैं। आर्ट्स के रिजल्ट में लड़कियां आगे हैं। इस परिणाम में 96.58 प्रतिशत लड़कियां पास की हैं जबकि लड़कों के पास होने का प्रतिशत 95.12 है। परीक्षा में 94476 लड़के शामिल हुए और उनमें से 89875 लड़के पास हुए। 131470 लड़कियां परीक्षा में शामिल हुई जिनमें से 126981 लड़कियां पास हुई हैं। इंटर आर्ट्स के रिजल्ट में सबसे ज्यादा बच्चे सेकेंड डिवीजन से पास हुए हैं। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए 230788 बच्चों ने आवेदन किया था। इनमें से 225946 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। फर्स्ट क्लास आने वालों की संख्या 97051 है। सेकेंड क्लास आने वाले बच्चों की संख्या 113018 है। थर्ड क्लास से पास करने वाले बच्चों की संख्या 6782 है। पांच बच्चे ऐसे हैं, जिन्होंने केवल परीक्षा में उत्तीर्णता हासिल की है। आर्टस में कुल 216856 बच्चे पास हुए हैं। आर्ट्स का पासिंग परसेंटेज 95.97 प्रतिशत रहा है।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छात्रों को दी बधाई



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उत्तीर्ण रहे सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी का भविष्य उज्ज्वल हो, यही कामना करता हूं। इस अवसर पर सीएम ने सभी अभिभावकों और शिक्षकों को भी इस परिणाम के हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड एकेडमिक कॉउन्सिल (जैक) बोर्ड इंटर (आर्ट्स) और (कॉमर्स) परीक्षा में उत्तीर्ण होने सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

## कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव व उनके करीबियों के ठिकानों पर ईडी का छापा

### चार नवंबर 2022 को प्रदीप यादव के करीबियों के खिलाफ आयकर चोरी के मिले थे साक्ष्य

### विधायक, उनके निजी सहायक समेत 12 के ठिकानों पर छापा

### बिहार भाजपा के प्रवक्ता मनोज शर्मा की पत्नी की कंपनी के दफ्तर में भी छापेमारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड कांग्रेस के विधायक प्रदीप यादव व उनके करीबियों के यहां ईडी ने मंगलवार को छापेमारी की। ईडी की टीम ने सुबह सात बजे एक साथ प्रदीप यादव के रांची व गोड्डा के पौडेयाहाट स्थित आवास व उनके सहयोगियों के यहां छापेमारी की। रांची में पूर्व में लंबे



समय तक तैनात रहे प्रदीप यादव के करीबी अभियंता शिवकुमार सिंह यादव के यहां भी ईडी ने छापेमारी की। शिवकुमार कई कंपनियों के जरिए रियल स्टेट के कारोबार में सक्रिय हैं। ईडी ने दुमका में राज्य के प्रभावशाली राजनीतिक के करीबी अजय कुमार झा उर्फ मिक्की झा के यहां भी छापेमारी की, जहां सैकड़ों एकड़ जमीन के खरीद से जुड़े कागजात बरामद किए गए हैं। ईडी अधिकारियों के मुताबिक, चार नवंबर 2022 ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### कहां-कहां ईडी का छापा

- प्रदीप यादव के गोड्डा मुफ्फसील थाना स्थित आवास, रांची एजी मोड़ स्थित विधायक के सरकारी आवास क्वार्टर संख्या 9/19
- पूर्व अभियंता व रियल स्टेट कारोबारी शिव कुमार के अरविंद मार्ग, कृष्णा नगर, नियर बरियातू फायरिंग रेंज
- शिव कुमार सिंह से जुड़ी कंपनी हाईटेन कंस्ट्रक्शन, मैगनम डेवलपर्स व वैष्णवी होम्स के हैरिटेज अपार्टमेंट बरियातू के पहले तल पर स्थित दफ्तर।
- मेसर्स वैष्णवी कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर प्राइवेट लिमिटेड के धुर्वा मांटेसरी स्थित दफ्तर
- मनोज अकेला के गोड्डा नहर चौक स्थित आवास
- विधायक के कारोबारी मित्र श्यामाकांत यादव के मालिकाना हक वाली होटल स्काई ब्लू और मां पंचबदन सिंहवाहिनी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेउ के पौडेयाहाट स्थित दफ्तर
- अजय कुमार झा व मेसर्स मिक्की आर्यन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के एसपी कॉलेज, रसिकपुर दुमका स्थित कार्यालय
- पेयजल विभाग के ठेकेदार विनोद कुमार लाल के दुमका स्थित आवास
- मेसर्स श्री साई मैन्यूफैक्चरिंग एंड इंजीनियरिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड व मेसर्स झारखंड पॉली ट्यूब्स के दफ्तर, इन कंपनियों के निदेशक भी विनोद कुमार लाल ही हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### रांची में फायरिंग आरोपी फरार

**रांची।** राजधानी में अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। आए दिन अपराधी वारदात को अंजाम देकर चलते बनते हैं। छिनतई और फायरिंग की कई घटनाएं घट चुकी हैं। पुलिस को सफलता तो मिलती है, कई अपराधी पकड़े भी जाते हैं। लेकिन इन घटनाओं पर पूरी तरह से लगाम नहीं लग पाता है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है रांची के हिंदपीढ़ी में। राजधानी रांची के हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र स्थित लेक रोड में पारिवारिक विवाद को लेकर गोली चली है। हालांकि गोली किसी भी व्यक्ति को नहीं लगी है। बताया जाता है कि दो पक्षों में पारिवारिक विवाद चल रहा था, उसी में गोली चली है। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद हिंदपीढ़ी थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है।

### रिम्स में इलाज के दौरान कैदी की मौत

**रांची।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान रिम्स में इलाज के दौरान 62 वर्षीय कैदी बाबू चंद राम की मौत हो गई। वह रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र के बड़की पोना गांव का रहने वाला था। बता दें की बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में 22 मई को तबीयत बिगड़ जाने के बाद उसे रिम्स में भर्ती किया गया था। शरीर में इन्फेक्शन होने के कारण कई अंग काम करना बंद कर दिया था। क्रिटिकल केयर के इंचार्ज डॉ पीके भट्टाचार्य की देखरेख में कैदी का इलाज चल रहा था। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार के जेल अधीक्षक ने रिम्स अधीक्षक डॉ हीरेन बिरूआ को पोस्टमार्टम प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने का आग्रह किया था। जिसके बाद पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराई गई।

### चाईबासा कोर्ट से हत्या के दोषी को उम्रकैद

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के अपर सत्र न्यायाधीश, प्रथम की अदालत ने मंगलवार को हत्या के दोषी सूरज पिंगुवा उर्फ सूरज पात्रो को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। अदालत ने अभियुक्त पर 10 हजार का जुमार्ना भी लगाया है। यह मामला मंझारी थाना के कांड संख्या 17/2017 से जुड़ा है। इस संबंध में थाने में 7 मई 2017 को मुक्ता पूर्ती की हत्या करने का मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस ने मुक्ता पूर्ती का शव सिरिस पेड़ लटका हुआ बरामद किया था। अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए सूरज को गिरफ्तार किया था। सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। इसी आधार पर अभियुक्त को सजा सुनायी गयी।

## नक्सली रघुनाथ ने किया सरेंडर

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

एसपी अंजनी अंजन के समक्ष नक्सली संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद के एरिया कमांडर रघुनाथ सिंह ने आत्मसमर्पण किया है। रघुनाथ पर सरकार के द्वारा दो लाख रुपए इनाम घोषित था। एसपी तथा अन्य अधिकारियों ने रघुनाथ को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। नक्सली रघुनाथ ने किया सरेंडरः दरअसल लातेहार सदर थाना क्षेत्र के बेंदी गांव निवासी रघुनाथ सिंह पिछले कई वर्षों से नक्सली संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर के रूप में क्षेत्र में सक्रिय था। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि लातेहार पुलिस और सीआरपीएफ के द्वारा रघुनाथ तथा अन्य नक्सलियों के परिजनों को लगातार सरकार की आत्मसमर्पण नीति के फायदों के बारे में जानकारी दी जा रही थी। सरकार के आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर रघुनाथ ने मंगलवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। एसपी ने कहा कि





झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति काफी बेहतर है। जो लोग मुख्यधारा से भटक कर नक्सलवाद के राह पर चल रहे हैं, उन्हें इस नीति का लाभ उठाते हुए सरकार के समक्ष आत्मसमर्पण कर देना चाहिए। एसपी ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को पुलिस हर प्रकार से सहयोग करने को तैयार है। कई आपराधिक घटनाओं का आरोपी है रघुनाथः बताया जाता है कि नक्सली रघुनाथ सिंह पर नक्सली कांडों को लेकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 10 से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के साथ मुठभेड़ के अलावे कई अन्य नक्सली घटनाओं में रघुनाथ उपस्थित था। पुलिस को रघुनाथ की कई दिनों से तलाश थी और लगातार उसकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी भी की जा रही थी। हालांकि परिजनों के द्वारा रघुनाथ को आत्मसमर्पण करने के लिए जब प्रेरित किया गया तो उसने पुलिस प्रशासन के अलावे सुरक्षा बलों के अधिकारियों से संपर्क कर आत्मसमर्पण नीति की विस्तृत जानकारी हासिल की। उसके बाद आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर मंगलवार को उसने आत्मसमर्पण कर दिया। एसपी के अलावा अन्य अधिकारियों ने किया सम्मानितः आत्मसमर्पण करने पर रघुनाथ सिंह को एसपी अंजनी अंजन के अलावे लातेहार एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र, सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी अभिनव आनंद समेत अन्य अधिकारियों ने भी गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। 2 माह के अंदर तीसरे नक्सली ने किया आत्मसमर्पणः लातेहार एसपी अंजनी अंजन के द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए व्यापक छापामारी अभियान के बाद नक्सलियों में हड़कंप है। पिछले 2 माह के अंतराल में लातेहार जिले में तीन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इसके अलावा 2 माह के अंतराल में ही 6 से अधिक नक्सली गिरफ्तार भी हुए हैं। हाल के दिनों में आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में जेजेएमपी के एरिया कमांडर रघुनाथ सिंह के अलावे जेजेएमपी के एरिया कमांडर सत्येंद्र उरांव और टीएसपीसी के एरिया कमांडर दशरथ उरांव ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इसके अलावा कई अन्य नक्सली अभी भी आत्मसमर्पण करने की योजना बना रहे हैं।

## खूंटी : हथियार के साथ दो उग्रवादी गिरफ्तार





**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

पुलिस ने सोमवार की रात जरियागढ़ थाना क्षेत्र के मधुवन जंगल और रनिया थाना क्षेत्र में छापमारी कर पीएलएफआई के जोनल कमांडर तिलकेश्वर गोप की मैगजीन लगी एक 56 राइफल, 20 जिंदा कारतूस, हथियार बनाने वाली जंग लगी मशीन और अन्य सामान बरामद किये हैं।

अपने कार्यालय में मगलवार की शाम आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी अमन कुमार ने बताया कि उन्हें मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापामारी कर जेल में बंद पीएलएफआई के जोनल कमांडर तलकेश्वर गोप की मैगजीन लगी एके 56 राइफल के साथ तिलेश्वर गोप के रिश्तेदार और पीएलएफआई के सक्रिय उग्रवादी जरियागढ़ के जारी गिरजाटोली गांव निवासी सागेन आईंद को गिरफ्तार किया। उससे मिली जानकारी के आधार पर जरियागढ़ के साके टोली गांव निवासी गौतम गोप उर्फ जलवा को गिरफ्तार किया गया और उसकी निशानदेही पर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## बकोरिया मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकृत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीबीआई के एसडीजेएम प्रवीण उरांव की कोर्ट ने बकोरिया मुठभेड़ मामले की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकृत कर लिया है। मंगलवार को सीबीआई के कोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट को लेकर बहस हुई। अब मामले में आगे कोई जांच नहीं होगी। बकोरिया मुठभेड़ से जुड़े शिकायतकर्ता जवाहर यादव रांची सीबीआई कोर्ट में प्रस्तुत हुए। क्लोजर रिपोर्ट स्वीकृत होने के बाद मुठभेड़ के शिकायतकर्ता जवाहर यादव ने कहा कि रिपोर्ट के तथ्यों से वह हाई कोर्ट को अवगत कराएंगे। मामले को सुप्रीम कोर्ट ले जायेंगे। सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के बाद सीबीआई कोर्ट ने शिकायतकर्ता को अपना पक्ष प्रस्तुत करने को कहा था। उल्लेखनीय है कि 8 जून, 2015 को पलामू के सतबरवा प्रखंड के भलवाही घाटी में सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में माओवादी कमांडर अनुराग और उसका बेटा, भतीजा, पारा शिक्षक उदय यादव सहित 12 की जान गई थी।

## चाईबासा में नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम, 11 आईईडी को किया नष्ट





**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका और गोईलकेरा थाना क्षेत्र के मारादिरी, हाथीबुरू मेरालगढ़ा और छोटा कुईड़ा जंगल के आसपास मंगलवार को सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से नक्सलियों के लगाए गए 11 आईईडी बरामद हुआ। सभी आईईडी को उसी स्थान पर निष्क्रिय कर दिया गया गया। पुलिस ने मंगलवार को सर्च अभियान के दौरान टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका के आसपास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## नक्सली दिनेश गोप को भेजा जेल

### पीएलएफआई सुप्रीमो की आठ दिनों की हिरासत अवधि खत्म

### एनआईए कोर्ट में हुई पेशी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को मंगलवार को जेल भेज दिया गया। एनआईए को मिली आठ दिनों की हिरासत अवधि आज खत्म हो गई। जिसके बाद उसे एनआईए कोर्ट में पेश किया गया। पेशी के बाद सुनवाई हुई। जहां के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। आठ दिनों की पूछताछ के दौरान दिनेश गोप ने कई खुलासे किए हैं। वहीं वहीं उसकी निशानदेही पर गुमला, खूंटी और सिमडेगा से भारी मात्रा में गोली और बारूद भी बरामद किया गया है। एनआईए की विशेष अदालत में टेरर फंडिंग मामले में गिरफ्तार पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को कड़ी



सुरक्षा के बीच 22 मई को पेश किया गया। पेशी के बाद जांच अधिकारी ने दिनेश गोप से पूछताछ करने के लिए 14 दिनों की रिमांड पर देने का आग्रह करते हुए आवेदन दाखिल किया गया था। दिनेश गोप के वकील सौरभ कुमार पांडेय एवं राजेश कुमार सिन्हा ने एनआईए के रिमांड पर लेकर पूछताछ करने के आवेदन का विरोध किया था। जिसके बाद एनआईए कोर्ट ने दिनेश गोप को आठ दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ की अनुमति दी।

## खूंटी में कार से 106 किलो गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

**खूंटी।** जिला पुलिस ने सोमवार को जरियागढ़ थाना क्षेत्र के नगड़ा गांव के पास एक कार से एक क्विंटल छह किलोग्राम गांजा बरामद किया है और वाहन पर सवार दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में हजारीबाग जिले के इचाक गिरी टोली गांव निवासी छोटन पासवान का पुत्र नागेंद्र कुमार पासवान उर्फ शुभम पासवान है और इचाक लोहार टोली के रेवा यादव का पुत्र सुजीत कुमार यादव शामिल है। इस संबंध में मंगलवार को एसपी अमन कुमार ने प्रेस कान्फ्रेंस में बताया गया कि सोमवार को पुलिस को जानकारी मिली कि जरियागढ़ थाना क्षेत्र के लापा गांव के एक व्यक्ति को धक्का मार कर एक सफेद रंग की कार( ओडी 02ओर 9412 भाग रही है। पुलिस ने कार का पीछा करते हुए नगड़ा गांव जानेवाले रास्ते में कार को पकड़ लिया।

### जोहार पोर्टल पर परियोजनाओं की प्रगति अपलोड करने का निर्देश

## एक जून को सीएम हेमंत सोरेन करेंगे समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जोहार पोर्टल पर अपलोड झारखंड की महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा एक जून को करेंगे। इस बाबत राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव व विभागाध्यक्षों को पत्र लिखा है ओर जोहार पोर्टल पर अपने विभाग से संबंधित सारी परियोजनाओं की प्रगति को अपलोड करने का समय दिया है। प्रोजेक्ट भवन में होने वाली इस समीक्षा में राज्य के मुख्यमंत्री मुख्य रूप से पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण, पेयजल, ग्रामीण कार्य, ग्रामीण विकास सहित अन्य विभागों की महत्वपूर्ण परियोजनाओं की गति की जानकारी प्राप्त करेंगे।



अधिकारियों को इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में समय-सीमा पर काम करने के लिए लक्ष्य भी देंगे। यह भी देखा जायेगा कि तीन-चार से जो योजनाएं चल रही हैं, वह अभी तक क्यों नहीं पूरी हुई। सीएस ने विभाग के अधिकारियों को यह भी कहा कि जिन परियोजनाओं को पूरा करने में बाधा आ रही है उसकी पूरी विवरणी भी जोहार पोर्टल में अपलोड करें। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने सरकारी योजनाओं को गति देने के लिए जोहार परियोजना पोर्टल शुरू किया है, जिसमें नियमित रूप से सभी विभागों को परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट अपलोड करना है। मुख्य सचिव हर माह इसकी समीक्षा करते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य परियोजनाओं को गति प्रदान करना और समय पर पूरा कराना है। विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्या को दूर करने के लिए सामंजस्य बैठाकर काम करना है। वनभूमि क्लीयरेंस, जमीन अधिग्रहण, यूटिलिटी शिफ्टिंग इत्यादि को समय पर कराने के लिए भी यह पोर्टल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## राज्य में वज्रपात का अलर्ट जारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में बदले मौसम के मिजाज की वजह से कई जिलों में लोगों को बड़ी राहत मिल रही है। तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। कई जगहों पर वज्रपात भी हुआ। बीते सप्ताह वज्रपात से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। मंगलवार को भी दिनभर धूप-छांव का खेल जारी रहा। विभाग ने मौसम के बदलते रुख को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। लोगों से सतर्क और सावधान रहने की अपील की गई है। विभाग ने कहा कि लोग इस मौसम को देखते हुए सुरक्षित स्थानों में शरण ले। कोई भी पेड़ के नीचे या खंभे के पास ना रहे। किसानों से खास अपील की गई है कि वे खेतों में ना जाएं, जब तक मौसम सामान्य नहीं हो जाता है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने मंगलवार को बताया कि



राज्य के उत्तर पश्चिमी, दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में बारिश के आसार हैं। रांची, गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम जिले के कुछ भागों में बारिश होगी। पूर्वानुमान के मुताबिक अगले एक से तीन घंटे में हल्के से मध्यम दर्जे की मेघगर्जन के साथ बारिश की संभावना है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है। कुछ स्थानों पर 30-40 किमी की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि आज को आसमान में बादल छाए रहेंगे लेकिन मौसम शुष्क रहेगा।

# डिप्लोमा-इन-फार्मेसी परीक्षा कदाचारमुक्त कराने को लेकर दंडाधिकारियों की हुई प्रतिनियुक्ति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डिप्लोमा-इन-फार्मेर्सी परीक्षा समिति, झारखण्ड द्वारा आयोजित राज्य में डिप्लोमा-इन-फार्मेर्सी परीक्षा 29.05.2023 से 09.06.2023 (04.06.2023 को छोड़कर) तक प्रत्येक दिन प्रथम पाली 09:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे मध्याहन तक एवं द्वितीय पाली 02:00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक परीक्षा केंद्र (वाई.बी.एन. यूनिवर्सिटी राजाउलातू, नामकुम, रांची) पर होना है। परीक्षा केंद्र पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची द्वारा पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा में संलग्न छात्र एवं उनके अभिभावक परीक्षा केन्द्र पर भीड़ लगाकर विधि-व्यवस्था भंग करने की चेष्टा कर सकते हैं। इस आशंका को देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, राँची द्वारा दं० प्र सं की धारा 144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए परीक्षा केन्द्र के 200 मीटर की परिधि में निम्नलिखित निषेधाज्ञा जारी की गयी है।



1. पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों तथा सरकारी कार्यक्रम एवं शवयात्रा को छोड़कर)।
2. किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना।
3. किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, जैसे-बंदूक, राईफल, रिवाल्वर, बम, बारूद आदि लेकर चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर)।
4. किसी प्रकार का हरवे हथियार जैसे-लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला आदि लेकर चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर)।
5. किसी प्रकार की बैठक या आमसभा का आयोजन करना।

यह निषेधाज्ञा दिनांक-30.05.2023 से 09.06.2023 (04.06.2023 को छोड़कर) तक प्रत्येक दिन प्रातः 06:00 बजे से अपराह्न 08:00 बजे तक प्रभावी रहेगा।

## मैट्रिक और इंटर के टॉप-3 विद्यार्थियों की कॉपी वेबसाइट पर जारी करेगा जैक

**रांची।** झारखंड अधिविध परिषद (जैक) ने मंगलवार को 12वीं कॉमर्स और आट्र्स स्ट्रीम का रिजल्ट घोषित कर दिया। कॉमर्स में 25147 और आट्र्स में में 225946 छात्रों ने सफलता हासिल की है। उद्यान इंटर कॉलेज रांची की सृष्टि कुमारी 488 अंक लाकर कॉमर्स की स्टेट टॉपर बनी जबकि डीएवी इंटर कॉलेज कतरासगढ़ के कशिश प्रवीण आट्र्स के स्टेट टॉपर रहे। जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने बताया कि झारखंड बोर्ड के वैसे विद्यार्थियों की कॉपी को झारखंड एकेडमिक काउंसिल की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा जिन्होंने मैट्रिक या इंटर में टॉप किया है। महतो ने मंगलवार को इंटर आट्र्स और कॉमर्स का रिजल्ट जारी करने के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 10वीं और 12वीं बोर्ड के टॉप-3 स्टूडेंट्स की कॉपी को वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

# इंटर आट्र्स में सुमंती परधिया विद्यालय टॉपर बनी



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग के जैक बोर्ड से इंटर आट्र्स की परीक्षा देने वाले 190 में से 188 छात्र छात्राओं ने उत्तीर्ण किया। 77 छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से , 109 छात्र छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी से तथा दो छात्र छात्राओं ने तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण किया। राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग की इंटर की छात्रा सुमंती परधिया ने 403 अंकों के साथ 80.6 % अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी। वहीं रवि साहु ने 392 नंबर के साथ 78.4 % अंक लाकर सेकंड टॉपर बने। वहीं नेहा कुमारी तथा खुशलाल साहु ने 384 अंक लाते हुए 76.8 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से दोनों विद्यालय के थर्ड टॉपर बने। सफलता अर्जित करने वाले छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्रधान शिक्षक अमरेंद्र कुमार राय ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। कहा कि शिक्षकों की कमी के बावजूद छात्र छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में 98.94 प्रतिशत बच्चों ने सफलता अर्जित किया है।

## बैंक ऑफ इंडिया का 2 दिनों से लिंक फेल




**सिल्ली।** मुरी के झारखंड मोड़ स्थित बैंक, ऑफ इंडिया मे मंगलवार को सुबह से ही लिंक फेल होने से उपभोक्ता परेशान हो गए। एक तो कडाके की धुप ऊपर से उमस भरी गर्मी। दुर दराज से आए बुढ़े बुजुर्ग सुबह से ही बैंक मे लाइन लगाए खड़े थे, लेकिन लिंक फेल होने से सभी उपभोक्ता निराश हो गए। कई लोग तो लिंक आने का आश लगाए बैठे रहे और कई लोग तो घर वापस चले गए। ग्राहकों से पुछने पर उन्होंने बताया की आए दिन बैंक का लिंक फेल रहता है हमलोग घर का काम काज छोड़कर आते है और लिंक फेल होने से वापस चले जाना पड़ता है। बैंक में स्टाफ का कमी भी देखा गया है।

# 52वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ भव्य रूप से संपन्न हुआ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार 52 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ भव्य रूप से संपन्न हुआ। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने महाबली बजरंगबली की दिव्य पावन अखंड ज्योति धुर्वा निवासी विनोद नारायण गुप्ता एवं सीमा गुप्ता से प्रज्वलित करवा कर केसरिया पेड़ा चना गुड़ फल का प्रसाद अर्पित करवाया। गुप्ता परिवार ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचकओं का चंदन वंदन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ साज बाज के धुन के बीच श्री गणेश वंदना व श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ प्रारंभ किया । भक्तों ने भक्तिभाव के साथ पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री श्याम मंदिर बजरंगबली सालासर वाले की जय जयकारों से गूंज रहा था। भक्तजन भावविभोर होकर हनुमान जी की ज्योति में आहुति देकर अपने परिवार के लिए सुख-समृद्धि की प्रार्थना कर रहे थे। श्री सुंदरकांड पाठ के बाद पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। महाआरती की गई व भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया गया। मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा निवेदित कर श्री हनुमान जी के दरबार में मत्था टेका। ज्ञातव्य है कि प्रत्येक मंगलवार को श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ व प्रत्येक शनिवार को श्री श्याम भंडारा का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्रवण ढानढनिया श्याम सुंदर शर्मा गौरव अग्रवाल मोनू अनिल नारनौली श्याम सुंदर जोशी ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया। बुधवार को निर्जला एकादशी : श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में बुधवार 31 मई को निर्जला एकादशी कीर्तन का कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ होगा। बाबा श्याम को नवीन बागा(वस्त्र) पहनाया जायेगा विशेष भव्य श्रृंगार करके अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की जाएगी एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।



**शनिवार को 65 वा श्री श्याम भंडारा**

श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा शनिवार 03 जून को साय 5:00 बजे से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 65 वा श्री श्याम भंडारा होगा। मेरिनो फूड प्रोडक्ट्स प्रा लि हैदराबाद के संस्थापक व मण्डल सदस्य ओम प्रकाश छावनिका के परिवार द्वारा निवेदित है। अध्यक्ष सुरेश सरावगी मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने भक्तजनों को भंडारे में आमंत्रित किया है।

**ज्ञापन** विवि के डिग्री कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई बंद होने पर छात्र आक्रोशित

# अभाविप का प्रतिनिधि मंडल कुलपति से मिला

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, रांची ग्रामीण के एक प्रतिनिधिमंडल ने रांची विश्वविद्यालय राँची के कुलपति डॉ. अजित कुमार सिन्हा से मिला और तीन सूत्रीय मांगों को लेकर एक विशेष ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार इंटरमीडिएट में नए सत्र में माध्यमिक पास सभी छात्र छात्राओं को नामांकन लेने हेतु एवं विगत कई वर्षों से पीएचडी के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित नही हुई, इस पर प्रवेश परीक्षा आयोजित करने तथा स्नातक व स्नातकोत्तर में चांसलर पोर्टल के माध्यम से भी सभी छात्र छात्राओं का नामांकन लेने से सम्बंधित महत्वपूर्ण विषयों पर ज्ञापन सौंपा गया । अभाविप के प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करते हुए इस विषय मे विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए राँची जिला ग्रामीण संयोजक आकाश रक्षित और छात्रा प्रमुख सोनम कुमारी ने कहा कि राँची विश्वविद्यालय राँची द्वारा अंगीभूत सभी ग्रामीण कॉलेजों में अपने स्थापना काल से ही इंटरमीडियट की पढ़ाई चल रही है जिसमें इंटर कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय की कक्षाएं संचालित होती आ रही है एवं यहाँ सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों व जनजातीय क्षेत्रों से हजारों की संख्या में छात्र छात्राएं अध्ययन करने आते है जो माध्यमिक परीक्षा उतीर्ण करने के बाद पूरी तरह से इन्ही महाविद्यलयों में निर्भर व आश्रित रहते है चूंकि ग्रामीण व निर्धन विद्यार्थियों के लिए बाहर जाकर इंटर की पढ़ाई करना संभव नही होता और इस वर्ष से ग्रामीण महाविद्यालयों में नए सत्र में माध्यमिक परीक्षा पास छात्र छात्राओं को इंटरमीडियट में नामांकन नहीं लेना बहुत ही दुखद एवम चिंताजनक है । साथ ही अभाविप के कार्यकताओं ने कहा कि इस वर्ष से इंटर में नामांकन नही लेने से छात्र छात्राओं में निराशाजनक व असमंजस की स्थिति बनी हुई है एवं सभी विद्यार्थी परेशान होकर नामांकन की प्रतीक्षा लगाएं बैठे है । कुलपति महोदय से वार्ता करते हुए अभाविप के नेताओं ने कहा कि ऐसे हजारों ग्रामीण छात्रों के भविष्य की अधर में लटक गया है, इनकी चिंता करते हुए उच्च शिक्षा विभाग व विश्वविद्यालय प्रशासन शीघ्र छात्र हित में विचार कर उचित कदम उठाए एवम साथ ही अभाविप ने यह भी गुहार लगाई की जल्द से जल्द माध्यमिक पास विद्याथीओं को इंटरमीडिएट में नामांकन लिया जाय नही तो विद्यार्थी परिषद इस मामले को गम्भीरता से उठाएगी और आने वाले दिनों में राज्यव्यापी आन्दोलन करेगी । अभाविप ग्रामीण के द्वारा ज्ञापन के माध्यम से उठाए गए सभी मुद्दों को कुलपति महोदय ने गम्भीरता से लिया और यह आश्वासन दिया कि सारे समस्याओं पर विचार किया जायेगा व इन सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक प्रयास करते हुए जल्द इसका समाधान भी निकाला जायगा। इस मौके पर कुलपति महोदय को ज्ञापन सौपने के दौरान अभाविप ग्रामीण के प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से रांची जिला ग्रामीण संयोजक आकाश रक्षित, छात्रा प्रमुख सोनम कुमारी, सोशल मीडिया प्रभारी विक्रम कुमार महतो, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिव चौधरी अभाविप मांडर से उत्कर्ष नन्द तिवारी, प्रीतम गोप व पारस ठाकुर, दिवाकर कुमार ,जयनन्द लोहरा समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे ।



## कलस्टर का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**मांडर।** मांडर जेएसएलपीएस कार्यालय में मांडर कलस्टर का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में कठचाचो पंचायत के सभी कलस्टर की 14 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।प्रशिक्षण दे रही ज्योति एक्का ने बताया कि पहले सभी को हर कार्य कागजी रुप से संपन्न करना होता था किन्तु इस प्रशिक्षण के बाद सभी डिजिटल माध्यम से अपना कार्य सबमिट करेंगी।हर कार्य की जानकारी एवं लेखाजोखा मोबाईल से ही करने की इस प्रशिक्षण के माध्यम से विस्तृत जानकारी इस प्रशिक्षण के माध्यम से दी जा रही है।मौके पर पार्वती देवी, सुमित्रा देवी, मानती देवी, ऑगस्टीना खलखो, शास्त्री मिंज सहित अन्य मौजूद थी।

# झारखण्ड सरकार

भू-अर्जन वाद संख्या-62/2020-21

## राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
## (जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)

### प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम-30/2013 की धारा-11 (1) के अधीन)
"ईटकी पावर हाउस-डारहाटांड-झिंझीरी-टाटकुण्डो पथ के चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण कार्य परियोजना"

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है मौजा-ईटकी ठाकुरगाँव, थाना संख्या 102, अंचल-ईटकी जिला-राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना-**"ईटकी पावर हाउस- डारहाटांड-झिंझीरी-टाटकुण्डो पथ के चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण कार्य परियोजना"** हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासन के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम/मौजा-ईटकी ठाकुरगाँव, थाना संख्या-102, अंचल-ईटकी, जिला-राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश रकबा क्रमशः-**4.602,** एकड़ भूमि मानक माप का भू-खण्ड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है:-

**मौजा-ईटकी ठाकुरगाँव (3)**

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0, द0, पू0, प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 123 | 471 | 498 | टाड़ दो | कायमी | 0.027 | मंगल मोची पिता- सव | उ0- 501/8 द0- 492 प0- रास्ता प0- निज |
| 124 | 469 | 492 | टाड़ दो | कायमी | 0.014 | थोमस केरकेटा पिता- स्व0 सिरील केरकेटा | उ0- 498 द0- 491/1 प0- रास्ता प0- निज |
| 125 | 477 | 491/1 | टाड़ दो 1 | कायमी | 0.008 | ठदु केरकेटा पिता- स्व0 टिपो सोलतान | उ0- 492 द0- 491/2 प0- रास्ता प0- निज |
| 126 | 477 | 491/2 | टाड़ दो 1 | कायमी | 0.007 | हिरा केरकेटा पिता- स्व0 डहरू केरकेटा | उ0- 491 द0- 491/3 प0- रास्ता प0- निज |
| 127 | 477 | 491/3 | टाड़ दो 1 | कायमी | 0.007 | रामकी सोर साहु पिता- स्व0 रामविलास साहु | उ0- 49/1 द0- 491/3 प0- रास्ता प0- निज |
| 128 | 466 | 483 | टाड़ दो | कायमी | 0.020 | अभुरन केरकेटा, पिता- स्व0 | उ0- 491/3 द0- 482 प0- रास्ता प0- निज |
| 129 | 3 | 972 | टाड़ एक | कायमी | 0.347 | रामेशवर नाथ साहदेव व बदरीनाथ सहदेव पिता- स्व0 लालमोहन नाथ साहदेव | उ0-रास्ता द0- 973 प0- रास्ता प0- 970/6 |
| 130 | 274 | 1124 | मकान 01 सहन 01 | कायमी | 0.074 | रामेश्वर नाथ, साहदेव व बदरी नाथ पिता- स्व0 लालमोहन सहदेव | उ0-रास्ता द0- निज प0-1350/A प0- 975/2 |
| 131 | 105 | 1349 | खलियानं | कायमी | 0.019 | गनेश साव पिता- स्व0 बैजु साव व कमेश साव पिता- स्व0 लाल साव | उ0-रास्ता द0- निज प0-1338/1 प0-1350/C |
| 132 | 248 | 1338/1 | टाड़ दो | कायमी | 0.024 | छेदी साव पिता- स्व0 रामरतन साव | उ0-रास्ता द0- निज प0-1338/2 प0-1349 |
| 133 | 248 | 1338/2 | टाड़ दो | कायमी | 0.023 | सुधीर साव पिता- स्व0 महीन्द साव | उ0-रास्ता द0- निज प0-1337 प0-1338/1 |
| 134 | 248 | 1337 | दोन एक | कायमी | 0.065 | सुधीर साव पिता- स्व0 महीन्द्र साव | उ0-रास्ता द0-1338/2 प0-रास्ता प0-1338 |
| 135 | 267 | 1336/1 | टाड़ एक | कायमी | 0.006 | बलीउ मियां रहमान मियां पेशरान हीरना बराबर जाति डफाली | उ0-1338 द0-1336/2 प0-रास्ता प0-निज |
| 136 | 267 | 1336/2 | टाड़ एक | कायमी | 0.006 | एकराम पिता- स0 | उ0-रास्ता द0-1338/2 प0-रास्ता प0- 1340 |
| 137 | 137 | 2050/1 | दोन दो 23 | कायमी | 0.085 | सकील हाजी साहब पिता- स्व0 आशीम अली | उ0-रास्ता द0- निज प0-2050/2 प0-रास्ता |
| 138 | 137 | 2050/2 | दोन दो 24 | कायमी | 0.085 | मो0 आकील मिया व अतीक मिया व सोएब मिया व तलहा मिया पिता- स्व0 इसुफ मिया | उ0-रास्ता द0- निज प0-2049 प0-2050/1 |
| 139 | 137 | 2079 | दोन तीन | कायमी | 0.014 | तबरेज आलम पिता- स्व0 मो0 गफार | उ0-रास्ता द0- निज प0-2081 प0-2050/2 |
| 140 | 137 | 2081 | परती कदीम | कायमी | 0.049 | महजीद | उ0-रास्ता द0- निज प0-2080/1 प0- 2079 |
| 141 | 137 | 2080/1 | टाड़ दो | कायमी | 0.018 | मो0 हबिबुल्लाह अली पिता- स्व0 सलामत अली | उ0-रास्ता द0- निज प0-2080/2 प0-2081 |
| 142 | 137 | 2080/2 | टाड़ दो | कायमी | 0.017 | जयतुन निसा पिता- स्व0 इसुफ मिया | उ0-रास्ता द0- निज प0-2532 प0-2080/1 |
| 143 | 145 | 899 | मकान/2, सहन/1 | कायमी | 0.023 | बिरसा उराँव वल्द सोमा उराँव | उ0- द0- प0- प0- |
| 144 | 44 | 905 | परती कदीम | कायमी | 0.003 | मोसमात गन्चरप गडेरी जौजे खेदु गडेरी | उ0- द0- प0- प0- |
| 145 | - | 2532 | टाड़ | कायमी | 1.324 | सेनेटोरीयम के हाता | उ0-21/6 द0- निज प0- 2587 प0- 2080 |
| 146 | 478 | 867/ 2552 | मकान 1 सहन 1 | कायमी | 0.015 | विनोद भगत व तुलेश्वर भगत पिता- स्व0 जितु भगत | उ0- 867/2 द0-867/1 प0- निज प0- रास्ता |
| 147 | 320 | 862 | परती कदीम 0 | गै0 म0 मालिक | 0.160 | स्कुल + स्वास्थ्य केन्द्र | उ0- निज द0- रास्ता प0- 862/ 2542 प0- 902 |
| 148 | 320 | 639/1 | जंगल झाडी | गै0 म0 मालिक | 0.005 | गोपाल महतो पिता- स्व0 जलेस्वर महतो वगैरह | उ0- 652 द0- 699 प0- रास्ता प0- निज |
| 149 | 320 | 639/2 | जंगल झाडी | गै0 म0 मालिक | 0.005 | शिव मंदीर | उ0- 639/1 द0- 639/3 प0- रास्ता प0- निज |
| 150 | 320 | 639/3 | जंगल झाडी | गै0 म0 मालिक | 0.004 | महीन्द्र महतो पिता- स्व | उ0- 639/2 द0- 639/4 प0- रास्ता प0- निज |
| 151 | 320 | 639/4 | जंगल झाडी | गै0 म0 मालिक | 0.004 | सलेन्द्र महतो पिता- स्व0 जगदीश प्रसाद महतो | उ0- 639/3 द0- 639/5 प0- रास्ता प0- निज |
| 152 | 320 | 639/5 | जंगल झाडी | गै0 म0 मालिक | 0.004 | रामचरन महतो पिता- स्व0 जगदीश महतो | उ0- 639/4 द0- 639/6 प0- रास्ता प0- निज |
| 153 | 320 | 639/6 | जंगल झाडी | गै0 म0 मालिक | 0.004 | अस्मारक स्व कलीन्द्र महतो | उ0- 639/5 द0- 639/7 प0- रास्ता प0- निज |
| 154 | 320 | 639/7 | जंगल झाडी | गै0 म0 मालिक | 0.004 | जोगेन्द्र महतो पिता- स्व0 महीन्द्र महतो | उ0- 639/6 द0- 639/8 प0- रास्ता प0- निज |
| 155 | 320 | 639/8 | जंगल झाडी | गै0 म0 मालिक | 0.004 | लखन महतो पिता- स्व0 दुखन महतो | उ0- 639/7 द0- 639/9 प0- रास्ता प0- निज |
| 156 | 320 | 639/9 | जंगल झाडी | गै0 म0 मालिक | 0.004 | बाँसी महतो पिता- स्व0 दुखन महतो | उ0- 639/8 द0-639/10 प0- रास्ता प0- निज |
| 157 | 320 | 639/ 10 | जंगल झाडी | गै0 म0 मालिक | 0.004 | दिनेसर महतो पिता- स्व0 सुखदेव महतो | उ0- 639/9 द0- 639/1 प0- रास्ता प0- निज |
| 158 | 247 | 636/1 | टाड़ दो 2 | कायमी | 0.018 | राजेस्वर महतो पिता- स्व0 मंगरू महतो | उ0- 637/2 द0- 636/2 प0- रास्ता प0- निज |
| 159 | 247 | 636/2 | टाड़ दो 2 | कायमी | 0.016 | गपज महतो पिता- स्व- मंगरू महतो | उ0- 636/1 द0- 636/3 प0- रास्ता प0- निज |
| 160 | 247 | 636/3 | टाड़ दो 2 | कायमी | 0.018 | मनोज महतो पिता- रामेशवर महतो | उ0- 636/2 द0- 636/4 प0- रास्ता प0- निज |
| 161 | 247 | 636/4 | टाड़ दो 2 | कायमी | 0.018 | राजेशवर महतो पिता- स्व0 मंगरू महतो वो0 | उ0- 636/3 द0- 627 प0- रास्ता प0- निज |
| 162 | 321 | 522 | कब्रीस्थान | गै0 म0 मालिक | 0.065 | कब्रीस्तान | उ0- 584 द0- 520/1 प0- रास्ता प0- निज |
| 163 | 320 | 903/1 | परती गड़हा0 | गै0 म0 मालिक | 0.110 | गुरू चरन भगत पिता-स्व0 बासुदेव भगत | उ0- रास्ता द0- निज प0- 903/2 प0- रास्ता |
| 164 | 320 | 903/2 | परती गड़हा0 | गै0 म0 मालिक | 0.109 | फुलेसर भरत पिता- स्व0 दुर्गा भगत | उ0- रास्ता द0- निज प0- 903/2 प0- 903/1 |
| 165 | 320 | 903/3 | परती गड़हा0 | गै0 म0 मालिक | 0.109 | नन्द भंगत पिता- स्व0 दुर्गा भगत | उ0- रास्ता द0- निज प0- 903/4 प0- 903/2 |
| 166 | 320 | 903/4 | परती गड़हा0 | गै0 म0 मालिक | 0.109 | विसराम भगत पिता- स्व0 सहदेव भगत | उ0- रास्ता द0- निज प0- 947/1 प0- 903/3 |
| 167 | 320 | 903/5 | परती गड़हा0 | गै0 म0 मालिक | 0.109 | विजय उरांव पिता- स्व0 कानदो उरांव | उ0- 894 द0- रास्ता प0- 897 प0- रास्ता |
| 168 | 320 | 947/1 | परती कदीम | गै0 म0 मालिक | 0.073 | अशोक भगत पिता- स्व0 दुर्गा भगत | उ0-रास्ता द0- निज प0- 947/2 प0- 903/4 |
| 169 | 320 | 947/2 | परती कदीम | गै0 म0 मालिक | 0.073 | रामकिशोर भगत पिता- स्व0 प्रमेशवर भगत | उ0-रास्ता द0- निज प0- 947/3 प0- 947/1 |
| 170 | 320 | 970/1 | परती कदीम | गै0 म0 मालिक | 0.063 | अशेक हजाम पिता- स्व- त्रीबेनी हजा | उ0-रास्ता द0- निज प0- 970/2 प0- 947/3 |
| 171 | 320 | 970/2 | परती कदीम | गै0 म0 मालिक | 0.063 | सुरेश हजाम पिता- स्व0 त्रीबेनी हजाम | उ0-रास्ता द0- निज प0- 970/3 प0- 970/1 |
| 172 | 320 | 970/3 | परती कदीम | गै0 म0 मालिक | 0.063 | सुजाता देवी पति- स्व0 राज कुमार हजाम | उ0-रास्ता द0- निज प0- 970/4 प0- 970/2 |
| 173 | 320 | 970/4 | परती कदीम | गै0 म0 मालिक | 0.063 | अरूण हजाम, पिता- स्व0 सेयमसुन्द्र हजाम | उ0-रास्ता द0- निज प0- 970/5 प0- 970/3 |
| 174 | 320 | 970/6 | परती कदीम | गै0 म0 मालिक | 0.064 | रामेशवर नाथ साहदेव व बदरीनाथ सहदेव पिता- स्व0 लालमोहन नाथ साहदेव | उ0-रास्ता द0- निज प0- 972 प0- 970/5 |
| 175 | 320 | 973 | मकान सहन | कायमी | 0.186 | रामेशवर नाथ साहदेव व बदरीनाथ सहदेव पिता-स्व0 लालमोहन नाथ साहदेव, मंदीर | उ0-972 द0- 975/1 प0- रास्ता प0- निज |
| 176 | 320 | 975/1 | परती कदीम | कायमी | 0.264 | रामेशवर नाथ साहदेव व बदरीनाथ सहदेव पिता-स्व0 लालमोहन नाथ साहदेव, मंदीर | उ0-973 द0- निज प0- 975/2 प0- निज |
| 177 | 320 | 975/2 | परती कदीम | गै0 म0 मालिक | 0.264 | रामेशवर नाथ साहदेव व बदरीनाथ सहदेव पिता- स्व0 लालमोहन नाथ साहदेव, मंदीर | उ0-973 द0- निज प0- 1350 प0- रास्ता |
| 178 | 320 | 975/3 | परती कदीम | गै0 म0 मालिक | 0.263 | विजय साव पिता- स्वस0 विसुन साव | उ0-रास्ता द0- निज प0- 1124 प0- 975/1 |
| | | | | कुल | 4.602 | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा-11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

(नोटः- कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, राँची (अधियाची विभाग) के द्वारा उपरोक्त मौजा हेतु प्राप्त पुनरीक्षित अधियाचना के आलोक में पूर्व के प्रारंभिक अधिसूचना (धारा-11(।)) को विलोपित किया जाता है।)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ह0/- | ह0/- | ह0/- | ह0/- | ह0/- |
| अमीन, जि0भू0अ0का0,राँ | कानूनगो, जि0भू0अ0का0,राँची। | जि0 भू0 अ0 पदा0, राँची। | अपर समाहर्त्ता, राँची। | उपायुक्त, राँची। |

PR 298659 Land Reforms(23-24).D

## 10 वर्ष की सेवा के बाद सैलरी घटने से नाराज हैं कृषि जनसेवक

# आक्रोशित होकर राजभवन के सामने किया प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में कृषि के क्षेत्र में सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में किसानों और कृषि अधिकारियों के बीच सेतु का काम करने में जनसेवक अहम भूमिका निभाते हैं। बीज वितरण से लेकर केसीसी एवं अन्य योजनाओं को धरातल पर उतारने में इनका योगदान होता है। लेकिन इन दिनों राज्य भर के 1500 के करीब कृषि जनसेवक अपने अपने जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन कर रहे हैं। कृषि जनसेवकों का आरोप है कि 10 साल सेवा करने पर वेतन बढ़ने की उम्मीद थी लेकिन यहां तो उल्टा हो गया है। कृषि निदेशक ने 2012 में बहाल जनसेवकों का ग्रेड पे ही 2400 से घटा कर 2000 कर दिया है, कृषि निदेशक के अनुसार ग्रेड पे तय करने में 2012 में भूल हुई थी जिसे सुधारा गया है। राज्य भर के जनसेवक कृषि विभाग के इस कदम से आक्रोशित हो गए हैं।अभी अपने अपने जिले में जनसेवकों ने 11 सूत्री मांगों के समर्थन में आंदोलन शुरू किया है। 31 मई को राजभवन के समक्ष बड़ा राज्यव्यापी प्रदर्शन किया। जनसेवकों ने कहा कि ग्रेड पे को 2400 से घटा कर 2000 करने से उनके हाथ में मिलने वाली राशि 08 से 10 हजार कम हो जाएगी। महंगाई के इस दौर में यह बर्दाश्त करने की स्थिति में कोई भी जनसेवक नहीं है।

## राहे की हरिप्रिया को ऑट्र्स में झारखंड में नौवां स्थान

**राहे।** इंटर ऑट्र्स की परीक्षा में राहे प्रखंड के उरांवडीह गांव की हरिप्रिया रानी ने झारखंड में नौवां स्थान प्राप्त की है। हरिप्रिया झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय की छात्रा है। वह शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है। उसके पिता का नाम अतुल कुमार महतो है जो खेतीबाड़ी करते हैं और रोजगार के लिए एक दुकान में डेली मजदूरी पर काम करते हैं। माता यशोदा देवी गृहिणी हैं। एक भाई और एक बहन है जो गांव के ही सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं। हरिप्रिया सामाजिक कार्यों में रुचि रखती है। कोरोना काल में अपने हुनर से घर के कपड़े से मास्क बनाकर बांट चुकी है। वह अपनी वार्डेन परमेश्वरी कुमारी के मार्गदर्शन में कोलकाता के साइंस विज्ञान प्रतियोगिता में बिरला प्रोद्योगिकी संस्थान में झारखंड राज्य के लिए इनाम जीत चुकी है। हरिप्रिया रानी अपनी सफलता का श्रेय वार्डेन और गुरुजनों को देती है।

# सीटू का 53वां स्थापना दिवस मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मंगलवार को झारखंड सहित पूरे देश में सीटू का स्थापना दिवस आयोजित कर शासक वर्ग और उसकी विनाशकारी नीतियों के खिलाफ मजदूर वर्ग की एकता को और सशक्त किए जाने का संकल्प लिया गया। सीटू अपने स्थापना काल से ही देश के श्रमिकों के अधिकारों, ट्रेड यूनियन आंदोलन में सुधारवादी रुझानों और अंतर्राष्ट्रीय मजदूर आंदोलन में वर्ग संघर्ष की जगह वर्ग सहयोग की कोशिशों के खिलाफ लगातार संघर्ष करता रहा है। सीटू हमेशा मजदूर वर्ग की एकता का पक्षधर रहा है। आज पूरे देश में बने ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच का सीटू का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सीटू अपने 53 वें स्थापना दिवस पर इस बात का एलान करता है कि वह आज देश के सामने खड़ी चुनौतियों जिसमें सांप्रदायिक - कार्पोरेट गठजोड़ का बढता हमला और नवउदारीकरण की विनाशकारी नीतियां जो मजदूर वर्ग की एकता को कमजोर करने और हमारी देश की आर्थिक व राजनीतिक संप्रभुता के लिए बड़ा खतरा है का डटकर मुकाबला करेगा। सीटू के राज्य मुख्यालय को अबतक प्राप्त सूचना के अनुसार झारखंड के कोयला और इस्पात उत्पादन के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों समेत सुदूर संताल परगना के पत्थर खदानों और ग्रामीण इलाकों के बीडी, निर्माण और मनरेगा श्रमिकों के बीच सीटू का स्थापना दिवस आयोजित किया गया। राजधानी रांची मे सीटू के राज्य कार्यालय सहित सीसीएल,मेकौन, आईआईसीएम, सीआईपी और एचईसी के हटिया मजदूर युनियन के कार्यालय मे स्थापना दिवस के अवसर पर सीटू का लाल झंडा फहराया गया और सभा की गयी।

## स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के लिए हुई चयन परीक्षा, 12 जून से नामांकन

रांची। स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में नामांकन के लिए मंगलवार को रांची सहित पूरे राज्य में चयन परीक्षा हुई। प्रथम मेधा सूची का प्रकाशन 7 जून को होगा। 12 जून से मेधा सूची के अनुसार नामांकन शुरू होगा। राज्य में अभी कुल 80 आदर्श विद्यालय में इस सत्र से पढ़ाई शुरू हो रही है। जिसमें कुल 11986 सीटे हैं। इसके लिए 40 हजार आवेदन आये। इसको लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुशी जाहिर की है और सभी को बधाई दी है। बताया गया कि इसके बाद प्रखंड और पंचायत स्तर पर आदर्श विद्यालय शुरू किए जाएंगे, जिसकी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन हेतु देवघर से सबसे अधिक 4241 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसके बाद पलामू से 3524, रांची से 2766, लोहरदगा से 2637, चतरा से 2391 पूर्वी सिंहभूम से 1996, सरायकेला खरसावां से 1929, एवं हजारीबाग से 1859 आवेदन प्राप्त हुए हैं। अभिभावकों की मांग को देखते हुए उत्कृष्ट विद्यालयों में आवेदन जमा करने की समय सीमा 25 मई 2023 तक बढ़ाई गई थी।

## गंगा दशहरा के अवसर पर करम टोली तालाब में हुई गंगा आरती

# पंच शंख ध्वनि से गुंजयमान हुआ वातावरण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एकल अभियान की युवा इकाई एकल फ्यूचर रांची महानगर द्वारा मंगलवार को 'गंगा दशहरा' के पावन अवसर पर रांची के बरियातु करमटोली चौक स्थित करम टोली तालाब पर मां गंगा आरती का आयोजन संध्याकालीन किया गया। इस अवसर पर करम टोली तालाब के घाट को पुष्पों एवं दीयों से सजाया गया। रंगोली की गई। सैकड़ों युवाओं ने गोबर से निर्मित एवं घी से प्रज्ज्वलित दीये को अपने हथेली पर रखकर गंगा मां की आरती की। पांच बहनों द्वारा पंच शंख ध्वनि से वातावरण गुजंयमान हो उठा। इसके साथ-साथ पांच बहनों के अगुवाई में सामुहिक गंगा मां की आरती सस्वर वाद्य यंत्रो के माध्यम से की गई। जबकि एकल श्री हरि कथा के व्यास कथाकारों द्वारा भजन प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर एकल अभियान के केन्द्रीय अभियान प्रमुख डा. ललन कुमार शर्मा, वनवंधु परिषद् रांची चैप्टर के अध्यक्ष श्री रमेश धरनी धरका, जे.सी.आई के अनीता अग्रवाल ने गंगा दशहरा पर अपना विचार व्यक्त किए। इसके पूर्व श्री गंगा दशहरा उत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन द्वीप प्रज्ज्वलन, ऊंकार, गायत्री मंत्र हनुमान चालीसा का पाठ सामुहिक रूप से किया गया एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर वनवंधु परिषद श्रीहरि सत्संग समिति, एकल ग्रामोत्थान, एकल अभियान एवं एकल ग्राम संगठन के पदाधिकारी एकल फ्यूचर के कार्यकर्ता, एकल फ्यूचर रांची महानगर के अध्यक्ष श्री प्रशांत कुमार सिंह, अमरेंद्र विष्णुपुरी, संजय साहू, शशीकांत, हिमांशु दूबे, श्वेता सिंह, पूजा केशरी, पल्लवी, डा0 पूजा, डा0 वरूण, अमन कुमार, आयुष तिवारी, अंकित कुमार, सुमित पोद्दार, उषा जलान, राज कुमारी जैन, दीपक अग्रवाल, मुकेश अगरवार संघ नगर संचालक पवन मंत्री आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

## निधि आपके निकट 2.0 जिला संपर्क कार्यक्रम का आयोजन

**रांची।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन रांची और सेल रांची यूनिट ने साथ मिलकर श्यामली कॉलोनी स्थित सेल आरडीसीआईएस के लेक्चर हाल में निधि आपके निकट 2.0 जिला संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें कर्मचारी भविष्य निधि से जुड़े फायदे, आवश्यकता और प्रक्रिया संबंधी जानकारी दी गयी। ईपीएफओ के अधिकारियों ने बताया कि भविष्य निधि, पेंशन और कर्मचारी जमा लिंक्ड बीमा योजना की नवीनतम जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट तथा विभिन्न सोशल मीडिया प्लैटफार्म से जुड़ें। इसके साथ साथ ईपीएफओ की उमंग एप्प से मोबाइल में भी इसकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में ईपीएफओ की तरफ से एक हेल्प डेस्क बनाया गया। सेल यूनिट के कर्मचारी के साथ संविदा पर कार्यरत कर्मियों की समस्या को सुलझाया गया। कार्यक्रम में ईपीएफओ दिल्ली से रीजनल पीएफ कमिश्नर राजेश पांडे, लल्लन प्रसाद यादव, राजीव कुमार के साथ सेल रांची यूनिट के पीएंडए विभाग से जीएम असित कुमार महंती, आलोक कुमार, ब्रिज किशोर, सीएस नारायण और सौरभ झा उपस्थित थे।

# फायरिंग मामले में हथियार बरामद करने में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के लेक रोड में पारिवारिक विवाद में सोमवार रात हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने साहेब उर्फ ताल्हा को गिरफ्तार किया है। मंगलवार दोपहर को पुलिस आरोपित युवक को लेकर बड़ा तालाब पहुंची और फायरिंग किये हुए पिस्टलको बरामद करने में जुटी है । युवक की निशानदेही पर बड़ा तालाब में हथियार खोजने का प्रयास किया गया, लेकिन हथियार बरामद नहीं हुआ। आरोपित युवक का कहना है कि फायरिंग की घटना को अंजाम देने के बाद वह बड़ा तालाब में पिस्टल फेंककर फरार हो गया था। दो पक्षों में पारिवारिक विवाद चल रहा था, जिसको लेकर ही गोलीबारी हुई थी। इस संबंध में पीड़ित मोहम्मद इरफान ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज करवायी है। दर्ज एफआईआर के अनुसार, परिवारिक विवाद को लेकर जान से मारने की नियत से साहेब उर्फ ताल्हा हथियार लेकर पहुंचा था और घर पहुंच कर दो से तीन राउंड फायरिंग की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया था।

## बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

# सांसद निशिकांत दूबे को नहीं मिल रही वाई प्लस सुरक्षा : बाबूलाल मरांडी



**नवीन मेल संवादददाता। रांची**

भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे की सुरक्षा को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के गोड्डा सांसद को वाई प्लस सुरक्षा देने का निर्देश दिया है, लेकिन राज्य में उन्हें वाई प्लस सुरक्षा घेरा नहीं मिल रहा है। ऐसे में इस मामले में भाजपा विधायक दल के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। इससे पहले निशिकांत दूबे ने सुरक्षा नहीं मिलने पर डीसी देवघर व राज्य सरकार की भूमिका पर सवाल उठाए थे। बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को लिखा- पहले हो चुकी है कई सांसद विधायकों की हत्या

पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने निशिकांत दूबे की सुरक्षा नहीं मिलने को काफी गंभीर माना है। उन्होंने सीएम को लिखा है कि निशिकांत दूबे को वाई प्लस सुरक्षा देने का आदेश का अनुपालन बीते सालों से नहीं हो रहा है। बाबूलाल ने लिखा है कि झारखंड में राजनीतिक हिंसा का इतिहास रहा है। पूर्व में भी कई सांसद, विधायकों की हत्या हो चुकी है, वहीं कईयों पर जानलेवा हमला भी हुआ है। बाबूलाल ने लिखा है कि सुरक्षा की कमी की कई शिकायतें व पूर्व की घटनाओं से यह प्रतीत होता है कि निशिकांत दूबे की सुरक्षा नहीं देने की साजिश से उन्हें जान माल का नुकसान हो सकता है। बाबूलाल ने लिखा है कि इससे पहले की काई अनहोनी हो उन्हें पूरी सुरक्षा दी जाए अन्यथा पूरी जिम्मेदारी देवघर डीसी, जिला प्रशासन व राज्य सरकार की होगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने लिखा है कि जनप्रतिनिधि व प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। बाबूलाल मरांडी ने केंद्रीय गृह मंत्रालय का संबंधित पत्र भी सीएम को भेजा है।

# रांची जिला ग्रीष्मकालीन मलखंब प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला मलखंब एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय निःशुल्क ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर मंगलवार को संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण धुर्वा के सेक्टर दो स्थित बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय में किया गया था। इस दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन मलखंब प्रशिक्षण शिविर में पूरे रांची जिले से लगभग सत्तर बालक -बालिकाओं को मलखंब खेल के तहत पोल मलखंब,रोप मलखंब, हैंगिंग मलखंब एवं पिरामिड का बारीकी से अभ्यास कराया गया। सर्वप्रथम सभी खिलाड़ियों को जेनरल वार्मअप के बाद जमीन पर सभी प्रकार के योगासन का अभ्यास एवं सूर्य नमस्कार के माध्यम से खिलाड़ियों के शरीर को लचीलापन बनाने पर ज्यादा जोर दिया गया। तत्पश्चात सभी खिलाड़ियों को पोल,रोप, हैंगिंग मलखंब का बेसिक जानकारी दी गई। साथ ही एक एक कर कौशल्य की जानकारी देते हुए अभ्यास कराया गया। प्रतिदिन सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण मुख्य प्रशिक्षक अजय झा, राष्ट्रीय खिलाड़ी विवेक कुमार,अनुशिखा कुमारी, रशिम कुमारी, नवनियुक्त प्रशिक्षित शारीरिक शिक्षा शिक्षक पूनम एक्का, अनीता कुमारी, राजीव उरांव, जयंती एक्का, कुलदीप सोरेंग ने पूर्ण रूप से सहयोग किया। समापन समारोह के अवसर पर रांची जिला मलखंब एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय झा, रांची जिला मलखंब संघ के महासचिव आशुतोष द्विवेदी एवं खेल प्रेमी अमीत साहू ने संयुक्त रूप से सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## भाजपा कार्यालय में भाजयुमो की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

# भारतीय जनता युवा मोर्चा पार्टी की रीढ़ हैं : दीपक प्रकाश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक मंगलवार को हुई। भाजयुमो की बैठक को संबोधित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा युवा मोर्चा पार्टी की रीढ़ है। युवा जो कर सकता है वह कोई नहीं कर सकता। श्री प्रकाश ने कहा इस बैठक में हम सभी एकत्रित खास अभियान के लिए हुए हैं। 2024 में पुनः हमे केंद्र में मोदी की सरकार बनानी है। अगर भारतीय जनता पार्टी कमजोर होगी तो देश कमजोर होगा, युवाओं से आग्रह है कि पार्टी को मजबूत करने में अपनी सहभागिता निभाएं। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं में असीम शक्तियां छिपी हुई है। जरूरत है उन शक्तियों को जागरूक करने की। केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार के 9 वर्ष पूरे हो चुके हैं। देश हित में लाए गए योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना हम सब का उद्देश्य होना चाहिए । इस कार्य के लिए मोर्चा अपनी अहम भागीदारी निभा सकती है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य रोहित सहगल ने कहा कि मैं पहली बार भगवान बिरसा की धरती पर आया हूं। बतौर अतिथि ऐसे कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाने पर उन्होंने झारखंड प्रदेश भाजयुमो की टीम को साधुवाद किया। वहीं भाजयुमो के प्रदेश प्रभारी विनय जायसवाल ने कहा हम सब युवाओं का दायित्व है कि देश की सेवा में अपनी भूमिका निभाएं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो सपना देखा है, उस सपने को साकार करने में भारतीय जनता युवा मोर्चा अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता प्रदान करे। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि आजादी के इस अमृत महोत्सव में मोदी सरकार के 9 वर्ष के कार्यकाल पूरे होने पर महाजनसंपर्क अभियान का हिस्सा बनने जा रहे हैं। मोर्चा का एक-एक कार्यकर्ता केंद्र के कल्याणकारी योजनाओं को डोर टू डोर जाकर जनता को बताने का काम करेगी। हमें गर्व है कि हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं और आजीवन पार्टी में रखकर निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करते रहेंगे। कार्यसमिति की बैठक में मंच संचलान महामंत्री रूपेश सिन्हा एवं मनीष दुबे ने की।

## प्रयोग नहीं | रांची के लोगों को 60 हजार रुपए वाली साइकिल भी नहीं आई पसंद

# इस्तेमाल नहीं होने के अभाव में जर्जर हो रही साइकिल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गाड़ियों और उद्योगों से निकलने वाले धुएं से राजधानी की फिजा बदल रही है। इससे पर्यावरण में जहरीली गैसें घुल रही है। इससे यहां के तापमान में भी वृद्धि महसूस की जा रही है। पहले रातों का मौसम जहां सुहावना रहता था वहीं अब गर्मी अधिक लगने लगी है। इसके अलावा इन गैसे का लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बढ़ जाती है। इससे बचने के लिए लोगों को इंधन वाले वाहन को छोड़ साइकिल इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। रांची में इसके लिए योजना भी बनाई गई और कई साइकिल भी खरीदे गए। इनमें एक साइकिल की कीमत करीब 60 हजार रुपए थी। हालांकि लोगों को ये साइकिल पसंद नहीं आई और उन्होंने इसका इस्तेमाल नहीं किया। अब आलम ये है कि साइकिल रखे रखे खराब हो रहे हैं।

**लोगों ने लगाए ये आरोपः** साइकिल उपयोग करने वाले स्थानीय लोगों ने बताया कि शुरूआत के दिनों में साइकिलिंग के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा था, क्योंकि उस समय आसानी से साइकिल उपलब्ध हो जाते थे। लेकिन धीरे-धीरे व्यवस्था चौपट होती गई और जब लोग साइकिल लेने जाते थे तो उन्हें साइकिल तो नहीं मिल पाता था। यदि कोई एक-दो साइकिल मिल जाए तो उसकी स्थिति भी काफी खराब रहती थी। जिस वजह से स्थानीय लोग धीरे-धीरे साइकिल का उपयोग करना बंद कर दिए।मंगवाए गए थे 800 साइकिलः वाहनों से निकलने वाली खतरनाक गैस से बचने के लिए साइकिलिंग को बढ़ावा दिया गया था। इसके रघुवर सरकार में तत्कालीन मंत्री सीपी सिंह ने राजधानी में 700 से 800 साइकिल मंगावाए थे। खराब व्यवस्था की वजह से साइकिलिंग का उपयोग करना लोग बंद कर दिया है। सभी साइकिल जर्मन बेस्ड कंपनी की है। शुरूआत के दिनों में लोगों का झुकाव साइकिलिंग के प्रति जरूर बढ़ा लेकिन साइकिलिंग को पूरी तरह राजधानी के लोगों ने अपने जीवन के कार्यकलापों में नहीं उतार पाएं।

**साइकिलिंग बेहतर विकल्पः** राज्य के पूर्व मंत्री व रांची विधायक सीपी सिंह बताते हैं कि वर्ष 2018 में जब वह नगर विकास विभाग के मंत्री थे तब उस वक्त स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत राजधानीवासियों को साइकिलिंग की सुविधा मुहैया कराई गई थी। शहर के विभिन्न जगहों पर 60 साइकिल स्टैंड भी बनाए गए ताकि लोग आसानी से एक जगह से दूसरे जगह जा सके। इससे सिर्फ वातावरण ही स्वच्छ नहीं होता बल्कि लोगों को जाम की समस्या से भी निजात मिलता है। पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए साइकिलिंग एक बेहतर विकल्प है।

## हथियार के बल पर फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से डेढ़ लाख की लूट

**रांची।** तरंगा पंचायत के हर्रा ईंट भट्ठा के पास हथियार के बल पर तीन अपराधियों ने एक निजी फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से लगभग डेढ़ लाख रुपए लूट लिए। घटना मंगलवार को दिन के ढाई बजे की है। बताया जाता है कि निजी फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी बुढ़मू प्रखंड के बनगंवा और हथनई से पैसे वसूल कर बाइक से बीजूपाड़ा लौट रहा था। इसी बीच ईंट भट्ठा भट्ठा के पास अपाची बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने उसे ओवरटेक कर रोका और हथियार के बल पर रुपये से भरा बैग और उसका मोबाइल लूटकर फरार हो गए। कर्मचारी महिला समूहों के बीच लोन बांटता है और प्रत्येक मंगलवार को वसूली करने के बाद लौट जाता है। इस बात की जानकारी अपराधियों को पहले से थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस उस कर्मचारी के साथ आसपास के इलाकों में अपराधियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी कर रही थी।

## परीक्षा को लेकर नौ जून तक निषेधाज्ञा लागू




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में डिप्लोमा-इन-फामेर्सी की परीक्षा नामकुम स्थित वाईबीएन यूनिवसिटी में 30 मई से नौ जून तक आयोजित है। परीक्षा प्रत्येक दिन प्रथम पाली नौ बजे पूर्वाह्न से 12 बजे मध्याहन तक और द्वितीय पाली दो बजे अपराह्न से पांच बजे अपराह्न तक होगी। परीक्षा के मद्देनजर इस दौरान सुबह छह बजे से अपराह्न आठ बजे तक निषेधाज्ञा लागू की गयी है। जिला प्रशासन की ओर से परीक्षा केंद्र पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था को लेकर डीसी और एसएसपी की ओर से पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा में संलग्न छात्र एवं उनके अभिभावक परीक्षा केन्द्र पर भीड़ लगाकर विधि-व्यवस्था भंग करने की चेष्टा कर सकते हैं। इस आशंका को देखते हुए एसडीओ सदर की ओर से धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए परीक्षा केन्द्र के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गयी है। जारी निषेधाज्ञा में पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होने पर पांबदी रहेगी। साथ ही इस दौरान वहां किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करने, किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने और किसी प्रकार की बैठक करने एवं किसी भी प्रकार सभा का आयोजन करना वर्जित रहेगा।

## NEWS इन ब्रीफ

### झामुमो की बैठक में सदस्यता अभियान पर चर्चा

**खूंटी।** कर्रा प्रखण्ड के के जलटंडा ग्राम में मंगलवार को झामुमो किसान मोर्चा की हुई बैठक में राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय समिति सदस्य हेमन्त तोपनो ने की। बैठक में पार्टी का जयगरुकता अभियान चलाने और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का निर्णय लिया गया। मौके पर केन्द्रीय समिति सदस्य सह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुशील पहान, प्रकाश मुण्डा, बीरेन्द्र कुमार, धुनसुली पंचायत अध्यक्ष रूपचंद कंडुलना, कर्रा प्रखण्ड उपाध्यक्ष सामुएल सांगा, जॉर्ज सांगा आदि उपस्थित थे।

### चेन्नई सुपर किंग्स की जीत पर मुख्यमंत्री ने कप्तान धोनी को दी बधाई

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आईपीएल में महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स की जीत पर खुशी जताई है। साथ ही कप्तान एमएस धोनी को जोश भरे अंदाज में बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट कर चेन्नई सुपर किंग्स की जीत पर कप्तान एमएस धोनी को सराहते हुए लिखा है कि झारखंड का लाल, तमिलनाडु के आंखों का सितारा, रांची का राजकुमार, चेन्नई का थाला, जुग-जुग जियो झारखंडी शेर। आपकी कामयाबी पूरे देश की जीत है। यह देश की अनेकता में एकता का प्रमाण है।

### रेल राज्यमंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे 14 जून को पहुंचेंगे चाईबासा

**रांची।** केंद्रीय रेल राज्यमंत्री राव साहेब पाटिल दानवे दो दिवसीय चाईबासा दौरे पर 14 जून को पहुंचेंगे। यह जानकारी भाजपा के जिला अध्यक्ष सतीश पुरी ने दी। उन्होंने बताया कि आगामी 14 जून और 15 जून को राव साहेब दानवे जिले में पूर्व से पार्टी के निर्धारित संगठनात्मक कार्यक्रमों में लेंगे। इस दौरान कार्यकताओं को संगठन की संरचना एवं महा जनसंपर्क अभियान को रेल राज्य मंत्री मार्गदर्शीत करेंगे। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं से मिलकर आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए रणनीति बनाते हुए कार्यकर्ताओं को उत्साहित करेंगे।

### देवघर में 69 लोगों का ड्राइविंग लाइसेंस रद्द

**देवघर।** शहरी परिवहन, यातायात एवं सड़क सुरक्षा की समीक्षा बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग माध्यम से हुई, जिसमें जिले के तमाम वरीय अधिकारी सम्मिलित हुए। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा नियमों के शत-प्रतिशत अनुपालन को लेकर लगातार जागरुकता अभियान जिले में चलाया जा रहा है। इस कड़ी में सड़क सुरक्षा के नियमों की अनदेखी करने पर 01 मई से 30 मई तक कुल 69 ड्राइविंग लाइसेंस को रद्द किया गया है।

## विकास योजना में बर्बादी की बानगी बगोदर सीएचसी

# करोड़ों की लागत से बना अस्पताल होने लगा जर्जर



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

बगोदर प्रखंड मुख्यालय करोड़ों की लागत से यहां एक दशक पूर्व 30 बेड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण हुआ था। अस्पताल उद्घाटन की मांग को लेकर धरना- प्रदर्शन तक किया गया था। साल 2017 में तत्कालीन विधायक नागेंद्र महतो के द्वारा अस्पताल का उद्घाटन किया था। उद्घाटन के 6 साल और निर्माण कार्य के 10 साल हो गए हैं। इतने कम समय में अस्पताल की जो हालात हो गई हैं उसे देखकर कोई भी यही कहेगा कि निर्णय कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी की गई है। महज दस साल में अस्पताल का भवन जर्जर होने लगा है। भवन की दीवार कुछ जगहों पर क्रैक कर गयी है। सिलिंग कई जगहों पर टूटकर गिर गई है। इतना हीं नहीं खिड़की और दरवाजे भी क्षतिग्रस्त होने लगे हैं। ऐसे में यहां कार्यरत स्वास्थ्य डरे-सहमे रहते हैं। छत का सिलिंग टूटकर गिरने की संभावना से स्वास्थ्य कर्मी डरे-सहमे रह रहे हैं। अस्पताल भवन की जर्जर स्थिति से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ। विनय कुमार के द्वारा सीएस को पत्र लिखकर मामले से अवगत कराते हुए भवन की मरम्मती कराए जाने की मांग की गई है।गौरतलब है कि इसी अस्पताल परिसर में जिले का इकलौते ट्रॉमा सेंटर का भी संचालन होता है। इसी साल ट्रॉमा सेंटर का भी उद्घाटन हुआ है। जिस परिसर में ट्रॉमा सेंटर का संचालन होता है, उसी के दो मंजिलें भवन का सिलिंग टूटकर गिरता रहता है। साथ हीं दीवार में भी दरारें आईं। यहां यह भी बता दें कि दो साल पूर्व भी इस अस्पताल के भवन की रंगाई- पुताई लाखों रुपये की लागत से की गयी थी और वर्तमान में बी ब्लॉक के भवनों की मरम्मती और रंग- रोगन का कार्य चल रहा है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार बताते हैं कि ए, बी और सी तीन ब्लॉक में अस्पताल में स्थित है। उन्होंने तीनों ब्लॉक के भवनों की मरम्मती की आवश्यकता पर जोर दिया है। बहरहाल मामला चाहें जो भी हो इतने कम समय में भवन का जर्जर होना निर्माण कार्य में बरती गई अनियमितता को उजागर करता है। ऐसे में विकास कार्यों के निर्माण में विभाग के साथ - साथ आमजनों की निगरानी की जरूरत है। ताकि प्राक्कलन के तहत विकास का कोई भी कार्य बेहतर हो सके।

### नीतू देवी रांची महानगर महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष मनोनीत

**रांची।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमिटी के अनुमोदन के उपरांत झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष गुंजन सिंह ने नीतू देवी को रांची महानगर महिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर हाथों से नवनियुक्त रांची महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीतू देवी को मनोनयन पत्र सौंपा गया। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने नीतू देवी से आशा व्यक्त की है कि आप संगठन को मजबूत बनाते हुए महिला कांग्रेस कमिटी को अपनी कर्तव्यनिष्ठा से और अधिक बढ़ायेंगे और राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष नेटा डिजूसा एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगी। नवनियुक्त रांची महानगर महिला कांग्रेस कमिटी नीतू देवी ने राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष नेटा डिजूसा, प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं पूरी ईमानदारी पूर्वक अपनी जिम्मेवारी का निर्वह्न करूंगी तथा कांग्रेस पार्टी की विचारों को जन-जन तक पहुंचाते हुए पार्टी में नये-नये लोगों को जोड़ने का काम करूंगी।

## दूसरे गांव के कुएं में मिली नाबालिग

# निकालने के कुछ देर बाद हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

बिरनी थाना इलाके के एक गांव की नाबालिग अपने घर से लगभग दो किमी दूर कुआं में मिली है। कुआं में जीवित मिली लड़की को स्थानीय लोगों ने निकाला और परिजनों को सौंप दिया। हालांकि इसके कुछ देर बाद लड़की की मौत हो गई। इस मामले के बाद लड़की के परिजन इसे हत्या और दुष्कर्म से जोड़ रहे हैं। हालांकि जिस गांव में लड़की कुआं से मिली है वहां के कुछ लोग कह रहे हैं कि लड़की खुद ही कुआं में कूदी थी। मामला प्रेम प्रसंग से भी जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बताया जाता है कि रविवार की मध्य रात्रि को लड़की शौच के लिए कहकर घर से निकली और फिर वापस नहीं लौटी। कुछ घंटों के बाद लड़की के घरवालों को यह पता चला कि उसकी बेटी कुआं में गिरी हुई है जिसे स्थानीय लोगों ने निकाला है। परिजनों को लड़की सौंप दी गई। थोड़ी देर बाद लड़की की मौत हो गई। इस घटना को लेकर लड़की के परिजनों द्वारा गंभीर आरोप लगाया गया है। लड़की के परिजनों का कहना है कि उनकी नाबालिग बेटी को बहला फुसला कर बुलाया गया और उसके साथ गलत किया गया।

# बेड़ो में आगजनी से पीड़ित परिवार से मिलीं विधायक, दी सामग्री



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड के लेड़ाटोली गांव में आगजनी से पीड़ित दोनों परिवार से मिलने मंगलवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की पहुंचीं। उन्होंने पीड़ित परिवार के लोगों को सांत्वना दिया। साथ ही जरूरत का सामान दिया। उन्होंने पीड़ितों को सरकार व प्रशासन से मिलने वाली हरसंभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।उन्होंने कहा कि घटना बहुत दुखद है। ज्ञात हो कि सोमवार को लेड़ाटोली गांव में अगलगी से सोमे उरांव व बंधना उरांव का सामान जलकर राख हो गया था। वहीं मौके पर जिप सदस्य बेरोनिका एक्का, मोदस्सीर हक,करमा उरांव,संजय कच्छप व इम्तियाज समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## साहिबगंज में गंगा दशहरा को लेकर रही धूम

# हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



**नवीन मेल संवाददाता। साहिबगंज**

गंगा दशहरा के अवसर पर गंगा स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी है। लोग स्नान कर पूजा पाठ में मग्न हैं। महिला गंगा किनारे दीप जलाकर पूजा अर्चना कर आम, नारियल, सुपाड़ी, पान गंगा में दान कर पुण्य का भागी बन रही हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों में भी देखी जा रही है। लोग भगवान शंकर और नंदी को जल अर्पण कर रहे हैं। जिला के राजमहल अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न गंगा घाट और जिला मुख्यालय के मुक्तेश्वर गंगा घाट, ओझा टोली घाट, चानन घाट, कबूतर खोपी घाट, गोपालपुल घाट भी लोग की भीड़ देखी जा रही है। सुर्योदय के पहले से लोगों की भीड़ देखी जा रही है। सुरक्षा का भी खास ख्याल देखा जा रहा है। पुराणों में ऐसा माना जाता है कि गंगा दशहरा के अवसर पर मां गंगा का अवतरण भगवान शंकर के जटा से हुआ था। इस दिन भगवान विष्णु और मां गंगा को खुश करने लिए लोग स्नान कर गरीब लोगों को दान पुण्य कर अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए कामन कर रहे हैं।गंगा दशहरा के अवसर पर जिला प्रशासन की तरफ से शाम को गंगा आरती का आयोजन किया जा रहा है। गंगा के संरक्षण, संवर्धन और जागरुकता को लेकर मुक्तेश्वर गंगा घाट पर शाम के तीन बजे से लेकर रात के नौ बजे तक कार्यक्रम किया जाएगा। यह कार्यक्रम नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत किया जा रहा है। सारे खर्च इस फंड से किया जा रहे हैं।गंगा स्नान करने गई छात्रा डुबीः एक तरफ लोग गंगा दशहरा पर पूजा अर्चना कर पुण्य का भागी बन रहे हैं, वहीं एक 8 साल की लड़की गंगा में डूब गई। लड़की का नाम खुशी है। वो राजमहल के तालझारी थाना अंतर्गत पुरानी भट्टा निवासी प्रभु पंडित की बेटी थी। हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया है। बताया जाता है कि खुशी अपनी मां के साथ गंगा स्नान करने गई थी। भीड़ अधिक थी। मां का ध्यान हट गया और पूजा पाठ करने लगी। इस बीच बेटी पर ध्यान गया तो पाई की बेटी कही नहीं है। मां की चीत्कार सुनकर लोग पानी में खोजने लगे। करीब दो घंटा के बाद लोगों के प्रयास से गंगा नदी से लड़की निकाली गई। बच्ची गहरी पानी में जाने से डूब गई थी। परिजन तत्काल साहिबगंज अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। तालझारी पुलिस ने बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया है।

## बीजेपी के संपर्क से समर्थन अभियान की हुई शुरूआत

# पार्टी का हर कार्यकर्ता लोगों के दरवाजे तक जायेंगे



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की बीजेपी सरकार ने नौ साल पूरे कर लिए हैं। इसे लेकर पार्टी देश भर में उत्सव मना रही है। वहीं दूसरी ओर 2024 की तैयारी को लेकर मंगलवार से बीजेपी संपर्क से समर्थन अभियान की शुरूआत कर दी है। बता दें कि बीजेपी का यह संपर्क अभियान एक महीने तक चलेगा। तीस मई से शुरू होकर इस अभियान की समाप्ति 30 जून को होगी। भाजपा कार्यकर्ता संपर्क अभियान के जरिए समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेंगे। लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। इसके साथ ही राज्य के हेमंत सोरेन सरकार की पोल भी खोलेंगे। बीजेपी कार्यकर्ता लोगों को बताएंगे कि किस तरह राज्य सरकार उन्हें बेवकूफ बना रही है। उन्हें झूठे वादे कर रही है। बीजेपी कार्यकर्ता संपर्क अभियान तहत घर-घर जाकर लोगों से मिलेंगे। उन्हें केंद्र सरकार की उपलब्धि और योजनाओं के बारे में तो बताएंगे ही, इसके साथ ही योजनाओं का लाभ पहुंचाने का भी काम करेंगे। संपर्क अभियान को लेकर राज्य से लेकर जिलास्तर तक पार्टी पदाधिकारियों के सथ बैठक हो चुकी है। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि पार्टी कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और उन्हें पिछले 9 साल की उपलब्धि और उनसे जुड़ी योजनाओं की जानकारी दें। इसके साथ ही यह भी बताएं कि आने वाले समय में उनको किस तरह की योजना मिलेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से कहा है कि वो हर घर तक पहुंच कर लोगों से संपर्क साधे। जिससे कि 2024 में फिर एकबार बीजेपी की जीत सुनिश्चित हो।

### उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 37309 विद्यार्थी हुए शामिल

**रांची ।** उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 37309 विद्यार्थी शामिल हुए ।जमशेदपुर निवासी रूबी दास को भी अब उम्मीद है। उनकी बेटी अंजना दास भी इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ाई कर सकेगी। रूबी दास अपनी होनहार बेटी को आर्थिक समस्या की वजह से सीबीएसई संबद्धता प्राप्त स्कूल में पढ़ाई कराने में सक्षम नहीं थी। लेकिन मुख्यमंत्री के पहल पर शुरू की गई उत्कृष्ट विद्यालयों ने बेटी को अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्राप्त करने का रास्ता साफ कर दिया। यह कहते हुए रूबी दास का गला रूंध जाता है। ऐसे ही हजारों अभिभावकों के सपने आज आकार ले रहें। जब उनके बच्चे सरकार द्वारा शुरू किए गए उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन हेतु मंगलवार को पूरे राज्य के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित चयन परीक्षा में शामिल हुए।

# खूंटी में 'मन का मिलन' पखवाड़ा अभियान शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्यप्रकाश के मार्गदर्शन में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रांगण में मध्यस्थता पर आधारित मन का मिलन पखवाड़ा के तहत विशेष जागरुकता सह सहायता शिविर सह परामर्श अभियान चलाया गया। इसकी शुरूआत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्यप्रकाश, अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, एसडीजेएम दिनेश बाउरी और डीएसपी मुख्यालय जयदीप लकड़ा संयुक्त रूप से प्रज्ज्वलित कर किया। बताया गया कि झालसा के निर्देश पर 29 मई से 14 जून तक मध्यस्थता के माध्यम से सभी प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जाएगा। सभी प्रखंडों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसका प्रचार-प्रसार जोरों से चल रहा है। डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि खूंटी जिला वासियों के लिए यह बहुत सुनहरा अवसर है। आम लोग अपना विवाद का निशुल्क और त्वरित निष्पादन करा सकेंगे। इसमें न किसी की हार होगी न किसी की जीत। डालसा के निर्देश पर 29 से 31 मई तक ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें मध्यस्थता के नए आयाम एवं तौर तरीकों के बारे में जानकारी दी जा रही है।

## हिम्मत | चोरों ने दिया दुस्साहस का परिचय

# बैंक ऑफ इंडिया का तोड़ा ताला, पुलिस को हवा तक नहीं लगी



**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**

जिले के सरायकेला थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलाबीरा ओपी के ठीक सामने सोमवार की देर रात चोरों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए बैंक ऑफ इंडिया में चोरी का प्रयास किया। चोरों ने ओपी के ठीक सामने स्थित बैंक के ग्रिल का ताला तोड़ने का भरसक प्रयास किया। लेकिन पुलिस को भनक तक नहीं लगी। जानकारी के अनुसार, सोमवार देर रात चोरों ने कोलाबीरा बैंक ऑफ इंडिया के मेन गेट का ताला तोड़ने का भरसक प्रयास किया, हालांकि चोर अपने मंसूबे में सफल नहीं हो सके। चोरों ने छत की ग्रिल का ताला तोड़ बैंक में प्रवेश किया। लेकिन बैंक मैनेजर के अनुसार चोर संभवत कुछ भी चुरा नहीं सके। मामले के संबंध में जानकारी देते हुए बैंक मैनेजर सुष्मिता साहू ने बताया कि मंगलवार तड़के सुबह 4:30 बजे उन्हें बैंक के पास रहने वाले कर्मचारियों ने चोरी संबंधित मामले की सूचना दी। जिसके बाद वे मौके पर पहुंची, उन्होंने पाया कि मेन गेट का ताला टूटा है और छत से चोरों ने बैंक में प्रवेश किया है। लेकिन बैंक में चोरी की घटना को भी अंजाम नहीं दे सके हैं। बैंक मैनेजर द्वारा फौरन सरायकेला थाना पुलिस को भी मामले से अवगत कराया गया। इधर मौके पर पहुंची पुलिस अनुसंधान में जुट गई है। बताया जाता है कि चोरों ने बैंक के बाहर और अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे को भी क्षतिग्रस्त किया है।बैंक के आसपास घरों के कुंडी चोरों ने बाहर से लगाएः शातिर चोरों ने बैंक में ताला तोड़ने से पहले आसपास घरों के दरवाजों के कुंडी को बाहर से बंद कर दिया था, ताकि कोई भी घर से बाहर नहीं निकल सके। चोरों का दुस्साहस इतना बढ़ा था कि 20 मीटर की दूरी पर ठीक सामने स्थित कोलाबीरा आउटपोस्ट का भी उन्हें भय नहीं दिखा। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस के सुस्ती के चलते चोरों ने यह प्रयास किया है। गौरतलब है कि सरायकेला थाना क्षेत्र में विगत कई दिनों से अवैध लॉटरी संबंधित धंधे संचालित होने से भी चोरी के मामलों में इजाफा देखा जा रहा है।

### रांची के पुंदाग स्टेशन पर होगा 19 ट्रेनों का ठहराव

**रांची।** आनंद मार्ग धर्म महासम्मेलन के मद्देनजर पुदांग में ट्रेनों का ठहराव होगा। इस संबंध में रेलवे बोर्ड ने 19 ट्रेनों को पुंदाग स्टेशन पर रुकने की अनुमति दी है। इससे यात्रियों को आसानी होगी। इन ट्रेनों में धनबाद-रांची इंटरसिटी, रांची-भागलपुर वनांचल एक्सप्रेस, हटिया-गोरखुपर मौर्य एक्सप्रेस, हावड़ा-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस, रांची-दुमका एक्सप्रेस, हटिया-पूर्णिया कोर्ट कोशी एक्सप्रेस, हटिया-इस्लामपुर एक्सप्रेस, राउरकेला-जयनगर एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों को सात जून तक ठहराव की अनुमति दी गयी है। हटिया से गोरखपुर जाने वाली मौर्य एक्सप्रेस अब दाउदपुर में भी रुकेगी। चार जून से दोनों ओर से चलने वाली ट्रेनों का ठहराव शुरू हो जाएगा। रेलवे ने इससे जुड़ी सूचना जारी कर दी है। रेलवे ने 30 मई और एक जून को धनबाद रेल मंडल के पहाड़पुर व टनकुप्पा के बीच ट्रैफिक ब्लॉक स्थगित कर दिया है। इस वजह से अब ट्रेनें सामान्य रूप से चलेंगी। ब्लॉक के कारण रेलवे ने आसनसोल-वाराणसी मेमू एक्सप्रेस को दोनों को ओर से रद्द कर दिया था। अब यह ट्रेन पूर्ववत चलेगी।

## आजसू पार्टी ने हेमंत सोरेन सरकार को बताया फेल, कहा-

# झारखंड विकास के क्षेत्र में काफी पीछे



**नवीन मेल संवाददाता। जामताड़ा**

आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। भ्रष्टाचार और लूट खसोट का आरोप लगाते हुए सरकार को पूरी तरह से विफल सरकार बताया है। देवशरण भगत ने सरकार पर अलग राज्य की लड़ाई लड़ने वाले आंदोलनकारियों का उचित सम्मान नहीं देने का भी आरोप लगाया। आजसू पार्टी नेता देवशरण भगत ने बताया कि इस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। सीओ से लेकर बीडीओ और डीसी तक कलेक्शन सेंटर बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि जब भ्रष्टाचार गंगोत्री में हो तो पटना में गंगा साफ करने से क्या फायदा। उन्होंने कहा कि ईडी की कार्रवाई पर काफी भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है और इनकम टैक्स के कार्रवाई से और भी बीमारी सरकार की पकड़ी जाएगी।22 साल में भी झारखंड को राष्ट्रीय स्तर पर नहीं मिली पहचानः आजसू नेता देवशरण भगत ने चर्चा करते हुए कहा है कि राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड की पहचान आज भी जो मिलनी चाहिए नहीं मिल पायी है। राष्ट्रीय स्तर पर राज्य झारखंड को एक सस्ते मजदूर के रूप में भी जाना जाता है। सस्ता मजदूर यहां से लोग ले जाते हैं और काम करवाते हैं। जबकि झारखंड में कोई चीज की कमी नहीं है। बावजूद इसके पहचान नहीं मिल पाई। इसके लिए नेतृत्व क्षमता की कमी बताया। दशरथ भगत ने कहा कि इस पहचान को बदलना होगा। एक संवैधानिक स्थानीय नीति बनाने में भी सरकार रही है विफलः 1932 खतियान की चर्चा करते हुए हेमंत सरकार पर उन्होंने हमला बोला। कहा कि हेमंत सरकार ने सरकार में आने के पूर्व जोर-जोर से वादा किया था। 1932 के आधार पर स्थानीय नीति लाएंगे, लेकिन राज्य सरकार 1932 स्थानीय नीति बनाने में विफल रही है। जो स्थानीय नीति बनाई गई वो कानून के दायरे में खत्म हो गई। अब जो सरकार ने नीति बनाई है वह खुद मुख्यमंत्री को पता नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थानीय नीति सरकार ने बनाई है, इसमें पूरे भारतवर्ष के लोग यहां पर आकर नौकरी करेंगे जबकि दूसरे राज्य में ऐसा नहीं है।





### रामगढ़ में केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभ के संबंध में राज्यपाल ने किया ग्रामीणों से संवाद, कहा

# बिना शिक्षा के अच्छे भविष्य की कल्पना संभव नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** माननीय राज्यपाल झारखंड सी.पी राधाकृष्णन ने मंगलवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने चितरपुर प्रखंड अंतर्गत भुचुंगडीह पंचायत के ग्रामीणों के साथ पंचायत भवन, भुचुंगडीह में सीधा संवाद किया। केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभ को लेकर ग्रामीणों से जानकारी लेने के क्रम में राज्यपाल ने महिलाओं के बीच सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूकता की सराहना करते हुए कहा कि अगर महिलाएं आत्मनिर्भर हो तो वे न केवल अपने बच्चों की शिक्षा, बल्कि अपने पूरे परिवार का अच्छा भविष्य सुनिश्चित कर सकती है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, विभिन्न पेंशन योजनाओं, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य योजनाओं के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करते हुए वैसे ग्रामीण जिन्हें किसी कारणवश योजना का लाभ नहीं मिल पाया है उन्हें लाभ दिलाने का निर्देश जिला प्रशासन, रामगढ़ के अधिकारियों को दिया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने समूह से जुड़ने के उपरांत उन्हें हुए लाभ के बारे में राजपाल को जानकारी दी जिस पर माननीय राज्यपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित अन्य महिलाओं से वैसी महिलाओं जिन्होंने सरकार की योजनाओं से लाभ लिया है उनसे प्रेरणा लेकर स्वयं भी जागरूक होने एवं अपने क्षेत्र के और लोगों को भी सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना अंतर्गत मंगोती देवी, फूलोंझानो आशीर्वाद योजना अंतर्गत सविता देवी को 10000 रूपए का चेक, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत महिमा कुमारी को स्वीकृति पत्र, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत धनेश्वरी देवी, बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत तरन्नुम आरा (मनरेगा के तहत 179000) स्वीकृति पत्र प्रदान किया। इसके पूर्व भुचुंगडीह पहुंचने पर उपायुक्त, रामगढ़ माधवी मिश्रा एवं प्रभारी पुलिस अधीक्षक रामगढ़ मनोज रतन चौथे द्वारा पौधा देकर राज्यपाल का रामगढ़ जिले में स्वागत किया गया। जिसके उपरांत जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा माननीय राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन रामगढ़ के वरीय अधिकारियों, अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## वाणिज्य संकाय में प्लस टू की छात्रा स्मिता बनी जिला टॉपर



**बरही ।** बारहवीं के वाणिज्य संकाय में प्लस टू उच्च विद्यालय की छात्रा सामांतो पंप निवासी स्मिता कुमारी पिता अर्जुन यादव जिला टॉपर बनी है । जानकारी देते हुए वर्गाध्यापक योगेंद्र सिंह ने बताया कि इस परीक्षा में उसे कुल 466 (93.2 फीसदी) अंक प्राप्त हुए है ।उन्होंने बताया कि उनके विद्यालय से कुल 83 परीक्षार्थी वाणिज्य संकाय से परीक्षा में शामिल हुई थी । इसमें 80 ने प्रथम श्रेणी से सफलता पाई है जबकि 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे । इस परीक्षा में मात्र एक विद्यार्थी असफल रहा है । सभी सफल विद्यार्थियो को वर्गाध्यापक सहित विद्यालय प्रधान शिव कुमार, एसएमसी अध्यक्ष नरेश सिंह व सभी शिक्षको ने शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है ।

## छेड़खानी मामले में आरोपी को भेजा जेल

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के ग्राम बंडा सिंगा में विवाहित महिला से छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत पूनम देवी ,पति मुकेश मोदी ग्राम बंडासिंगा निवासी ने गोरहर थाना में आवेदन दिया। जिसमें उन्होंने कहा है की हम देवरानी, सास सभी अलग अलग कमरे में सोए थे। इसी बीच रात्रि करीब 10 बजे सुजीत पासवान ,पिता डमर पासवान ग्राम बंडासिंगा निवासी घर में घुस कर छेड़खानी करने लगा। जब वह चिल्लाई तो उसकी सास आई और सुजीत पासवान को कमरे में बंद कर आसपास के लोगों घटना की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस को भी जानकारी दी गई। मौके पर से पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। मामले को लेकर गोरहर थाना कांड संख्या 26/23 तथा धारा 354, 452 आईपीसी के तहत आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### मिशन लाइफ को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

# सभी विभागों को अपना योगदान देना जरूरी : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** मिशन लाइफ (लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट) के तहत मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। इस क्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार द्वारा उपायुक्त एवं बैठक में उपस्थित अधिकारियों को जानकारी दी गई कि सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में 5 जून 2023 (विश्व पर्यावरण दिवस) 2023 तक जन जागरूकता एवं मोबिलाइजेशन अभियान का संचालन किया जाना है। जिसके तहत 75 सामान्य पर्यावरण फ्रेंडली कार्यों को 7 थीम- सेव एनर्जी, सेव वाटर, से नो टू सिंगल प्लास्टिक, अडॉप्ट सस्टेनेबल फूड सिस्टम, रिड्यूस वेस्ट, अडॉप्ट हेल्दी लाइफस्टाइल एवं रिड्यूस वेस्ट निर्धारित है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने मिशन लाइफ के उद्देश्यों पर प्रकाश डालने के उपरांत कहा कि पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे हैं मिशन लाइफ के सफल संचालन हेतु सभी विभागों को अपना योगदान देना जरूरी है। उपायुक्त ने कहा कि मिशन लाइफ एक ऐसा अभियान है जिससे सभी विभाग प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से संबंधित है। इस दौरान उपायुक्त ने सभी विभागों को सर्वप्रथम अपने-अपने कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मियों को मिशन लाइफ के उद्देश्यों के प्रति विस्तार से जानकारी देने का निर्देश दिया जिसके उपरांत उन्होंने 5 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर योजनाबद्ध तरीके से रामगढ़ जिले में मिशन लाइफ को सफल बनाने हेतु कार्य करने के संबंध में कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि मिशन लाइफ के सफल संचालन हेतु यह बहुत जरूरी है कि आम जनों तक मिशन लाइफ के उद्देश्यों की जानकारी पहुंचाई जाए एवं उन्हें इसके प्रति जागरूक किया जाए। इसके लिए सभी विभाग अपने अपने माध्यम से इस दिशा में कार्य करना सुनिश्चित करें साथ ही उपायुक्त ने मिशन लाइफ के तहत आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सभी अधिकारियों को उनके कार्यालयों द्वारा आयोजित किए जा रहे हैं कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी जिला जनसंपर्क कार्यालय के साथ साझा करते हुए उसका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला स्तरीय पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## स्वच्छ भारत मिशन को लेकर बैठक आयोजित

**रामगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत मंगलवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ आनंद कुमार द्वारा उपायुक्त एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई कि सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी ग्रामीण क्षेत्रों में योग्य एवं जरूरतमंद लोगों को शौचालय उपलब्ध कराने का निर्देश प्राप्त है। इसके लिए सभी प्रखंडों में ग्रामसभा एवं जलसहियाओ द्वारा लाभुकों का चयन किया जाना है। लाभुकों को शौचालय उपलब्ध कराने का कार्य जून माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जाना है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे रजप्पा, की पूजा-अर्चना



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश मंगलवार को सपरिवार रजरप्पा स्थित माता छिन्नमस्तिके मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने माता के दरबार में मत्था टेककर उनसे राज्य की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की। उसके पश्चात उन्होंने नारियल की बलि देकर पुजारी से रक्षा सूत्र बंधवाया। पूजा अर्चना पुजारी राकेश पंडा द्वारा विधिवत रूप से संपन्न करवाया गया। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, गणेश प्रसाद, रमेश प्रसाद, बबलू साव सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## भारत जकात मांझी परगना महाल के सदस्यों ने बाबूलाल मरांडी से की मुलाकात

**बरकट्ठा।** भारत जकात माझी परगना महाल प्रखंड इकाई बरकट्ठा के सदस्यों ने झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस संबंध में पत्रकारों से बातचीत में प्रखंड अध्यक्ष राम जी बेसरा ने बताया कि हम लोगों ने श्री मरांडी के रांची स्थित आवास में मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। प्रखंड सचिव मनोज मुर्मू ने बताया कि विगत दिनों हम लोगों ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया था ,लेकिन उन समस्याओं का समाधान कुछ भी नहीं हुआ। कहा कि प्रखंड क्षेत्र के कई स्थानों में सड़क निर्माण, पुल पुलिया निर्माण,चापानल आदि के संबंध में उन्हें जानकारी दी गई थी तथा उन्होंने आश्वासन दिया था कि जल्द ही यह कार्य होंगे। लेकिन धरातल पर कुछ नहीं किया गया। वहीं बाबूलाल मरांडी को भी संबंधित विषय में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन मुद्दों पर बात करूंगा। मुलाकात करने वालों में प्रखंड अध्यक्ष राम जी बेसरा, सचिव मनोज मुर्मू ,गोरहर मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल ,सुरेंद्र बेसरा, मनोज टूडू, जीबलाल मरांडी, राजकुमार हांसदा, तुलसी बास्के आदि शामिल थे।

### मुख्यमंत्री ग्रामीण गाड़ी योजना के क्रियान्वयन के लिए बीडीओ ने की बैठक

# वृद्ध, लाचार और विद्यार्थियों को मिलेंगे मुफ्त परिवहन : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** राज्य के सीनियर सिटीजन, दिव्यांग, लाचार और विद्यार्थी आदि को मुफ्त परिवहन देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्रामीण गाड़ी योजना की शुरूआत की गई है । योजना का मुख्य उद्देश्य पंचायत के प्रत्येक कस्बा को प्रखंड या अनुमंडल मुख्यालय से जोड़ना है । योजना के तहत स्थानीय प्रशासन वाहनो के लिए रूट निर्धारित करेंगे । इस योजना के तहत नए वाहन लेने के लिए 20 फीसदी का सब्सिडी मिलेगा । उक्त बाते मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय में पंचायत समिति और कर्मियों के साथ हुई बैठक में बीडीओ सी आर इंदीवार ने बताया । उन्होंने बताया कि मार्ग निर्धारण के क्रम में विद्यालय, अस्पताल, डाकघर, बैंक आदि आवश्यक स्थानों से मार्ग की कनेक्टिविटी पर प्राथमिकता दी जाएगी । योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति को अपना आवेदन राज्य सरकार के पोर्टल पर ऑनलाइन करना होगा । जिसकी हार्ड कॉपी प्रखंड कार्यालय में जमा करना होगा । बीडीओ ने यह भी बताया कि इस योजना के तहत परिवहन कर माफ रहेगा और परमिट तथा वहां निबंधन मात्र एक रुपए में होगा । वाहन ने यात्रियों की क्षमता निर्धारित होंगे, साथ ही वाहन के रंग भी अलग होंगे । विशेष जानकारी के लिए प्रखंड कार्यालय या राज्य सरकार के पोर्टल से प्राप्त किया जा सकता है । बैठक में प्रमुख मनोज रजक, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, केदारुत पंसस विकास सिंह, जितेंद्र गिरी आदि सहित कई लोग मौजूद थे।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय का शानदार प्रदर्शन

### वार्डेन पुष्पा कुमारी सहित शिक्षिकाओं ने दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** जैक द्वारा 30 मई को 12वीं आर्टस का रिजल्ट घोषित कर दिया गया। जिसमें रामगढ़ जिला अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका प्लस टू विद्यालय पतरातू की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। वर्ष 2023 की 12वीं की परीक्षा में विद्यालय से 55 छात्राएं शामिल हुई थीं, जिनमें से 55 ने प्रथम श्रेणी एवं 3 ने द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण होकर विद्यालय व अपने परिजनों का नाम रौशन किया है। विद्यालय की छात्रा जुही कुमारी ने परीक्षा में 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। मुनीता कुमारी 86.4 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे एवं नीतू कुमारी 86 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। विद्यालय की छात्राओं द्वारा इंटर आर्टस की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने पर विद्यालय की वार्डेन पुष्पा कुमारी ने उन्हें बधाई दी है। कहा की यह छात्राओं के कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने छात्राओं से भविष्य में भी इसी तरह मेहनत करते हुए आगे बढ़ने का आहवान किया। वार्डेन पुष्पा कुमारी सहित विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं ने छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**सम्मानित** | स्व. अवधेश कुमार गुप्ता टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच

# रॉयल स्ट्राइकर ने फायर बॉल को 48 रनों से हराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के छावनी फुटबॉल ग्राउंड में चल रहे स्वर्गीय अवधेश कुमार गुप्ता मेमोरियल टी-20 टूर्नामेंट का फाइनल मैच 30 मई को रॉयल स्ट्राइकर्स बनाम फायर बॉल के बीच खेला गया। रॉयल स्ट्राइकर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 142 रन बनाया और ऑल आउट हो गई। जवाबी पारी में फायर बॉल की टीम 94 रन बनाकर आउट हो गई और टूर्नामेंट का फाइनल मैच 48 रनों से हार गई। मौके पर टूर्नामेंट की विजेता टीम रॉयल स्ट्राइकर को 222222 रूपए एवं ट्रॉफी देकर मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। वहीं फायर बॉल की टीम को 111111 रूपए एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम ग्रीन गैलेक्सी को 77,777 के साथ ट्रॉफी प्रदान की गई । फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच कैफ आलम को चुना गया। टूर्नामेंट के बेस्ट बैट्समैन श्रेष्ठ सागर, बेस्ट बॉलर राजू पांडे, और मैन ऑफ द सीरीज अमन कुमार को ट्रॉफी के साथ नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मैच में रॉयल स्ट्राइकर बल्लेबाज ऋषिकेश तिवारी 20 रन ,रोबिन मिंज 23 रन, बाला कृष्णा 33 रन ,कैफ आलम 15 रन और सुशांत सिंह ने 17 रन बनाए । वहीं फायर बॉल के गेंदबाज राजू पांडे ने 4 ओवर में 18 रन देकर 4 विकेट हासिल किया। जवाबी पारी खेलते हुए फायर बॉल के मोहित सिंह ने 34 रन बनाए। श्रेष्ठ सागर ने 19 रन ,विनय कुमार सिंह 13 रन और कौशल किशोर सिंह 13 रन बनाए लेकिन वे अपनी टीम को जीत नही दिला सके। वहीं, रॉयल स्ट्राइकर के गेंदबाजी में कैफ आलम ने 2 विकेट, बाला कृष्णा,प्रतीक रंजन,अतुल, चंदन, को एक-एक विकेट मिला। मुख्य अतिथि छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी हरविजय सुदाम एवं विशिष्ट अतिथि रामगढ़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह को रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के तरफ से बुके एवं अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया।



# 60 वर्षों बाद बेटियों के लिए खुलेगा गांधी स्कूल का द्वार



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** स्थानीय गांधी उच्च विद्यालय, झुमरी तिलैया को 17 मई 2023 से शिक्षा सचिव ने बालिका नामांकन हेतु स्वीकृति प्रदान कर दी है। ऐसे में 1962 में स्थापित आजादी के 60 वर्षों बाद स्थानीय गांधी स्कूल में बेटियों को शिक्षा प्राप्त करने का रास्ता साफ हो गया। विद्यालय में नए सत्र 2023 ..24 से कक्षा 9 में बालिकाओं ने नामांकन लेना आरंभ कर दिया है। जहां 1962 से अब तक सिर्फ बालक वर्ग के विद्यार्थी शिक्षा का लाभ उठा रहे थे। शहर की एकमात्र बालिका विद्यालय सीडी स्कूल के सीबीएसई पाठयक्रम के लिए तब्दील होने पर यह निर्णय लिया गया है। बताते चले सीडी सी एम उत्कृष्ट विद्यालय में 200 छात्राओं के लिए सीट है, वही नामांकन में कुल आवेदन 700 छात्राओं ने की है ऐसे में शेष बालिकाओं के लिए गांधी स्कूल का द्वार किसी तोहफे से कम नहीं होगा। अब उन बालिकाओं को शहर से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। गांधी स्कूल में मिलने वाली सुविधा की देखे तो यहां एक बड़े बाउंड्री वॉल के साथ खेल का विशाल मैदान है। 4 पुरुष एवम 4 महिला शिक्षिकाएं, कुल 8 शिक्षक के साथ विद्यालय में 4 स्मार्ट क्लास है। वहीं 13 कंप्यूटर के साथ एक व्यवस्थित आईसीटी लैब भी है विद्यालय के पुस्तकालय में 3500 किताबो के साथ एनसीसी प्रशिक्षण की सुविधा, विज्ञान प्रयोगशाला भी है। 16 कमरों का यह विद्यालय अत्यंत रमणीक परिसर वृक्षों की हरियाली के साथ गांधी के साबरमती आश्रम जैसा आकर्षण प्रतीत होता है। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा ग्रीष्मावकाश की छुट्टियों में भी नव नामांकित छात्रों को प्रतिदिन विद्यालय पर्यावरण रक्षण के लिए आकर्षित होकर नियमित स्कूल आ रहे है। ग्रीष्मावकाश में भी छोटी छोटी प्रतियोगिता रोज होती हैं। कोडरमा उपायुक्त द्वारा संचालित रेल प्रोजेक्ट और प्रोजेक्ट इंपेक्ट के असर से इस विद्यालय में 98 बच्चो में 77 बच्चे प्रथम स्थान से पास हुए और शेष द्वितीय स्थान से यानी शत प्रतिशत रिजल्ट के साथ सभी उत्तीर्ण हुए। बहरहाल 31 वर्षो का अनुभव बटोरे डीएवी विद्यालय की निशा भारद्वाज ने प्रधानाचार्य के तौर पर विद्यालय का कमान संभाला है, जिनके इनके कुशल निर्देशन में बच्चियों का भविष्य निःसंदेह सुनहरा बनेगा।

# श्याम निशान पद यात्रा आज, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने खाटू का किया दर्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** श्याम महिला मण्डल के तत्वाधान मे निर्जला एकादशी को लेकर बुधवार को झुमरी तिलैया के झंडा चौक स्थिति दुर्गा मंदिर से श्याम निशान पद यात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी पिंकी खेतान ने दी। उन्होंने बताया कि यह निशान पद यात्रा सुबह 07 बजे प्रारम्भ होंगी। जो कि नगर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए एड्डी बंग्ला रोड स्थित श्याम मंदिर पहुंच कर बाबा श्याम को निशान अर्पित किया जायेगा। इस दौरान एक सुसज्जित वाहन मे बाबा श्याम का दरबार भी भ्रमण करेगा। वहीं दूसरी और पानी टंकी रोड स्थित श्याम मंदिर मे संध्या मे ताली कीर्तन का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी मंदिर कमिटी के सज्जन खेतान ने दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर बाबा श्याम का श्रृंगार किया जाएगा।इधर मंगलवार को पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने अपने परिवार के साथ बाबा श्याम खाटू के दरबार मे शीश नवाया और क्षेत्र के लिए सुख शांति की मंगल कामना की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि श्याम शरण मे आजा रे.....के सेवादारों से प्रेरित होकर वे खाटू और सालासर का दर्शन की।

## पत्नी के साथ बन्ना गुप्ता पहुंचे रामरेखा धाम, की पूजा-अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता मंगलवार की सुबह सिमडेगा के पवित्र तीर्थ स्थल रामरेखा धाम पहुंचकर गुफा के अंदर विग्रह का दर्शन करने के साथ ही अपनी पत्नी के साथ विधि-विधान के साथ पूजन पाठ करते हुए पूरे राज्य की अमन-चन की प्रार्थना की। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भगवान मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम स्वयं अपने वनवास काल में क्षेत्र में अपने पैर रखकर पवित्र किया है और या अस्थल रामायण से जुड़ा हुआ है जो कि पूरे मनोरम क्षेत्र है झारखंड सरकार प्रयास करेगी कि यहां पर सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हो जिससे कि यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार दिक्कत ना उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि रामरेखा धाम के विकास में हमारा सहयोग इस मौके पर उन्होंने पूरे रामरेखा धाम का भ्रमण किया जिसके बाद वहां से गुमला होते हुए राजधानी रांची चले गए मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ पाकरटांड शक्ति कुंज,सीओ अमित कुमार सिमडेगा सीओ प्रताप मिंज सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए।

रेंगारिह कोनपला के सुदूर गोमथा बेड़ा गांव पहुंचे झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का

# ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए संदेश एक्का

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा/ठेठईटांगर।** प्रखंड के कोनपाला पंचायत अंतर्गत सुदूर गोमथाबेड़ा गांव झापा जिलाध्यक्ष मतियस बागे, युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ग्रामीणों की समस्याओं को जानने के लिए पहुंचे जहां पर ग्रामीणों ने ढोल मांदर की ताल पर उनका स्वागत करते हुए अपने गांव तक लाए जहां पर माला पहनाकर उनका स्वागत हुआ जिसके बाद ग्रामीणों ने अपनी समस्या रखी। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी से लेकर आज तक इस गांव में बिजली नहीं पहुंची है जिसके कारण ढिबरी युग में जी रहे हैं। गांव में सड़क नहीं है पीने की पानी नहीं है, लगातार जंगलों से घिरा होने की वजह से हाथियों का आतंक जारी रहता है लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधि इस गांव की ओर नहीं देखता है ।जबकि चुनाव में हमसभी ग्रामीण अपने हक अधिकार को लेकर मतदान करते हैं लेकिन उसके बाद अभी तक इस गांव में विकास की किरण नहीं पहुंची है। सभी समस्याओं को सुनने के बाद झापा युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का ने कहा बहुत दुख की बात है कि आजादी से लेकर अब तक क्षेत्र का विकास नहीं हुआ है सरकार बदली लेकिन दशा और दिशा नहीं बदला ।लेकिन अब झारखंड पार्टी इस गांव में आई है तो आप इस गांव में सरकार द्वारा मिलने वाले सभी प्रकार की सुविधाओं का लाभ देने का प्रयास करेंगे। उनका कि जल्दी बिजली विभाग से मुलाकात करते हैं इस गांव को विद्युतीकरण कराई जाएगी ताकि लोगों को ढिबरी युग से निजात मिले। सड़क के लिए प्रयास किए जाएंगे ताकि गांव में पक्की सड़क हो जैसे कि कोई भी व्यक्ति बीमार हो या किसी प्रकार की समस्या हो तो यहां से लोगों को आवागमन में दिक्कत ना। वही हाथी की समस्या पर उन्होंने कहा कि यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है । लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधि इस पर गंभीर नहीं इसलिए अब ग्रामीणों को एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा ताकि हाथी की समस्या को निपटा जा सके। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी की ओर से ग्रामीणों के बीच में टॉर्च मोबील, छड़, मसाल,चीजों का वितरण की जाएगी ताकि गांव वाले हाथी की समस्या से निपट सकें। कौन कहा कि आप झारखंड पार्टी का सहयोग करें पार्टी आपके लिए पूरे तन्मयता के साथ इस गांव का विकास में सहयोग करेंगी। मौके पर पंचायत के मुखिया फ्रांसिस्का लाकड़ा, संतोष लाकड़ा कुलदीप किंडो अमर किंडो निर्मल किंडो सुनीता किंडो सहित काफी संख्या में गांव के ग्रामीण महिला एवं पुरुष उपस्थित हुए।




## नप के सिटी मैनेजर को ज्ञापन सौंपा



**झुमरी तिलैया।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव सह कोडरमा जिला 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति सदस्य मनोज सहाय पिंकू ने झुमरी तिलैया नगर परिषद के सीटी मैनेजर प्रशांत भारती के माध्यम से नगर प्रशासक को मांग पत्र सौंपा। ज्ञात हो कि झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र भ्रमण के दौरान सहाय से वार्ड 22 स्थित आदर्श आवासीय कॉलोनी के स्थानीय निवासियों ने असलम अंसारी के घर से छोटा यादव के घर तक लगभग डेढ़ सौ मीटर कच्ची सड़क से उत्पन्न परेशानियों से अवगत कराया था। इस पर संज्ञान लेते हुए स्थानीय निवासियों द्वारा पक्की सड़क निर्माण हेतु आवेदन का मांग पत्र सहाय ने सिटी मैनेजर के माध्यम से नगर प्रशासन को प्रेषित किया। श्री सहाय के साथ सड़क निर्माण हेतु मांग पत्र सौंपने वालों में स्थानीय वार्ड 22 निवासी मुनेश यादव, आयुष कुमार ,विशाल कुमार, अजय पंडित, छोटन यादव शामिल हुए। नगर प्रशासक श्री विनीत कुमार के निर्देश पर सिटी मैनेजर प्रशांत भारती ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित कनीय अभियंता को उचित पहल करने हेतु निर्देशित किया, जिसके लिए उपस्थित वार्ड 22 के निवासियों ने नगर प्रशासन का धन्यवाद दिया।

## क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर बैठक आज

**झुमरी तिलैया।** विद्या भारती के तत्वाधान में आगामी 17 से 19 जुन तक झुमरी तिलैया में क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसकी तैयारी को लेकर बुधवार को झुमरी तिलैया के गॉधी स्कुल रोड स्थित कैलाश राय सरस्वती विघा मंदिर में प्रबंधन समिति एवं आचार्यो एक बैठक आहुत की गई है। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य शमेन्द्र कुमार साहु ने दी। उन्होनें बताया कि बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश स्तर के विद्यालयों के भैया बहनों के लिए कबडडी एवं खो खो प्रतियोगिता की तैयारी की समीक्षा की जायेगी।

## ग्रामीणों ने श्रम दान कर किया सड़क मरम्मत



**कुरडेग।** कुरडेग प्रखण्ड में कुरडेग पंचायत के झिरकामुण्डा नदी टोला में बनी कच्ची सड़क बिगत बरसात की बारीश में बह गया था इससे लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था इसके देखते हुए ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत के लिए जिला बीस सुत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल और प्रखण्ड बीस सुत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो से सड़क मरम्मत की मांग की ग्रामीणों की इस मांग पर मनोज जयसवाल एवं वाल्टर टोप्पो ने ट्रेक्टर उपलब्ध करा कर ग्रामीणों के साथ मिलकर श्रमदान करते हुए सड़क का मरम्मत कर चलने लायक बनाया ।ग्रामीणों ने मोरम मिट्टी डालकर सड़क आने जाने लायक बनाया ।बरसात के दिनों में सड़क की स्थिति काफी खराब हो जाती है।

## पूर्व सांसद प्रदीप बलमूचु ने किया प्रेस वार्ता

## इंटक के प्रदेश सचिव के रूप में दिलीप तिर्की को बैठने की अनुमति नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सह इंटक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार बलमुचू ने सिमडेगा परिसदन में संगठन मजबूती नए संसद भवन उद्घाटन सहित कई बिंदुओं पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया प्रेस वार्ता में कहा कि जिला में कांग्रेस कमेटी अभी काफी मजबूत स्थिति में है। जिला कांग्रेस कमेटी को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। इसको लेकर कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कमेटी के निर्देश पर संगठन मजबूती के लिए अभियान चलाया जाएगा। प्रदीप कुमार बलमुचू ने कहा कि दिलीप तिर्की कांग्रेस इंटक के कोई भी पद में नही है। पूर्व में वो यूथ इंटक से जुड़े हुए थे। उन्होंने कहा कि यूथ इंटक के प्रदेश सचिव से बात हुई थी। उन्होंने भी दिलीप तिर्की को यूथ इंटक से पूर्व में ही हटाए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि दिलीप को किसी भी कार्यक्रम में इंटक के प्रदेश सचिव से बैठने की अनुमति नहीं है। अगर वह अलग हैसियत से बैठते हैं, तो अलग बात है। लेकिन इंटक प्रदेश सचिव के हैसियत से अगर कोई कार्यक्रममें में भाग लेते हैं तो यह गलत है। उन्होंने कहा कि कांगेस इंटक सचिव के नाम पर उन्हें किसी भी कार्यक्रम अथवा कोई भी योजना के जांच का अधिकार नहीं है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि देश के नए संसद भवन का उद्घाटन देश के राष्ट्रपति के हाथों नहीं करवा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के द्वारा एक सोची समझी साजिश के तहत आदिवासियों का अपमान करने का काम किया है।

## संडे स्कूल दिवस में शामिल हुए विधायक

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड ऐडेगा जीईएल चर्च में संडे स्कूल दिवस समारोह मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी शामिल हुए मौके पर उन्होंने संडे स्कूल दिवस पर एडगा पास्टोरेट के बच्चों तथा कलीसिया के लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा बच्चे कल के भविष्य हैं उन्हें स्कूली शिक्षा के साथ आध्यात्मिक शिक्षा पर भी ध्यान देने की जरूरत है आध्यात्मिक शिक्षा आचरण का निर्माण करती है अच्छे आचरण के साथ पढ़ाई लिखाई खेलकूद तथा सामाजिक सेवा आप करें ।आपको निश्चित रूप से सफलताएं मिलेंगी स्कूली शिक्षा के अलावा बाइबल के शिक्षा का भी अनुपालन करें।

# रसोईया संयोजिका संघ ने पैदल मार्च कर समाहरणालय का किया घेराव



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संयोजिका अध्यक्ष संघ द्वारा अपनी 15 सूत्री मांगों को लेकर सिमडेगा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम से पदयात्रा करते हुए सिमडेगा समाहरणालय पहुंची और डीएसई कार्यालय का घेराव की गई हालांकि पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें गेट पर ही रोक दिया ।जिसके बाद कार्यक्रम सभा में तब्दील हो गई जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजित प्रजापति ने बताया कि सरकारी विद्यालय में वर्षों से गरीब महिलाएं रसोईया पद पर रोज मात्र ?6.6 साथ पैसा में काम कर रही है जबकि संयोजिका का शुरू से आज तक सरकार फ्री में काम ले रही है। इनकी मांग को लेकर आंदोलन चलाई गई इस बार 24 सितंबर 2022 को शिक्षा मंत्री से वार्ता हुई थी जिसमें 5 सूत्री मांगों पर सहमति बनी थी जिस पर बताया गया था कि पारा शिक्षक के तर्ज पर स्थायीकरण ,आंगनवाड़ी सेविका के तर्ज पर मानदेय ,5लाख तक के निशुल्क बीमा, साल में दो साड़ी ,60 साल होने पर पेंशन लागू साथ में यह भी कहा गया था कि वर्तमान समय में काम के दौरान अगर किसी प्रकार का चोट लगने पर इलाज किया जाएगा ।

## मिर्गी दौरा पड़ने से चौकीदार की मौत

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत घोड़ीटोली गांव में मिर्गी दौरा पड़ने से 32 वर्षीय ठेठईटांगर थाना में कार्यरत चौकीदार की मौत हो गई मृतक की पहचान उत्तम सुभाष टेटे के रूप में हुई ।बताया गया कि वह पूर्व में ही मिर्गी बीमारी के शिकार था और अचानक सोमवार को रात में उसे अटैक आई और इसी की वजह से उसकी मौत हो गई ।मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस चौकी सदर अस्पताल सिमडेगा भेजा एवं पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया ।वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा चौकीदार के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को हर संभव मदद देने की बात कही।

## अवैध शराब बिक्री के खिलाफ छापामारी

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के टकबहाल गांव में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ ग्रामीण महिलाएं एवं पुलिस ने किया छापामारी भारी मात्रा में महुआ जावा किया गया नष्ट । इस मौके पर बताया गया कि बोलबा प्रखंड के तटकबहाल गांव में कुछ ग्रामीणों ने खुलेआम महुआ शराब का निर्माण एवं बिक्री करते थे । इससे गांव के युवक एवं स्कूली बच्चे शराब पीना शुरू कर दिया था । स्कूली बच्चों को धीरे धीरे शराब पीने की आदत बनता जा रहा था । ग्रामीण महिलाओं ने कई बार शराब बनाने या बेचने वालों को मना किया था परंतु शराब बेचने वालों ने किसी की एक न सुनी।अंत में ग्रामीण महिलाओं ने बोलंबा पुलिस से अवैध शराब बिक्री के खिलाफ छापामारी में सहयोग करने की अपील किया ।

## चोरी के आरोप में दो नाबालिग की पिटाई

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के मच्छकटा गांव में चोरी के आरोप में दो नाबालिग का ग्रामीणों ने किया पिटाई, इलाज के लिए लाया गया बोलबा अस्पताल इस मौके पर घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पिछले दिनों मछकट्टा ढावठा टोली गांव के कश्टु प्रधान के घर से कुछ रुपया चोरी हुआ था इस संबंध में दोपहर गांव में एक पंचायती किया गया इसके बाद शक आधार ओर गांव के नाबालिक पूरन राम पिता अकलू राम एवं टिकेश्वर राम पिता शोधन राम को बुलाया गया। पंचायती में पूछताछ के बाद दोनों नाबालिग का जमकर पिटाई कर दिया गया दोनों नाबालिक बेहोश हो गए । इसके बाद गांव के ही कुछ लोगों की सहायता से दोनों नाबालिक को इलाज के लिए बोलबा अस्पताल लाया गया । जहां डॉक्टर देबातोष भुटिया की देखरेख में इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी अरुनिष रोशन ने बताया कि घटना के संबंध में छानबीन किया जा रहा है ।

**कार्यक्रम** — मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए सीटू का संघर्ष जारी रहेगा : संजय पासवान

# सीटू छह जून को रांची में करेगी विशाल प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया ।** सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) का 53 वां स्थापना दिवस के अवसर पर श्रम और पूंजी के संघर्ष में मजदूरों की एकता को और मजबूत किए जाने का और शासक वर्ग के तमाम षड्यंत्रों को ढ़ाहते हुए आगे बढ़ने का लिया संकल्प। 6 जून को रांची में श्रम विभाग नेपाल हाउस के समक्ष आयोजित राज्य स्तरीय प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया. इस अवसर पर झुमरीतिलैया के वार्ड नंबर एक के अंतर्गत मजदूर बस्ती नरेश नगर में सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने हंसुआ हथौड़ा युक्त लाल झंडा फहराकर कार्यक्रम की शुरूआत किया. सीटू नेता ने मजदूर आंदोलन की एकता और संघर्ष के 53 साल के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए कहा कि देश के सबसे जुझारू और संघर्षशील मजदूर संगठन सीटू की इन सफलताओं में सैकड़ों कार्यकर्ताओं व नेताओं की कुर्बानी है। अपनी जान तक गंवाकर भी लाल झण्डा उठाए रखने का योगदान है। 1970 मे अगर सीटू नहीं बनता तो बहुत मुमकिन था कि देश का श्रमिक आंदोलन अपनी धार ही नहीं बल्कि अस्तित्व भी खो बैठता। अपने श्रम से देश के लिए अकूत धन पैदा करने वाले मजदूरों को शासक वर्ग हाशिये पर धकेलने की साजिश कर रहा है। मजदूरों को गुलाम बनाने के लिए 29 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार लेबर कोड मे बदल दिया है. भाजपा नेतृत्व वाली मोदी सरकार ने पिछले 9 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था को खोखला कर जनता के विशाल बहुमत पर भारी मुसीबतों का बोझ डाल दिया है। इनकी नीतियां न केवल हमारी अर्थव्यवस्था बल्कि हमारे देश की एकता और अखंडता के लिए भी विनाशकारी साबित हुई है. देश में बेरोजगारी प्रचंड रूप ले चूका है. स्थायी नौकरी की जगह अनुबंध, ठेका और आउटसोर्सिंग लाया जा रहा है, जहां मजदूरों का शोषण जारी है. नौकरी की सुरक्षा नहीं है. महंगाई से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है. मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए सीटू का संघर्ष जारी रहेगा. निर्माण कामगार यूनियन के सचिव प्रेम प्रकाश ने कहा कि केंद्र सरकार अक्रामक तरीके से राष्ट्रीय संपत्ति, सार्वजनिक उपक्रमों, वित्तीय संस्थानों का निजीकरण कर रही है. पूंजीपतियों के टैक्स और लाखों करोड़ों का कर्जा माफ किया जा रहा है.



## NEWS इन ब्रीफ

### नाबालिक को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोप में युवक गिरफ्तार



**मेदिनीनगर।** नीलांबर पितांबरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिक को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोप में पाटन थाना क्षेत्र के शोले गांव निवासी 23 वर्षीय मुक्तेश्वर कुमार को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जबकि नाबालिक को मेदिनीनगर एमआरएमसीएच मे मेडिकल जांच एवं अन्य प्रक्रिया कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। नीलांबर पितांबरपुर थाना प्रभारी गौतम कुमार राय ने बताया कि 15 मई को नाबालिक के परिजनों द्वारा नीलांबर पितांबरपुर थाना में आवेदन देते हुए मामला दर्ज कराया गया था। दिए गए आवेदन के अनुसार आरोपी नाबालिक को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। परिजन अपने स्तर से हर संभव खोजने का प्रयास किए पर कुछ पता नहीं चला तत्पश्चात उन्होंने नीलांबर पितांबरपुर थाने में पहुंचकर आवेदन देते हुए मामला दर्ज कराया था। तकनीकी सहयोग से दोनों लोगों को पकड़ कर आरोपी को जेल भेज दिया गया एवं नाबालिक को मेडिकल जांच करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### टेंपो पलटने से महिला पुरुष सहित आधा दर्जन लोग घायल

**मेदिनीनगर।** अनियंत्रित होकर टेंपो पलटने से आधा दर्जन व्यक्ति घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह पांकी से एक टेंपो सवारी को लेकर मेदनीनगर आ रहा था। इसी बीच रास्ते में सदर थाना क्षेत्र के पोखरहा गांव के पास एक गाय को बचाने के दौरान टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया । जिसमें लातेहार बरवाडी निवासी दीपक राम उम्र 35 वर्ष, लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम झरना निवासी बसंत सिंह की पत्नी सुषमा देवी उम्र 30 वर्ष, लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम झगरपुर निवासी पप्पू सिंह की पत्नी गुड्डी देवी उम्र 32 वर्ष और लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पूणाडीह निवासी बसंत सिंह की पुत्री आस्था कुमारी उम्र 18 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि चार अन्य लोगों को हल्की फुल्की चोट लगी है। वहीं इस घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद सभी घायलों की स्थिति सामान्य हैं। दुर्घटना की खबर सुनते ही घायल के परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर अपने-अपने घायल मरीजों का इलाज करवाने में जुड़ गए हैं।इस घटना के बाद से टेंपो चालक फरार बताया जा रहा है।

## जनता दरबार में फरियादियों की लगी भीड़

# डीसी ने समाधान का दिया आश्वासन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने लोगों की समस्याएं बारी-बारी से सुनीऔर निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिये। जनता दरबार में भूमि सीमांकन, भूमि विवाद,राशन,अवैध कब्जा आदि समस्याओं को लेकर लोग उपस्थित हुए। जनता दरबार में हरिहरगंज के ग्राम तुरी से आयी विधवा महिला फुलिया कुंवर ने उपायुक्त को बताया कि उनकी सामाजिक व आर्थिक स्थिति के मद्देनजर सरकार की ओर से उन्हें 2022-23 में अंबेडकर आवास का लाभ दिया गया है। जिसके अंतर्गत प्रथम किश्त के रूप में उनके बैंक खाते में चालीस हजार रुपये की राशि भी उपलब्ध करायी गयी है। महिला ने उपायुक्त को बताया कि आवास निर्माण कार्य को स्थानीय दबंगों द्वारा रोकवा दिया गया था।



जिसके बाद उपायुक्त के स्तर से हरिहरगंज के अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी से सुस्पष्ट मंतव्य के साथ प्रतिवेदन की मांग की गई थी। लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी संबंधित दोनों पदाधिकारियों द्वारा प्रतिवेदन वरीय पदाधिकारी को अप्राप्त है, जिससे आज भी उनका आवास निर्माण कार्य लंबित है अतः उन्होंने उपायुक्त से इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग की। इसी क्रम में मनातू के ग्राम कुंडलपुर से आयी रीता देवी ने कुंडलपुर ग्राम में आंगनवाड़ी सेविका शोभा कुमारी द्वारा ग्रामसभा में फर्जी मैट्रिक व इंटर के सभी कागजातो के जांच कराने की मांग की। वहीं रेहला से आये विपिन कुमार चौबे ने बताया कि उनके पिता की मृत्यु मेदनीनगर कारा में हो गयी थी। लेकिन आज तक उनको किसी प्रकार की प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया है,अतः उन्होंने उपायुक्त से उच्च न्यायालय रांची के आदेशानुसार प्रोत्साहन राशि का भुगतान करवाने हेतु अनुरोध किया । इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा.डीसी श्री दोड्डे ने प्राप्त शिकायतों का समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। इस हेतु उपायुक्त ने तरहसी सीओ, सदर एसडीओ, मनातू बीडीओ,विभिन्न अंचलाधिकारी समेत कई पदाधिकारियों को ऑन स्पॉट फोन कर मामलों का तेज गति से निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया।

## पलामू में मनाया गया गंगा दशहरा



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में गंगा दशहरा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने पूजन किया।मंगलवार की सुबह कोयल नदी के तट पर लोगो मे चुआडी खोदकर पानी निकालकर स्नान किया।स्थानीय मंदिरों में पूजा अर्चन किया।वही,अधिकांश लोगों ने अपने घरों में ही गंगा जल पानी मे डालकर स्नान किया।गंगा दशहरा के दिन मान्यता है कि शिव भगवान के जट से माता गंगा का अवतरण पृत्वी पर हुआ था। प्रत्येक वर्ष गंगा दशहरा ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। सनातन धर्म में गंगा को सिर्फ नदी नहीं बल्कि मां का दर्जा प्राप्त है। गंगा को अति पवित्र माना जाता है।जिस कारण गंगा दशहरा के पर्व का खास महत्व होता है। गंगा दशहरा को गंगावतरण के नाम से भी जाना जाता है। पुरोहित ओम पाठक ने बताया कि गंगा दशहरा के दिन स्नान और दान का काफी महत्व होता है। इस दिन गंगा नदी में स्नान करना काफी शुभ माना जाता है।लेकिन शहर की कोयल नदी पूरी तरह सूख पड़ी है।जबकि पिछले वर्ष मई के अंत मे कोयल नदी में पानी भरी हुई थी।

# शिक्षकों को तबादले के लिए करना होगा इंतजार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित राज्य कर शिक्षकों को तबादले के लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। मंगलवार को शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल को तबादले के मुद्दे पर मुख्यमंत्री से मुलाकात होनी थी, लेकिन मुख्यमंत्री की व्यस्तता की वजह से मुलाकात नहीं हो सकी। मुख्यमंत्री के बदले प्रतिनिधिमंडल की सीएम के ओएसडी से लंबी चर्चा हुई,। बाद में प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा सचिव से भी तबादले के मुद्दे पर चर्चा की। गौरतलब है कि अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत एकीकृत गृह जिला स्थानांतरण शिक्षक संघ झारखण्ड के बैनर तले प्रदेश प्रतिनिधि और टीजीटी,पीजीटी अंतर जिला स्थानांतरण शिक्षक संघ झारखण्ड के मुख्य प्रदेश प्रतिनिधि व पूरे राज्य से आये शिक्षक शिक्षिका अपनी लम्बित मांग अंतर जिला, गृह जिला स्थानांतरण को लेकर मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री



कार्यालय की तरफ से बुलावा आने पर 5 शिक्षक शिक्षिकाओं का प्रतिनिधिमंडल मुलाकात के लिए पहुंचा। जहां मुख्यमंत्री के ओएसडी से मुलाकात हुई। मुख्यमंत्री के ओएसडी से लंबी वार्ता के बाद मांग पत्र सौंपा गया। ओएसडी की तरफ से जानकारी दी गयी कि मुख्यमंत्री अभी व्यस्त हैं। इसीलिए उनकी मांगों पर अभी मुख्यमंत्री ने कोई निर्णय नहीं लिया है। मांग पत्र अब मुख्यमंत्री को दिया जायेगा। अप्वाइंटमेंट तय होते ही विचार करने के बाद फिर से प्रतिनिधिमंडल को बुलाया जाएगा। फिर माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में भी मांग पत्र दिया गया।जहां बताया गया कि अभी हाई स्कूल शिक्षकों का नियुक्ति की जा रही है, इसीलिए स्थानांतरण प्रक्रिया में रोक लगी हुई है। प्रारंभिक शिक्षक शिक्षिकाओं के स्थानांतरण के लिए प्राथमिक शिक्षा निदेशालय में मांग पत्र दिया गया।

# मैट्रिक परीक्षा में कोनवाई हाई स्कूल की टॉपर बनी साधना कुमारी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मैट्रिक परीक्षा में कोनवाई हाई स्कूल की टॉपर बनी है साधना कुमारी। ज्ञात हो कि पिछले कुछ दिन पूर्व मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया गया है। पलामू के तमाम स्कूलों में विद्यार्थियों का रिजल्ट भी शत प्रतिशत रहा है। वैसे ही पलामू जिला के पांकी प्रखंड अंतर्गत कोनवाई में स्थित डॉ बीरेन्द्र कृष्ण रामबली उच्च विद्यालय की छात्रा रही साधना कुमारी 428 अंक 85.00% लाकर विद्यालय टॉपर बनी है। साधना कुमारी डॉ० शिवमंगल सिंह के एकलौती पुत्री है। इसके टॉप आने पर विद्यालय सहित घर परिवार व रिश्तेदारगण मे खुशी का महौल है। टॉप आने पर डॉ० बीरेंद्र कृष्ण रामबली उच्च विद्यालय कोनवाई के प्रांगण में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2023 में विद्यालय टॉपर साधना कुमारी ने प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय के स्टाफ, विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष श्री छठन सिंह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बैदा के प्रधानाध्यापक जग नारायण प्रसाद सिंह, डॉ वीरेंद्र सिंह, विजय कुमार सिंह जहांगीर शाह, ध्रुव कुमार सिंह, राज मोहन सिंह, उज्जवल किशोर सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह अमरेश कुमार पासवान, जय मुकुंद सिंह, रामरतन सिंह, पिंटू कुमार सिंह को मिठाई खिलाई तथा सभी ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं आशीर्वाद भी दिए। प्रधानाध्यापक ने बताया कि इस बार हमारे विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा जिससे शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी काफी खुश हैं।



# भाजपा ने जन-संपर्क अभियान को लेकर की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाजपा ने मंगलवार को जिला कार्यालय पलामू में महा जन-संपर्क अभियान के निमित्त गढ़वा एवं पलामू जिले की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक एवं बैठक का संचालन जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मुख्य अतिथि सहित सभी गणमान्य नेताओं ने पुष्पांजलि कर की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि महा जन-संपर्क अभियान के प्रमंडलीय प्रभारी गणेश मिश्रा उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष ने महा जनसंपर्क अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अब तक के किए गए कार्यों से मुख्य अतिथि समेत बैठक में शामिल सभी पदाधिकारियों को अवगत कराया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि गणेश मिश्रा ने कार्यक्रम की बारीकियों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए तय कार्यक्रम को तारीखों के अनुसार सफलतापूर्वक करने का सुझाव दिया और कहा इस कार्यक्रम की सफलता भारतीय जनता पार्टी को आगामी 2024 के चुनाव में मुकाम को हासिल कराने में मील का पत्थर साबित होगी । जिसकी कल्पना पार्टी के केंद्रीय नेताओं ने कर रखी है। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन गढ़वा जिला के जिला महामंत्री विकास स्वदेशी ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह,प्रेम सिंह गिरिनाथ सिंह, बिपिन बिहारी सिंह ,विनोद सिंह ,नरेंद्र पांडे अविनाश वर्मा ,मुकेश निरंजन सिन्हा ,प्रफुल्ल सिंह, कर्नल संजय सिंह, अमित तिवारी, गढ़वा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, विजय ओझा ,ईश्वरी पांडे, सूरज प्रसाद गुप्ता ,सोमेश सिंह ,राकेश रंजन दुबे एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति ने की समीक्षा बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सभाकक्ष में दिन मंगलवार को सदर 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति द्वारा सभी विभागों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष श्री रामानंद पाठक ने सभी विभागों की राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी विकास कार्य योजनाओं की जानकारी एक-एक कर प्राप्त की ।लंबित पडी़ योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश संबंधित विभाग के पदाधिकारी को दिए ,साथ ही पिछली बैठक में जो समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया गया था उन सभी बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी गयी। उपाध्यक्ष ने बिजली विभाग के जेई की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि बिजली विभाग अपनी कार्यशैली में सुधार लाए अन्यथा कार्रवाई की जाएगी । उपाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि आए दिन बिजली और पानी की आपूर्ति को लेकर प्रखंड वासियों को बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी चुप्पी साध कर सरकार द्वारा सिर्फ वेतन लेने का काम कर रहे हैं। वें अपने कार्य एवं जवाबदेही से दूर भाग रहे हैं,जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सदर प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायतों में बालू की किल्लत को देखते हुए जल्द से जल्द कोई वैकल्पिक व्यवस्था करने का निर्देश उपाध्यक्ष ने दिया। ताकि जल्द से जल्द मॉनसून आने से पहले विकास कार्य योजनाओं को पूर्ण किया जा सके। साथ ही अंचल अधिकारी को बालू की कालाबाजारी पर रोक लगाने की बात कहीं। बैंक कर्मियों की उपस्थिति नहीं होने पर संबंधित पंचायत क्षेत्र के बैंक प्रबंधक से स्पष्टीकरण मांगने की बात कहीं गई । सदर अंचल की समीक्षा करते हुए जमीन संबंधित मामलों में कर्मचारी अंचल कर्मी एवं ऑपरेटरों द्वारा बेवजह लोगों को परेशान नहीं करने की हिदायत दी एवं शैक्षणिक प्रमाणपत्रों को जल्द से जल्द निर्गत करने को कहा ,अन्यथा शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर नियुक्त स्वास्थ्य कर्मी व एनम निर्धारित समय पर उपस्थित रहे । श्री पाठक ने इसी तरह अन्य सभी विभागों की समीक्षा बिंदुवार की एवं निर्देश दिया कि जो भी विभाग के पदाधिकारी बैठक में अनुपस्थित थे उन्हें स्पष्टीकरण करते हुए 7 दिनों के अंदर जवाब देने की बात कहीं। प्रखंड आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए उपाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि अगर किसी भी डीलर का शिकायत राशन वितरण करने में गड़बड़ी मिला और जांच में सही पाया गया तो अभिलंब डीलर के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए राशन वितरण की दुकान को निलंबित किया जाएगा। बैठक का संचालन सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सचिव बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति के सचिव अमिताभ भगत एवं अध्यक्षता तेजू साव ने की। बैठक में मुख्य रूप से 20 सूत्री समिति क्रियान्वयन समिति के सदस्य गरिमा सहानी ,प्रेम प्रकाश ठाकुर ,जतरू उरांव, सदर अंचल अधिकारी जेके मिश्रा, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रजनीकांत पांडे एवं संबंधित विभाग के जे ई एवं अन्य कर्मीगन उपस्थित थे।



**अच्छी पहल** चंदवा में शेल्टर होम का किया गया उद्घाटन

# 'बेघरों को आश्रय देना पुनीत कार्य'

**नवीन मेल संवददाता। चंदवा**

प्रखंड के कामता पंचायत अंतर्गत भुसाढ़ गांव स्थित कृषि विकास केंद्र में गरीब और बेघर लोगों के लिए शेल्टर होम का स्ट्रीट प्रोविडेंस ट्रस्ट गोवा के साथ मिल कर डाल्टनगंज कैथोलिक धर्मप्रांत समेत अन्य अतिथियों उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरुआत आर्च बिशप फिलीक्स टोप्पो ने शेल्टर होम का फीता काटकर किया। डाल्टनगंज के बिशप थियोडोर ने सेल्टर होम के उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह घर उन सभी लोगों के लिए है जिनका कोई नहीं है, जो बेघर सड़कों या यहां-वहां भटकते रहते हैं, वे इस घर में मुप्त में रह सकते हैं। इस मौके पर खाद्य बैंक का भी उद्घाटन किया गया। थियोडोर ने यह भी कहा कि आज हम सभी को गरीब और बेघर लोगों के प्रति संवेदनशील होने की जरूरत है। आज यदि सभी चाहें तो कोई भी भूखा नहीं सोएगा क्योंकि अच्छा भोजन रोज बर्बाद होता है और हम इसे फेंके नहीं, क्योंकि इससे भी किसी का पेट भर सकता है। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने इस महान कार्य के लिए सभी को धन्यवाद दिया।



मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि यह अवसर लातेहार जिले के लिए ऐतिहासिक है। इससे लोगों में जागरूकता बढेगी। उन्होंने बीडीओ को शेल्टर होम को लेकर लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने का आग्रह किया। अंत में रांची महाधर्मप्रांत के आर्चबिशप फिलिक्स टोप्पो एसजे ने कहा कि ईश्वर हम सभी को कुछ न कुछ प्रेरणा देता है कि हम लोगों की सेवा में अपना योगदान दें। हमे जो गुण मिले हैं उनका सदुपयोग करते हुए न केवल वचन से बल्कि कर्म से भी लोगों की सेवा करें। अंत में कृषि विकास केंद्र के मैनेजर फादर प्रदीप पन्ना ने सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार, कॉंग्रेस सेवा दल जिला अध्यक्ष बाबर खान, कामता पंसस अयुब खान, कामता मुखिया नरेश भगत, चकला मुखिया रंजीता एक्का आदि उपस्थित थे।

# मनिका में पंचायत ने प्रेमी जोड़े देवर-भावी की कराई शादी

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**

थाना क्षेत्र के बंदूआ गांव में एक महिला का अपने देवर के साथ पंचायत द्वारा शादी करा देने का मामला प्रकाश में आया है। मामला बंदुआ गांव का है जहां दुर्गा बाड़ी मंदिर में पंचायत की मुखिया अनीता देवी और उप मुखिया रीमा देवी की देखरेख में शादी संपन्न कराई गई।

पंडित अरविंद पांडे द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विवाह कराया गया। जानकारी के अनुसार बंदुआ गांव के संजय पासवान की बेटी सुषमा का विवाह 12 वर्ष पूर्व केड़की माड़न पांकी प्रखंड में हुआ था। वह 3 बच्चों की मां है। तीन वर्ष पूर्व उसके पति की मौत हो गई। इसके बाद महिला और उसके अपने देवर के बीच प्रेम प्रसंग चलने लगा। इसी बीच महिला का देवर अभिषेक पासवान उसके घर आने जाने लगा, जहां पर दोनों का प्रेम प्रसंग चलता रहा। इसकी भनक घरवालों को लगने के साथ गांव समाज को लगी। इस दौरान लड़का सोमवार को अपनी विधवा भाभी के घर बंदूआ मिलने आया हुआ था, जहां पर मंगलवार दिन को पंचायत बैठी और देवर व उसकी विधवा भाभी की शादी करा देने का फैसला लिया गया। बंदूआ गांव के दुर्गा बाड़ी मंदिर में दोनों की हिंदू रीति रिवाज के साथ शादी करा दिया गया। मौके पर शादी में लड़की पक्ष के साथ बंदूआ पंचायत के जनप्रतिनिधि सहित पासवान समाज के प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, ग्राम प्रधान महावीर साहू, गुड्डू राम, चौकीदार अनिल पासवान, धर्मेंद्र पासवान, राजेश्वर यादव, रघुनाथ प्रसाद, युवा कांग्रेस अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव सहित कई लोग मौजूद थे। वहीं देवर के साथ विधवा भाभी की शादी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। सहित सभी लोगों ने वर-वधू को सुख में जीवन जीने का आशीर्वाद दिया।



### घर में लगी आग, लगाई मदद की गुहार

**मनिका।** प्रखंड मुख्यालय के थाना के समीप दिन सोमवार की रात में नरेश साहू के घर में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे घर में रखे लाखों रुपये की संपत्ति जलकर बर्बाद हो गई। भुक्तभोगी नरेश साहू ने बताया कि घर में टेंट हाउस का सामान रखा हुआ था। घर में आग लगने के कारण लगभग 6 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि कच्चा मकान होने के कारण आग पूरे घर में बहुत ही तेजी से फैल गई। आसपास के लोगों के सहयोग से जैसे-तैसे करके आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक सब सामान जलकर खाक हो गए थे। भुक्तभोगी नरेश साहू ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# हिंसा की आग में जलता मणिपुर

**उत्तर** पूर्व का छोटा सा राज्य मणिपुर लगातार हिंसा की आग में जल रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार से मणिपुर के प्रवास पर हैं, लेकिन उनके आगमन की पूर्व संध्या पर 10 मौतें हो चुकी हैं। मृतकों में एक महिला और असम पुलिस के दो कमांडो भी शामिल हैं। मणिपुर के विभिन्न जिलों में करीब 400 घर फूंक दिए गए हैं। अकेले कक्चिंग जिले में ही 200 और विष्णुपुर में 150 घर आग की लपटों के शिकार हो गए हैं। गुस्साई और उत्तेजित भीड़ ने 4 विधायकों के घरों पर भी हमले किए हैं। मौत और आगजनी का यह सिलसिला तब है, जब थलसेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे मणिपुर में ही डेरा डाले हुए हैं। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय भी वहां के हालात का जायजा लेने गए थे। इनके अलावा, सुरक्षा बलों और सेना के 36,000 से ज्यादा जवान भी मणिपुर में तैनात किए गए हैं। यह बेहद गंभीर और संवेदनशील मामला है, क्योंकि पूर्वोत्तर के एक राज्य में उग्रवाद इस तरह पनपता और बढ़ता रहा, तो वह दूसरे राज्यों में भी जा सकता है। पूर्वोत्तर ने लंबे समय तक उग्रवाद को झेला है और भारत की मुख्य धारा से वह कटा रहा है। ये टकराव, मारा-काटी और मुठभेड़ राज्य के उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद भडके हैं, जिसमें न्यायाधीश ने मैतेई समुदाय को 'अनुसूचित जनजाति' का दर्जा देने की बात कही थी। हालांकि सर्वोच्च अदालत ने एकल न्यायाधीश की पीठ के ऐसे निर्देश को 'बिल्कुल गलत' करार दिया है, लिहाजा उसके बाद हालात शांत और सामान्य होने चाहिए थे, लेकिन केंद्रीय गृह मंत्रालय के हस्तक्षेप और भाजपा नेतृत्व के निदेर्शों के बावजूद मणिपुर की आग मद्धिम भी नहीं हुई है।

**कानून-व्यवस्था को बरकरार रखना सरकार का ही दायित्व है। गृह मंत्रालय और राज्य सरकार की सबसे बड़ी चुनौती मैतेई समुदाय और नगा, कुकी समुदायों में अविश्वास और संदेह दूर करना तथा राज्य में शांति सुनिश्चित करना है।**

मैतेई मणिपुर का बहुसंख्यक, हिंदूवादी और वर्चस्ववादी समुदाय है, जो अधिकतर इम्फाल घाटी में बसा है। जो आदिवासी पहाड़ी जिलों के भू-भाग में बसे हैं, उनके साथ मैतेई के संबंधों का इतिहास कड़वा रहा है। कमोबेश मुख्यमंत्री और सरकार को यह आकलन कर लेना चाहिए था कि उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद अशांति, बेचैनी, तनाव और अंततः अराजकता के हालात बन सकते हैं। प्रशासन और सरकार चलाना बुनियादी तौर पर राजनीतिक कर्म है, लिहाजा कानून-व्यवस्था को बरकरार रखना सरकार का ही दायित्व है। मैतेई समुदाय भाजपा-समर्थक है और सम्पन्न, समृद्ध समाज है। उसी के विधायक सबसे ज्यादा हैं। फिर भी उसे 'आदिवासी' का दर्जा चाहिए, ताकि आरक्षण के फायदे बटोरे जा सकें। यह खौफ और डर कुकी, नगा, जूमी आदिवासियों में है, लिहाजा अब वे अपनी नई मांग पर अड़े हैं कि उन्हें पहाड़ी जिलों के लिए 'पृथक प्रशासनिक तंत्र' चाहिए। दरअसल मणिपुर के जलते हालात के लिए सिर्फ उच्च न्यायालय का फैसला ही एकमात्र कारण नहीं है। राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी से भागती रही है।

मणिपुर ऐसा राज्य है जिसके महिला और पुरुष खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में देश का नाम रोशन किया। मणिपुर भारत के फुटबाल के गढ़ के रूप में पूरी तरह से उभर चुका है और इसी राज्य ने मैरीकॉम, चानू मीरा बाई तथा डिंको सिह जैसे प्रतिष्ठित मुक्केबाज दिए हैं। जिस राज्य ने देश को गौरव दिलाया हो वहां पर बार-बार जातीय हिंसा का भड़कना बेहद दुखद है। अपने ही देश में लोग शरणार्थियों जैसा जीवन जीने को विवश हैं। गृह मंत्रालय और राज्य सरकार की सबसे बड़ी चुनौती मैतेई समुदाय और नगा, कुकी समुदायों में अविश्वास और संदेह दूर करना तथा राज्य में शांति सुनिश्चित करना है। केन्द्र को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि राज्य में हुई झड़पों में पीड़ित सभी लोगों को इंसाफ मिले।

# मोदी सरकार के बेमिसाल नौ साल





डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

***नरेन्द्र*** मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में सफलतापूर्वक नौ वर्ष पूरे कर लिए। संयोग है कि केंद्र सरकार की नौवीं वर्षगांठ के ठीक पहले पापुआ न्यू गिनी में उन्हें सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगभग एक दर्जन सम्मान मिल चुके हैं। देश-विदेश में हर जगह मोदी-मोदी की गूंज होती है। इस नौ साल की अवधि में दो वर्ष वैश्विक कोरोना महामारी का प्रकोप रहा। इसने दुनिया के विकसित देशों को भी हिला कर रख दिया। सभी देशों की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। इससे संभलने का प्रयास चल ही रहा था कि रूस-यूक्रेन संकट सामने आ गया। इन सभी कारणों से पूरी दुनिया में महंगाई बढ़ी। अमेरिका और यूरोप के विकसित देशों में कई दशक बाद ऐसी महंगाई देखी गई। इस कोरोना काल में नरेन्द्र मोदी सरकार ने दुनिया की सबसे बड़ी निशुल्क राहत वितरण योजना का संचालन किया। दुनिया का सबसे बड़ा निशुल्क टीकाकरण अभियान चलाया। यह कीर्तिमान है। इसका लोहा दुनिया के लगभग सभी देशों ने माना है। किंतु भारत का विपक्ष नकारात्मक राजनीति से बाहर नहीं निकल पाया। वह बता रहा है कि नौ वर्ष में महंगाई दर सर्वाधिक है। विपक्ष भूल जाता है कि यूपीए सरकार तेल उत्पादक देशों और कम्पनियों का कई लाख करोड़ रुपये का कर्ज छोड़ गई थी। इसकी भरपाई भी मोदी सरकार को करनी पड़ रही है। इन नौ वर्षों में अनेक संवेदनशील समस्याओं का समाधान हुआ। निसंदेह यह सभी नरेन्द्र मोदी सरकार के कारण ही संभव हुआ। यदि कोई अन्य सरकार होती तो इन मसलों पर चर्चा तक मुनासिब न होती। कांग्रेस के अनेक दिग्गज नेता श्री रामजन्म भूमि सुनवाई को टालने के लिए जमीन-आसमान एक कर रहे थे। कहा जा रहा था कि दोनों पक्ष सहमति से इसका समाधान निकालें या कोर्ट का फैसला माने।

सहमति से समाधान असंभव था। मंदिर के विरोध में बाकायदा एक्शन कमेटी बनी थी। अपने को सेक्युलर घोषित करने वाले भी मंदिर निर्माण के विरोधी थे। मोदी सरकार के कार्यकाल में शीघ्र समाधान का मार्ग प्रशस्त किया। इससे सदियों से लंबित समस्या का समाधान शांतिपूर्ण ढंग से हुआ। अब तो मंदिर भव्य और दिव्य रूप में आकार ले रहा है। तीन तलाक पर प्रतिबंध भी मोदी सरकार के कारण संभव हुआ। अनेक मुस्लिम देश इस पर रोक लगा चुके थे, लेकिन भारत में रोक की बात को ही साम्प्रदायिक करार दिया जाता था। मोदी सरकार ने इसकी कोई चिंता नहीं की। उसने पहल की, अंततः तीन तलाक व हलाला की कुप्रथा का अंत हुआ। मुस्लिम महिलाओं को न्याय मिला। अनुच्छेद 370 और 35 ए का विरोध करना भी साम्प्रदायिकता माना जाता था। सेक्युलर दिखने के लिए इन अलगाववादी प्रावधानों का समर्थन जरूरी था। संसद में इस पर चली बहस से यह प्रमाणित भी हुआ। इसके हटने पर गम्भीर परिणाम की चेतावनी तक दी गई। अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति की बदौलत नरेन्द्र मोदी सरकार ने इसको हटा कर ही दम लिया। देश में सत्तर वर्ष बाद एक विधान-एक निशान लागू हुआ। नागरिकता संशोधन कानून लागू हुआ। मोदी सरकार ने आत्मनिर्भर भारत का नारा ही नहीं दिया बल्कि भारत को आत्मनिर्भर बनाकर दिखाया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी दूरदर्शी नीतियों, समर्पण और टीम इंडिया की भावना के साथ देश के लोकतंत्र को एक नई दिशा दी है।

**इन नौ वर्षों में अनेक संवेदनशील समस्याओं का समाधान हुआ। निसंदेह यह सभी नरेन्द्र मोदी सरकार के कारण ही संभव हुआ। यदि कोई अन्य सरकार होती तो इन मसलों पर चर्चा तक मुनासिब न होती।**

**इन दिनों**

सरकार के प्रत्येक निर्णय लोक कल्याण और राष्ट्रीय हित के अनुरूप हैं। मोदी ने दशकों से फाइलों में धूल फांक रहे फैसलों को लागू किया। इसमें कोई दोराय नहीं कि बीस लाख करोड़ रुपये के आत्मनिर्भर पैकेज से भारत की आयात पर निर्भरता कम होगी। भारत आत्मनिर्भर बनेगा। इससे भारत की विकास यात्रा को नई गति मिली है। सेनाओं के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के पद के गठन किया गया। आपदा के इस दौर में उत्पीड़ित लोगों को भारतीय नागरिकता मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ। हालांकि इसके विरोध में जमकर हंगामा भी हुआ। लेकिन सरकार ने इसकी परवाह नहीं की।

केंद्र सरकार ने पाकिस्तान अफगानिस्तान और बांग्लादेश उत्पीड़ित हिन्दू, बौद्ध, सिख और शरणार्थियों से भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन आमंत्रित किए। यह शरणार्थी गुजरात, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा तथा पंजाब की 13 जिलों में हैं। सीएए के कारण ही उनके भारतीय नागरिक बनने का रास्ता साफ हुआ था। आजादी के बाद सात दशकों में देश के केवल साढ़े तीन करोड़ ग्रामीण घरों में ही पानी के कनेक्शन थे। पिछले कुछ महीनों में साढ़े चार करोड़ घरों को साफ पानी के कनेक्शन दिए गए हैं। दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान लागू की गई। इसके दायरे में पचास करोड़ लोग हैं।

इस अवधि में भारत ने डिजिटल लेनदेन में दुनिया को नई दिशा दिखाने का काम किया है। रिकॉर्ड सैटेलाइट प्रक्षेपित किए गए हैं। रिकॉर्ड सड़कें बनाई जा हैं। पूर्वोत्तर से लेकर कश्मीर तक शांति और विकास का एक नया भरोसा जगा है। स्वरोजगार के लिए मुद्रा बैंक ने बड़ी संख्या में लोगों को लाभान्वित किया है। स्वनिधि योजना से भी गरीब व्यवसायियों को लाभ मिल रहा है। कोरोना काल में अस्सी करोड़ लोगों को निशुल्क राशन की व्यवस्था की गई। जन औषधि दवा केन्द्रों की संख्या अस्सी से बढ़कर पांच हजार हो गई। करीब सवा सौ नए मेडिकल कालेज खुले।

यूपीए के दस वर्ष में भारतीय रेल ने मात्र चार सौ तेरह रेल रोड ब्रिज और अंडर ब्रिज का निर्माण किया। मोदी सरकार ने इससे तीन गुना अधिक निर्माण किया। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के पन्द्रह करोड़ से ज्यादा लाभार्थी है। यह दुनिया की सबसे सस्ती योजना है। बिजली उत्पादन चालीस प्रतिशत वृद्धि हुई। सोलर ऊर्जा में आठ गुना वृद्धि हुई। फसल बीमा योजना का लाभ पहले पचास प्रतिशत नुकसान पर मिलता था। अब किसान को तैंतीस प्रतिशत पर भी मिल जाता है। यूरिया को नीम कोटेड किया कालाबाजारी खत्म हुई। देश में यूरिया की कोई कमी नहीं है। किसानों को सम्मान निधि दी जा रही है। पिछली सरकारों के समय 52 सेटेलाइट लॉन्च किए गए थे। मोदी सरकार अब तक करीब 300 सेटेलाइट लॉन्च कर चुकी है।

सरकार ने चालीस करोड़ लोगों के जनधन खाते खुलवाए। पहले ये लोग बैंकिंग सेवा से वंचित थे। आयुष्मान, उज्ज्वला और निर्धन आवास योजनाएं संचालित की गईं। देश खुले में शौच से मुक्त हो गया। भाजपा सरकार ने घर घर बिजली पहुंचाई। आठ करोड़ गैस कनेक्शन दिए। राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री रहते हुए कहा था कि योजनाओं के एक रुपये में पन्द्रह पैसा गरीबों तक पहुंचता था। लेकिन वे बस कहकर ही रह गए, समाधान की दिशा में कुछ नहीं किया।

**बोधि वृक्ष**

## *बोधी वृक्ष का इतिहास*

बोधि वृक्ष को नष्ट करने का पहला प्रयास ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी में किया गया था। वैसे तो सम्राट अशोक बौद्ध अनुयायी थे, लेकिन कहते हैं कि उनकी एक रानी तिष्यरक्षिता ने चोरी-छुपे वृक्ष को कटवा दिया था। उस समय सम्राट अशोक दूसरे प्रदेशों की यात्रा पर गए हुए थे। हालांकि उनका ये प्रयास विफल रहा था। बोधि वृक्ष पूरी तरह नष्ट नहीं हुआ था। कुछ ही सालों के बाद बोधि वृक्ष की जड़ से एक नया पेड़ उग आया था। उस पेड़ को बोधि वृक्ष की दूसरी पीढ़ी का वृक्ष माना जाता है, जो करीब 800 साल तक रहा था। दूसरी बार बोधि वृक्ष को नष्ट करने का प्रयास सातवीं शताब्दी में बंगाल के राजा शशांक ने किया था। कहा जाता है कि वह बौद्ध धर्म का कट्टर दुश्मन था। उसने बोधि वृक्ष को पूरी तरह नष्ट करने के लिए उसे जड़ से ही उखड़वाने को सोचा था, लेकिन जब वो इसमें असफल रहा तो उसने वृक्ष को कटवा दिया और उसकी जड़ों में आग लगवा दी। लेकिन यह चमत्कार ही था कि इसके बावजूद भी बोधि वृक्ष नष्ट नहीं हुआ और कुछ सालों के बाद उसकी जड़ से एक नया पेड़ निकला, जिसे तीसरी पीढ़ी का वृक्ष माना जाता है। यह वृक्ष करीब 1250 साल तक रहा था। तीसरी बार तो बोधि वृक्ष वर्ष 1876 में प्राकृतिक आपदा की वजह से नष्ट हो गया था, जिसके बाद एक अंग्रेज लॉर्ड कनिंघम ने वर्ष 1880 में श्रीलंका के अनुराधापुरा से बोधिवृक्ष की शाखा मंगवाकर उसे बोधगया में फिर से स्थापित कराया था। यह बोधि वृक्ष की पीढ़ी का चौथा पेड़ है, जो बोधगया में आज तक मौजूद है। दरअसल, ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी में सम्राट अशोक ने अपने बेटे महेंद्र और बेटी संघमित्रा को बौद्ध धर्म का प्रचार-प्रसार करने के लिए बोधि वृक्ष की टहनियां देकर उन्हें श्रीलंका भेजा था। उन्होंने ही अनुराधापुरा में उस वृक्ष को लगाया था। *(क्रमशः)*

# गुलामी की मानसिकता के इतिहास का अवसान



मृत्युंजय दीक्षित

***स्वतंत्रता*** प्राप्ति के 75 वर्षों के लंबे अंतराल के पश्चात विविध राजनीतिक अवरोधों को पार करते हुए देश को अपना नया संसद भवन मिल गया। नया संसद भवन आत्मनिर्भर भारत, एक भारत श्रेष्ठ भारत और अखंड भारत की संकल्पना का सन्देश दे रहा है। इसके उद्घाटन अवसर पर तमिलनाडु की चोल परंपरा के सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक सेंगोल (राजदंड) की स्थापना की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेंगोल को दंडवत प्रणाम किया। इसी के साथ गुलामी की मानसिकता के इतिहास का अवसान हो गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधन में स्पष्ट सन्देश दिया कि आने वाले समय में सरकार भारतीय व अंतरराष्ट्रीय राजनीति व समाज को प्रभावित करने वाले बड़े व दूरगामी प्रभाव डालने वाले निर्णय लेगी। नए संसद भवन का उद्घाटन कर प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों की राजनीतिक जमीन को हिला कर रख दिया है। इस कार्यक्रम ने विपक्ष की 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के खिलाफ महागठबंधन बनाने के प्रयासों को भी तगड़ा झटका दिया है। उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री मोदी के समर्थन में 25 दल शामिल हुए जबकि विरोध में केवल 21 दल रहे। प्रधानमंत्री ने कहा भी कि यह संसद भवन आत्मनिर्भर और विकसित भारत का साक्षी बनेगा। यह संसद भवन 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब है। ये हमारे लोकतंत्र का मंदिर है जो योजना को यथार्थ से, नीति को निर्माण से, इच्छाशक्ति को क्रियाशक्ति से तथा संकल्प को सिद्धि से जोड़ने वाली अहम कड़ी साबित होगा। दिव्य और भव्य भवन राष्ट्र की समृद्धि व सामर्थ्य की नई गति को शक्ति देगा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में एक ओजस्वी कविता सुनकर सम्पूर्ण परिवेश को राष्ट्र भाव से ओत प्रोत कर दिया - 'नवीन प्राण चाहिए'।

प्रधनमंत्री ने संबोधन में इस भवन की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए साफ किया कि नया संसद भवन बनाना भविष्य की चुनौतियों को पूरा करने और उनसे निपटने के लिए कितना अनिवार्य हो गया था। नये संसद भवन को देखकर आज हर भारतीय गौरवान्वित है ,क्योंकि इसमें विरासत और वास्तुकला का कौशल है तो संस्कृति के साथ संविधान के स्वर भी हैं। संसद के प्रांगण में राष्ट्रीय वृक्ष बरगद है तो लोकसभा का आंतरिक हिस्सा राष्ट्रीय पक्षी मोर को समर्पित है जबकि राज्यसभा का आंतरिक हिस्सा राष्ट्रीय फूल कमल पर आधारित है। नए भवन में पवित्र सेंगोल की स्थापना कर इसकी गरिमा लौटाई गई है। महान चोल साम्राज्य में सेंगोल कर्तव्य पथ, सेवापथ और राष्ट्रपथ का प्रतीक माना जाता था। संसद भवन का उद्घाटन हो जाने से गुलामी के सभी प्रतीकों व विचारों से स्वतंत्रता मिलने का युग प्रारम्भ हो चुका है। नवीन संसद भवन में शिव वाहक नंदी से युक्त तथा नीतिपरायणता का सन्देश देने वाले सेंगोल की स्थापना से अब संसद में आन वाले सभी सांसदों को अपने कर्तव्यों का बराबर बोध होता रहेगा। सेंगोल को राजदंड या धर्मदंड भी कहा जाता है। इसे भावी रामराज्य के लोक कल्याणकारी पक्ष एवं प्रतिमान के रूप में देखा जा सकता है। संसद में अखंड भरत का मानचित्र भी है। अतः सेंगोल और अखंड भारत के मानचित्र से अखंड भारत के लिए धर्मसम्मत कर्तव्य का बोध भी जागृत हो सकेगा। सेंगोल की स्थापना वस्तुतः हमारे गौरवशाली इतिहास की पुनः प्रतिष्ठा है। यह चोल राजाओं के सुदीर्घ साम्राज्य के साथ साथ हिंदू धर्म के लोकोपकारी बृहत्तर रूप का उद्घाटन करने वाला है। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि नया संसद भवन भारत के समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक विरासत का प्रतिबिम्ब है और नये विचारों को गति देगा।

**प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधन में स्पष्ट सन्देश दिया कि आने वाले समय में सरकार भारतीय व अंतरराष्ट्रीय राजनीति व समाज को प्रभावित करने वाले बड़े व दूरगामी प्रभाव डालने वाले निर्णय लेगी।**

**धर्म-ज्ञान**

**फोटो की दुनिया**



**फेसबुक वॉल से**

जब आप स्वयं के मूल्य में विश्वस्त होते हैं किसी कार्य को करने के लिए समर्थ होते हैं तब आप निश्चित रूप से सकारात्मक विजय प्राप्त करते हैं।

# तम्बाकू का 'मजा', मौत की 'सजा'



योगेश कुमार गोयल

***दशकों*** से दुनिया में धूम्रपान के दुष्प्रभाव पर अध्ययन हो रहा है। धूम्रपान हर लिहाज से हानिकारक है, यह सभी का निचोड़ है। बावजूद इसके लोग सचेत नहीं हो रहे। किशोर तक इसकी गिरफ्त में हैं। स्थिति लगातार विस्फोटक हो रही है। हम हर वर्ष 31 मई को विश्व धूम्रपान निषेध दिवस पर समारोह, गोष्ठी और विभिन्न कार्यक्रमों में धूम्रपान न करने की प्रतिज्ञा कर अगले दिन सब भूल जाते हैं। दरअसल इसके लिए जनमानस के एक हिस्से में घर कर चुकी धारणाएं बहुत अधिक जिम्मेदार हैं। सच बात तो यह है कि धूम्रपान करने से शरीर में चुस्ती-फुर्ती आने, मानसिक तनाव कम होने और कब्ज की शिकायत दूर होने जैसी धारणाएं मनगढ़ंत हैं। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान धीमा जहर है। इसके सेवन से प्राणघातक बीमारियां जन्म लेती हैं। ऐसे व्यक्ति धीमी गति से मृत्यु शैया तक पहुंच जाते हैं।

तमाम जद्दोजहद के बाद धूम्रपान के विज्ञापन तो बंद हो चुके हैं पर नशे का यह उद्योग खूब फल-फूल रहा है। लोग सालभर में सात हजार करोड़ रुपये मूल्य से अधिक की सिगरेट फूंक देते हैं। और इनका धुआं वातावरण में जहर बनकर घुल जाता है। इस खतरनाक धुआं से करीब 50 टन तांबा, 15 टन शीशा, 11 टन कैडमियम तथा कई अन्य खतरनाक रसायन वातावरण में मिल हैं। भारत में प्रतिवर्ष 100 अरब रुपये मूल्य से भी अधिक की बीड़ी का सेवन किया जाता है। भारत के संदर्भ में एक सरकारी अध्ययन के मुताबिक तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों के इलाज पर सालभर में करीब 1.04 लाख करोड़ रुपये खर्च हो जाते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में धूम्रपान के कारण 2019 में 77 लाख लोगों की मौत हुई। इस रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर पांच में से एक पुरुष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरुष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं। विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत है। पुरुषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तम्बाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत बढ़ती रही तो यह संख्या लाखों में पहुंच सकती है।अगले तीस वर्षों में केवल गरीब देशों में धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी। संगठन का अनुमान है कि प्रतिवर्ष विश्वभर में आठ हजार से ज्यादा नवजात शिशु धूम्रपान की वजह से असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि कैंसर, हृदय रोग, सांस की बीमारी, डायबिटीज इत्यादि से पीड़ित लोगों के लिए धूम्रपान काफी खतरनाक हो सकता है। ऐसे व्यक्ति को धूम्रपान से बचना चाहिए। सगरेट के धुएं में पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसोप्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि चार हजार से भी ज्यादा घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं। यह मानव शरीर को विभिन्न प्रकार से नुकसान पहुंचाते हैं। गर्भवती महिलाओं के धूम्रपान करने से कम लम्बाई और कम वजन के बच्चों का जन्म, बच्चों में अपंगता तथा बाल्यावस्था में ही घातक हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है।

**हम हर वर्ष 31 मई को विश्व धूम्रपान निषेध दिवस पर समारोह, गोष्ठी और विभिन्न कार्यक्रमों में धूम्रपान न करने की प्रतिज्ञा कर अगले दिन सब भूल जाते हैं।**

**देश-दुनिया**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# पैरामेडिकल फील्ड में कॅरियर की हैं अपार संभावनाएं

आजकल के छात्र अपने कॅरियर को लेकर काफी परेशान रहते हैं। लेकिन अगर आप 10वीं पास कर चुके हैं तो पैरामेडिकल कोर्स कर आप अपने कॅरियर को नई दिशा दे सकते हैं। हेल्थ केयर में कॅरियर की अपार संभावनाएं होती हैं। आजकल के छात्र अपने कॅरियर को लेकर काफी परेशान रहते हैं। किस क्षेत्र में उन्हें अपना कॅरियर बनाना है, या कौन सा कोर्स उनके लिए सही है। ऐसी कई समस्याएं छात्रों के सामने रहती हैं। हालांकि 10वीं कक्षा के बाद छात्रों के पास कई बेहतरीन कॅरियर ऑप्शन होते हैं। जरूरत होती है तो इन कोर्सेज के बारे में अच्छे से व सही जानकारी हासिल करने की।

यहां पर हम किसी अन्य कोर्स नहीं बल्कि पैरामेडिकल कोर्स की बात कर रहे हैं। हालांकि ऐसा कहा जाता है कि 12वीं कक्षा के बाद इस कोर्स में प्रवेश लिया जा सकता है। लेकिन शायद आपको यह जानकारी नहीं होती कि 10वीं के बाद भी आप इस कोर्स को कर सकते हैं। बता दें कि पैरामेडिकल को हेल्थ सेक्टर की रीढ़ की हड्डी माना जाता है। इस कोर्स को कर आप भी हेल्थ केयर में अपना कॅरियर बना सकते हैं। ऐसे में अगर आप भी 10वीं की परीक्षा पास कर चुके हैं तो इस कोर्स को कर अपने कॅरियर को उड़ान दे सकते हैं।

आज इस आर्टिकल में हम आपको पैरामेडिकल कोर्स के बारे में सभी आवश्यक जानकारी देने जा रहे हैं। पैरामेडिकल भी स्किल डेवलपमेंट कोर्सेज में से एक है। इस कोर्स की अवधि 1 या 2 साल की हो सकती है। वहीं इसमें कुछ कोर्स ऐसे भी हैं, जिनकी अवधि 3 साल की होती है। इसके अलावा आप चाहे तो सर्टिफिकेट कोर्स भी कर सकते हैं। बता दें कि इस कोर्स को करने के साथ ही आप अपनी आगे की शिक्षा को भी जारी रख सकते हैं।




### शॉर्ट टर्म डिप्लोमा कोर्स लिस्ट

एक्स-रे रेडियोलॉजी असिस्टेंट
ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट
एमआरआई टेक्नीशियन
सीटी स्कैन टेक्नीशियन
मेडिकल लेबोरेटरी
नर्सिंग केयर असिस्टेंट
जनरल ड्यूटी असिस्टेंट
होम-बेस्ड हेल्थ केयर
होम हेल्थ एड
ईसीजी असिस्टेंट
डेंटल असिस्टेंट

### पैरामेडिकल में डिप्लोमा कोर्स

डिप्लोमा इन ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी
डिप्लोमा इन ऑडियोलॉजी एंड स्पीच थेरेपी
डिप्लोमा इन मेडिकल रिकॉर्ड टेक्नोलॉजी
डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्निक्स
डिप्लोमा मेडिकल रिकॉर्ड टेक्नोलॉजी
डिप्लोमा इन लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी
डिप्लोमा इन रूरल हेल्थ केयर
डिप्लोमा इन आयुर्वेदिक नर्सिंग
डिप्लोमा इन सैनिटरी इंस्पेक्टर
डिप्लोमा इन ईसीजी टेक्नोलॉजी
डिप्लोमा इन ऑडियोमेट्री
डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नोलॉजी
डिप्लोमा नर्सिंग केयर असिस्टेंट
डिप्लोमा इन सैनीटरी इंस्पेक्टर
डिप्लोमा इन डेंटल हाइजीन

### जॉब प्रोफाइल

मेडिकल कोडर
इमरजेंसी नर्सिंग
कंप्यूनिटी हेल्थ नर्स
मेडिकल ऑफिसर मैनेजर
मेडिकल रिसेप्शनिस्ट
हेल्थ इंफॉर्मेशन टेक्नीशियनबिलिंग एंड कोडिंग टेक्नीशियन

### कॅरियर की संभावनाएं

नर्सिंग होम्स
प्राइवेट क्लिनिक
मेडिकल राइटिंग
डॉक्टर ऑफिस
कंप्यूनिटी हेल्थ सेंटर
सरकारी और प्राइवेट अस्पताल
हेल्थ केयर सिस्टम क्लिनिक्स

❖ अनन्या मिश्रा


# इंटरव्यू के दौरान भूलकर भी न करें ये गलतियां...

जॉब के लिए इंटरव्यू के दौरान लोग बॉडी लैंग्वेज से जुड़ी कई गलतियां करते हैं। जिसके कारण इंटरव्यू अच्छा जाने के बाद भी उनका सिलेक्शन नहीं होता है। यहां हम आपको सही बॉडी लैंग्वेज के साथ इंटरव्यू क्रैक करने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं। अच्छी जॉब की चाहत रखने वाले लोग काफी समय पहले से ही इंटरव्यू की तैयारियां शुरू कर देते हैं। इंटरव्यू से पहले लोग तमाम सवालों की तैयारियां भी करते हैं। इस दौरान लोग इंटरव्यू में अच्छा इंप्रेशन देने के लिए आटउफिट्स को लेकर भी कंफ्यूज हो जाते हैं। इन सारी तैयारियों के अलावा कुछ जरूरी बातें हैं जिनका आपको खास ध्यान रखना चाहिए। कई बार इंटरव्यू अच्छा जाने के बाद भी आप सिलेक्शन से चूक जाते हैं। इस दौरान आपकी बॉडी लैंग्वेज बहुत मायने रखता है। आज हम आपको उन बॉडी लैग्वेज के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको इंटरव्यू के दौरान बिलकुल भी नहीं करनी चाहिए।

### ऐसे करें शुरूआत

इंटरव्यू में आपके उठने-बैठने का तरीका, हाव-भाव, आपके हाथ के एक्शन आदि के अलावा आपकी बॉडी लैंग्वेज पर भी खास ध्यान दिया जाता है। इंटरव्यू के लिए जाने के दौरान सामने वाले से हाथ मिलाने के दौरान इस बात का खास ध्यान रखे कि हाथ न तो बहुत हल्के से और न बहुत तेजी से मिलाएं। यदि आपके हाथ गीले हों तो उन्हें पोछकर साफ कर लें। वहीं इंटरव्यू के दौरान सामने वाले से आई कॉन्टैक्ट बनाकर रखें। वहीं हैंडशेक करने के दौरान गर्मजोशी से मिलें। आंखें झुकाकर या कहीं और देखते हुए हैंडशेक करने की गलती न करें। इंटरव्यू के दौरान आपको स्ट्रेट होकर बैठना चाहिए। इसके अलावा अगर आप इंटरव्यू लेने वाले के सामने क्रास लेग करके बैठते हैं तो यह आपके इंप्रेशन को खराब कर सकता है। साथ ही यह सामने वाले पर्सन पर भी बुरा प्रभाव डालता है। इसलिए इंटरव्यू के दौरान इस तरह की गलती किए जाने से बचना चाहिए। बता दें कि स्ट्रेट पोस्चर यानि की एकदम सीधे होकर बैठने से आपका सामने वाले पर डिफेंसिव इंप्रेशन जाता है। ढीला-ढाला पोस्चर आपकी खराब बॉडी लैंग्वेज को दिखाता है।





### क्रॉस आर्म्स

बॉडी लैंग्वेज से जुड़ी एक क्रॉस आर्म्स होती है। इंटरव्यू देते समय हाथों को सीधे अपनी थाई पर रखकर बैठें। इस दौरान न तो हाथों को क्रॉस करें और न ही हाथ जेब में डालें। अगर आप हाथ क्रॉस करके बैठते हैं तो यह आपके एरोगेंस को दिखाता है। जिससे इंटरव्यू में खराब इंप्रेशन पड़ता है। कई लोग टेबल के ऊपर हाथ रखकर बात करते हैं। ऐसा भी करने से बचना चाहिए। बता दें कि जब तक हाथ से कोई बहुत जरूरी बात न समझानी हो, तब तक हाथों को इधर-उधर न करें। इसके अलावा बार-बार अपने हाथों को बालों पर न फिराएं।

### फेस टच

कई लोगों की बार-बार अपने चेहरे, बालों या कपड़ों को टच करने की आदत होती है। यदि आप किसी इंटरव्यू के दौरान भी ऐसी हरकत करतें है, तो यह सामने वाले को आपके खराब इंप्रेशन को दिखाता है। क्योंकि ये आदतें नेगेटिव बॉडी लैंग्वेज जेस्चर में आती हैं। इसलिए इंटरव्यू के दौरान भूलकर भी ऐसी गलती नहीं करनी चाहिए। आपकी बॉडी लैंग्वेज से जुड़ी इस तरह की कई गलतियां इंटरव्यू में असफल होने का कारण भी बन सकती हैं।

# नीट स्टूडेंट्स के लिए खुशखबरी, 6 नये मेडिकल कॉलेजों को दी गई मंजूरी



नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। बता दे कि एनएमसी द्वारा तेलंगाना राज्य के 6 सरकारी मेडिकल कॉलेजों के शैक्षणिक वर्ष 2023-24 की कक्षाएं शुरू करने की मंजूरी दे दी गई है। नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट यानी की नीट की तैयारी कर रहे मेडिकल स्टूडेंट्स के लिए एक बड़ी और अच्छी खबर सामने आई है। बता दें कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) द्वारा तेलंगाना के छह सरकारी मेडिकल कॉलेजों को शैक्षणिक वर्ष 2023-24 से कक्षाएं शुरू करने की मंजूरी दे दी गई है। तेलंगाना के स्वास्थ्य मंत्री टी. हरीश राव ने ट्वीट कर इस मामले की जानकारी दी है। उन्होंने ट्वीट कर बताया कि सिरसिला, निर्मल और करीमनगर मेडिकल कॉलेजों के लिए मंजूरी प्रक्रियाअपने आखिरी चरण में हैं। बता दें कि हाल ही के वर्षों में मेडिकल स्कूल के ग्रेजुएट के लिए मौजूद सीटों में वृद्धि हुई है। जिसके चलते इस साल नए कॉलेजों के लिए 100-100 नई सीटों को मंजूरी मिली है। इस फैसले के बाद देश के सरकारी और प्राइवेट कॉलेजों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हुई है। 15 अप्रैल 2023 से नीट यूजी 2023 परीक्षा के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को बंद हो गई है।

### एक लाख से अधिक सीटें

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की तरफ से नए मेडिकल कॉलेजों में स्टूडेंट्स के लिए 100-100 MBBS सीटें स्वीकृत की गई है। देश में सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 1,03,783 सीटें उपलब्ध हैं। पिछले शैक्षणिक वर्ष की बात करें तो 3,073 सीटें बढ़ी हैं। यानी की 53,000 से अधिक छात्रों के पास नीट क्वालिफाई करने का मौका होगा। वहीं प्राइवेट कॉलेजों में अतिरिक्त 48,300 एमबीबीएस सीटें मौजूद हैं।

### 6 कॉलेजों को मिल चुकी अनुमति

स्वास्थ्य मंत्री टी. हरीश राव ने मामले पर जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष शुरू होने वाले 9 मेडिकल कॉलेजों में से 6 को पहले ही अनुमति मिल चुकी है। इन 6 मेडिकल कॉलेजों में कामारेड्डी, खम्मम, विकाराबाद, जनगांव, आसिफाबाद, भूपालपल्ली कॉलेज शामिल है। वहीं करीमनगर, निर्मल और सिरसिला मेडिकल कॉलेजों में स्वीकृति प्रक्रिया अपने आखिरी चरण में पहुंच गई है। मंत्री टी. हरीश राव ने बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर 'आरोग्य तेलंगाना' की दृष्टिकोण की दिशा में प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाया जा रहा है।

## सूडोकु नवताल- 6716

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6715 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## दैनिक पंचांग

**31 मई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 06.19 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | कर्क | 08.32 बजे से |
| मंगल | कर्क में | सिंह | 10.49 बजे से |
| बुध | मेष में | कन्या | 13.00 बजे से |
| गुरु | मेष में | तुला | 15.11 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | वृश्चिक | 17.26 ब.से |
| शनि | कुंभ में | धनु | 19.42 बजे से |
| राहु | मेष में | मकर | 21.47 बजे से |
| केतु | तुला में | कुंभ | 23.34 बजे से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | मीन | 01.06 बजे से |
| | | मेष | 02.37 बजे से |
| | | वृष | 04.17 बजे से |

**बुधवार** 2023 वर्ष का 151 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
**वक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** एकादशी 13.46 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** हस्त 06.00 बजे को समाप्त।
**योग** व्यतीपात 20.14 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 13.46 बजे तदनन्तर बव 01.49 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 11.3 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 51'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871630
**जूलियन दिन** 2460095.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** जिल्काद **तारीख** 11
**विशेष** निर्जला एकादशी, गायत्री जयंती, विश्व तम्बाकू निषेध दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7778

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | | 4 |
| 5 | | ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 | ■ | |
| 10 | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊँचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

**ऊपर से नीचे**

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

### शब्द पहेली - 7777 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | च | र | ज | ■ | मु | रु | वि |
| चा | चा | ■ | म | ही | ना | ■ | ■ | न्त |
| र | न | र | ■ | न | व | जी | व | न |
| ■ | क | म | ला | ■ | ब | ■ | ■ | शी |
| म | ■ | ल | त | ■ | ला | त | ■ | ल |
| नो | ■ | ■ | मा | ■ | ना | र | द | ■ |
| का | न | भ | र | ना | ■ | ह | र | म |
| म | ■ | ■ | ना | का | र | ■ | क | ण |
| ना | ट | क | ■ | म | ह | क | ना | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। धन प्राप्ति के नए मार्ग खुलेंगे। मेहनत करने वालों को सभी कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार अच्छा रहेगा। नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे।

**वृष राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की मिलने के योग रहेंगे। कठिन परिश्रम करने के बावजूद अपने लिए समय निकाल पाएंगे।

**मिथुन राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्य विस्तार के लिए नई योजना शुरू कर सकते हैं। सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**कर्क राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कोराबार में बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। मन में उत्साह रहेगा और आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे।

**सिंह राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा रहेगा। आकस्मिक धनप्राप्ति के योग रहेंगे, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**कन्या राशि** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा रहेगा। आर्थिक मामलों में ध्यान देंगे और सभी कार्यों में सफलता मिलेगी।

**तुला राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यक्तिगत कार्यों में सफल होंगे और कारोबार विस्तार की योजना बना सकते हैं। बेरोजगारों को नौकरी के अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार विस्तार की नई योजनाएं बनेंगी और उनमें सफलता भी मिलेगी। कोई नई जिम्मेदारी भी मिल सकती है।

**धनु राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधे में अच्छा मुनाफा और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे, लेकिन अनावश्यक खर्च की अधिकता रहेगी, जिससे तनाव बढ़ सकता है।

**मकर राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कार्य में विस्तार की योजना बनाएंगे। सामूहिक रूप से काम करने से सफलता मिलेगी।

**कुंभ राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में मंदी देखने को मिल सकती है। कोई ऐसी योजना बनाएंगे, जिससे भविष्य में अच्छा मुनाफा कमाने की संभावना रहेगी।

**मीन राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार अच्छा रहेगा, लेकिन कार्यभार की अधिकता रहने से मन अशांत हो सकता है। ऑफिस में अपनी कड़ी मेहनत के कारण पदोन्नति हो सकती है।

# प्रशंसकों के प्यार की वजह से अगले साल फिर खेलूंगा : धोनी



**एजेंसी। अहमदाबाद**

चेन्नई सुपर किंग्स को पांचवां खिताब दिलाने के बाद आईपीएल से संन्यास की अटकलों को खारिज करते हुए महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि दर्शकों के प्यार को देखते हुए उन्हें तोहफा देने के लिये वह अगले सत्र में फिर खेलेंगे। इस सत्र की शुरूआत से ही अटकलें लगाई जा रही थी कि यह धोनी का आखिरी सत्र होगा। हर मैदान पर दर्शकों ने उन पर जिस तरह से प्यार लुटाया, उससे इसकी संभावना और प्रबल होती नजर आ रही थी। गुजरात टाइटंस पर फाइनल में पांच विकेट से जीत के बाद धोनी से जब पूछा गया कि क्या यह उनका आखिरी सत्र है, धोनी ने कहा, अगर परिस्थितियों को देखे तो मेरे लिये संन्यास लेने का यह सर्वश्रेष्ठ समय है। मेरे लिये यह कहना बहुत आसान है कि अब मैं विदा ले रहा हूं लेकिन अगले नौ महीने तक कड़ी मेहनत करके लौटना और एक सत्र और खेलना कठिन है।" उन्होंने कहा, शरीर को साथ देना होगा। चेन्नई के प्रशंसकों ने जिस तरह से मुझे प्यार दिया, यह उनके लिये मेरा तोहफा होगा कि मैं एक सत्र और खेलूं। उन्होंने जो प्यार और जज्बात दिखाये हैं, मुझे भी उनके लिये कुछ करना चाहिये।" धोनी ने कहा, यह मेरे कैरियर का आखिरी दौर है। यहीं से शुरूआत हुई थी और पूरा स्टेडियम मेरा नाम ले रहा था। ऐसा चेन्नई में भी हुआ था लेकिन मैं वापसी करके जितना खेल सकता हूं, खेलूंगा।"

## जिस तरह से हम लड़ते रहे उस पर वास्तव में गर्व है : पांड्या



**आईपीएल** 2023 के फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ हार का सामना करने के बावजूद, गुजरात टाइटन्स (जीटी) के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि जिस तरह से उनकी टीम ने प्रदर्शन किया, उस पर उन्हें गर्व है। डेवोन कॉनवे और रुतुराज गायकवाड़ की अर्धशतकतीय साझेदारी और शिवम दूबे, रवींद्र जडेजा की बेहतरीन पारियों की बदौलत सीएसके ने गुजरात टाइटन्स (जीटी) को सोमवार को अहमदाबाद में पांच विकेट से हराकर अपना पांचवां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब जीता। पांड्या ने कहा कि सीएसके के कप्तान एमएस धोनी के लिए खिताब जीतना नियति थी और अच्छे लोगों के साथ अच्छी चीजें होती हैं और वह उन सबसे अच्छे लोगों में से एक हैं जिन्हें वे जानते हैं। हार्दिक ने मैच के बाद कहा, मैं उसके (एमएस धोनी) के लिए बहुत खुश हूं, नियति ने यही लिखा था। अगर मुझे हारना होता, तो मैं उससे हार जाता। अच्छी चीजें अच्छे लोगों के साथ होती हैं, और वह उन सबसे अच्छे लोगों में से एक हैं जिन्हें मैं जानता हूं। भगवान दयालु रहा है, भगवान मुझ पर भी दयालु रहा है लेकिन यह उनकी रात थी। पांड्या ने बल्लेबाज साई सुदर्शन की प्रशंसा की जिन्होंने 47 गेंदों पर 96 रनों की तूफानी पारी खेलकर जीटी को 214/4 का विशाल स्कोर खड़ा करने में मदद की। पांड्या ने कहा, मुझे लगता है कि हम एक टीम के रूप में बहुत सारे बॉक्स टिक करते हैं। हम बहुत दिल से खेलते हैं, जिस तरह से हम लड़ते रहे उस पर वास्तव में गर्व है। हमारा एक आदर्श वाक्य है - हम एक साथ जीतते हैं, हम एक साथ हारते हैं। मैं बहाने बनाने नहीं जा रहा हूँ, सीएसके ने बेहतर क्रिकेट खेला। हमने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की, साई (सुदर्शन) का विशेष उल्लेख, इस स्तर पर इतना अच्छा खेलना आसान नहीं है।

## हार्दिक पंड्या डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत के लिए अहम योगदान दे सकते थे : पोंटिंग





**एजेंसी। दुबई**

पूर्व दिग्गज बल्लेबाज रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत को लंदन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए हार्दिक पंड्या को अपनी टीम में शामिल करना चाहिए था क्योंकि यह ऑलराउंडर इस मुकाबले में निर्णायक भूमिका निभा सकता था। पंड्या ने 2018 के बाद से कोई टेस्ट नहीं खेला है और उन्होंने फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण पांच दिवसीय प्रारूप में नहीं खेलने का फैसला किया है। पोंटिंग को हालांकि लगता है कि पंड्या सात से 11 जून तक द ओवल में होने वाले खिताबी मुकाबले में अहम भूमिका निभा सकते थे। मुख्य रूप से इसलिए क्योंकि उन्होंने हाल ही में समाप्त हुए इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस के लिए लगभग प्रत्येक मैच में गेंदबाजी की। पंड्या टाइटंस के कप्तान हैं। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू के लिए लिखा, मैंने सोचा कि भारत के लिए इस एकमात्र टेस्ट मैच में हार्दिक पंड्या जैसा कोई खिलाड़ी कितना अहम हो सकता था।" उन्होंने कहा, मुझे पता है कि वह आधिकारिक तौर पर कह चुका है कि टेस्ट मैच में खेलना शायद उसके शरीर के लिए थोड़ा कड़ा है।

## NEWS इन ब्रीफ

### एलिना स्वितोलिना की ग्रैंडस्लैम में पहली जीत



**पेरिस।** एलिना स्वितोलिना ने मां बनने के बाद लगभग डेढ़ साल में फ्रेंच ओपन में पहला मुकाबला खेलते हुए सोमवार को यहां महिला एकल के पहले दौर में मार्टिना ट्रेविसन को सीधे सेट में हराया। अक्टूबर में बेटी 'स्का' को जन्म देने वाली स्वितोलिना ने 2022 में यहां सेमीफाइनल में पहुंचने वाली मार्टिना को 6-2, 6-2 से शिकस्त दी। दुनिया के तीसरे नंबर की पूर्व खिलाड़ी स्वितोलिना की मौजूदा विश्व रैंकिंग 192 है। जनवरी 2022 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर से बाहर होने के बाद स्वितोलिना पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में खेल रही हैं।

### अंडर 19 क्षेत्रीय क्रिकेट विश्व कप के लिए टीम की घोषणा

**विंडहोक।** क्रिकेट नामीबिया ने 14 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जो जुलाई में अंडर-19 पुरुष क्षेत्रीय विश्व कप क्वालीफायर में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नामीबियाई टीम का मुकाबला नाइजीरिया, सिएरा लियोन, केन्या, युगांडा और मेजबान देश तंजानिया से होगा। क्रिकेट के लिए देश के शासी निकाय क्रिकेट नामीबिया के अनुसार, चयनकर्ताओं द्वारा प्रशिक्षण, निगरानी और ट्रैकिंग की गहन अवधि के बाद टीम का चयन किया गया। क्रिकेट नामीबिया के नवनियुक्त अंडर 19 कोच, ऑस्कर नौहौस ने कहा, टीम में अनुभव का खजाना है, जिसमें कुछ सदस्य पिछले अंडर19 विश्व कप क्वालीफायर में भाग ले चुके हैं। टीम के पास कई तरह के कौशल हैं जो हमें अनुकूलन क्षमता और लचीलापन प्रदान करेंगे।

## आईपीएल में छाए साई सुदर्शन, बोले

# धैर्यपूर्ण रवैये से फाइनल में 96 रन बनाने में मिली मदद

**एजेंसी। अहमदाबाद**

गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज बी साई सुदर्शन ने इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के खिलाफ 47 गेंदों में 96 रन की शानदार पारी का श्रेय अपनी बल्लेबाजी में धैर्यपूण रवैये को देते हुए कहा कि उन्हें खेल के मानसिक पहलू पर ध्यान देने का फायदा मिला। सुदर्शन ने आठ चौकों और छह छक्कों से 96 रन बनाए जिससे टाइटंस की टीम चार विकेट पर 214 रन बनाने में सफल रही और उसके लगातार दूसरा खिताब जीतने की उम्मीद बढ़ गई थी।



रविंद्र जडेजा ने हालांकि आखिरी दो गेंदों पर छक्का और चौका लगाया जिससे सुपरकिंग्स ने बारिश से प्रभावित फाइनल में 15 ओवर में 171 रन के संशोधित लक्ष्य को हासिल कर लिया। सुदर्शन ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ह्यह्यमैंने पिछले मैच में बहुत अधिक दबाव महसूस किया। मुझे इस बात का अहसास हुआ कि अधिक धैर्य दिखाना कहीं बेहतर है और मुझमें बहुत बेहतर करने की क्षमता है। मैं इस मैच में कहीं अधिक धैर्य के साथ खेला।ह्लह्ल इक्कीस साल के सुदर्शन ने कहा कि मुंबई इंडियंस के खिलाफ क्वालीफायर दो में 43 रन के स्कोर पर रिटायर्ड आउट होना 'व्यक्तिगत रूप से चिंताजनक' था लेकिन उन्हें पता था कि यह टीम का फैसला था।

उन्होंने कहा, निजी तौर पर यह निश्चित रूप से चिंताजनक था लेकिन यह टीम का फैसला था और जिस तरह से तीसरे, चौथे और पांचवें नंबर के बाद हमारे बल्लेबाज बल्लेबाजी कर रहे थे, वे इस सत्र में आक्रामक रहे हैं। मुझे लगता है कि यह पूरी तरह से टीम का फैसला था। यह निश्चित तौर पर टीम के हित में था और मैं शत प्रतिशत इसके साथ हूं। फाइनल में बल्लेबाजी के रवैये के बारे में पूछे जाने पर बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा, जब शुभमन (गिल) आउट हुए तो मैं क्रीज पर टिके रहने और स्कोरबोर्ड पर नियंत्रण रखने के बारे में सोच रहा था। मैं अपनी तरफ से जोखिम उठाने की कोशिश कर रहा था और साथ ही टिके रहना चाहता था।

उन्होंने कहा, यह मानसिक पहलू के बारे में अधिक था, कैसे तैयार होना है, कैसे जागरूक होना है या कैसे तय करना है कि उस स्थिति में क्या करना है। मैंने उस पर थोड़ा काम किया है और जाहिर तौर पर कौशल पर भी। सुदर्शन टाइटंस के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज रहे। उन्होंने आठ मैचों में 51.71 के औसत और 141.40 के स्ट्राइक रेट से 362 रन बनाए जिसमें तीन अर्द्धशतक भी शामिल हैं। रविचंद्रन अश्विन जैसे सीनियर खिलाड़ी से सराहना हासिल करने वाले सुदर्शन ने कहा, निश्चित रूप से, (मैं) टीम में योगदान देने के लिए बहुत खुश हूं लेकिन थोड़ा दुखी भी हूं क्योंकि परिणाम हमारे पक्ष में नहीं रहा। उन्होंने मूल्यवान सुझाव देने का श्रेय टाइटंस और तमिलनाडु टीम के अपने साथी विजय शंकर को दिया।

सुदर्शन ने कहा, हमने क्रिकेट पर काफी चर्चा की, खासकर इस आईपीएल में। हमने एक-दूसरे के साथ विचार साझा किए और इससे मुझे बहुत मदद मिली। पिछले मैच के बाद भी उन्होंने कुछ सुझाव दिए जो मेरे लिए काफी उपयोगी रहे। गुजरात टाइटंस के टीम निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा कि वह सीएसके से श्रेय छीनने नहीं जा रहे हैं जिसने रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला पांचवां आईपीएल खिताब जीता।

सोलंकी ने कहा, मैं सीएसके से श्रेय नहीं छीनने जा रहा। आज नहीं। वे चैंपियन थे और वे चैंपियन बनने के हकदार हैं। हमने वह सब किया जो हम कर सकते थे, हम मुकाबले को अंतिम गेंद तक ले गए। उन्होंने कहा, मुकाबले में उतार-चढ़ाव आता रहा। हम बल्ले से काफी अच्छा प्रदर्शन किया। परिस्थितियां बदलीं या नहीं इस पर आप बातचीत जारी रख सकते हैं, लेकिन टीम ने जो हासिल किया है मैं उससे श्रेय नहीं लेने जा रहा।

## हर कोई देश के लिए पदक जीतना चाहता है, मैं भी अलग नहीं हूं : मुमताज खान



**एजेंसी। बेंगलुरू**

उभरती भारतीय स्टार मुमताज खान ने हॉकी इंडिया द्वारा शुरू की गई पॉडकास्ट सीरीज 'हॉकी ते चर्चा' के हालिया एपिसोड में अपनी हॉकी यात्रा और महिला जूनियर एशिया कप 2023 में अपनी उम्मीदों के बारे में खुलकर बात की। डैशिंग फॉरवर्ड को 2021-2022 (महिला) का एफआईएच राइजिंग स्टार नामित किया गया था और उन्होंने 2022 के उभरते खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा पुरस्कार भी जीता। अपने करियर की शुरूआत में खुद के लिए एक जगह बनायी।

मुमताज ने कहा, मेरी हॉकी यात्रा स्कूल में शुरू हुई। अधिकांश माता-पिता की तरह मेरे माता-पिता ने मुझे अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी; वे चाहते थे कि मैं जीवन में सफल होऊं और खेल को मेरी पढ़ाई से विचलित करने के रूप में देखा, मैंने उनकी बात सुनी। लेकिन, फिर एक ऐसा समय आया जब मैं खड़े होकर अपने दोस्तों को खेलते हुए और मजे करते हुए नहीं देख सकती थी, तो मैंने एक हॉकी स्टिक उठाई और उसमें शामिल हो गई। मुमताज इस खेल के लिए इतनी प्रेरित थीं कि वह लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में प्रशिक्षण के लिए रोजाना 10 किलोमीटर साइकिल चलाती थीं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें सर्वश्रेष्ठ बनने की यात्रा में सबसे अच्छी सुविधाएं मिले। उनके कोच, नीलम ने उनकी स्थिति और गोल के सामने मैच फिनिश करने के कौशल में सुधार करने में उनकी मदद की, उनकी सराहना की और समर्थन में मजबूती से उनके पीछे खड़े रहे।

### प्रदर्शनकारी पहलवानों ने कहा-गंगा में फेंक देंगे पदक

## इंडिया गेट पर भूख हड़ताल पर बैठेंगे



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए और जंतर-मंतर में धरना स्थल से हटाए गए देश के शीर्ष पहलवानों ने मंगलवार को कहा कि वे कड़ी मेहनत से जीते अपने पदक गंगा नदी में फेंक देंगे और इंडिया गेट पर ह्यआमरण अनशन' पर बैठेंगे। रियो ओलंपिक 2016 की कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक बयान में कहा कि पहलवान मंगलवार को शाम छह बजे पदकों को पवित्र नदी में विसर्जित करने के लिए हरिद्वार जाएंगे। साक्षी ने बयान में कहा, पदक हमारी जान हैं, हमारी आत्मा हैं। हम इन्हें गंगा में बहाने जा रहे हैं। इनके गंगा में बहने के बाद हमारे जीने का कोई मतलब नहीं रह जाएगा इसलिए हम इंडिया गेट पर आमरण अनशन पर बैठ जाएंगे।" साक्षी की साथी पहलवान विनेश फोगाट ने भी इस बयान को शेयर किया। मंगलवार को हरिद्वार में गंगा दशहरा है और संभवतः एक ऐसा दिन जब बड़ी संख्या में लोग वहां पूजा करने आएंगे। रविवार को दिल्ली पुलिस ने साक्षी के साथ विश्व चैंपियनशिप की कांस्य विजेता विनेश फोगाट और एक अन्य ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया को हिरासत में लिया और बाद में उनके खिलाफ कानून और व्यवस्था के उल्लंघन के लिए प्राथमिकी दर्ज की।

### चीन के झांग झिझेन ने फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में पहुंचकर रचा इतिहास

**पेरिस।** चीन के झांग झिझेन ने इतिहास रच दिया है। ओपन एरा में पहली बार, चीनी मुख्य भूमि के एक व्यक्ति ने रेड डर्ट ग्रैंड स्लैम में पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के 71वें नंबर के खिलाड़ी झांग 6-1, 4-1 से आगे चल रहे थे, जब उनके सर्बियाई प्रतिद्वंद्वी दुसान लाजोविक को चोट के कारण रिटायर होने के लिए मजबूर होना पड़ा। रोलैंड गैरोस में कोर्ट 5 पर चीनी झंडे लहराते हुए, झांग ने मैच की जोरदार शुरूआत की। लाजोविक की सर्विस चार बार तोड़ते हुए पहला सेट अपने नाम किया। अपनी जीत पर झांग ने कहा, मैंने आज अच्छा प्रदर्शन किया, मैंने अहम मौकों पर संयम बनाए रखा और कुछ अप्रत्याशित गलतियां कीं। इससे पहले, वह अपने सभी पिछले तीन ग्रैंड स्लैम पहले दौर के मैच में हार गए थे। 27 साल की उम्र में झांग ने चौथे गेम में ब्रेक लिया और दूसरे सेट में 4-1 की बढ़त हासिल करने के लिए अपनी खुद की सर्विस को रोके रखा, जिसके बाद लाजोविच खेलना जारी नहीं रख पाए।

## एशिया कप

### कोरिया की चुनौती के लिए तैयार भारत

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम सेफा में

**एजेंसी। सलालाह (ओमान)**

थाईलैंड पर 17-0 की शानदार जीत के बाद भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने ओमान के सलालाह में पुरुष जूनियर एशिया कप 2023 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। इसके बाद, भारतीय टीम ने एफआईएच जूनियर हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 के लिए क्वालीफाई किया, जो 5 से 16 दिसंबर तक कुआलालंपुर, मलेशिया में आयोजित किया जाएगा। भारत अब फाइनल में जगह बनाने के लिए बुधवार को सेमीफाइनल में कोरिया से भिड़ेगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान उत्तम सिंह ने सोमवार को एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में आगामी मैच पर चर्चा करते हुए कहा, हमारे शिविर में अच्छा माहौल है। हमारे



टूर्नामेंट के लक्ष्यों में से एक जूनियर हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 के लिए क्वालीफाई करना था, उसे हासिल कर लिया है। हम एशिया की शीर्ष टीमों में से एक हैं, इसलिए यह आवश्यक है कि हम जूनियर पुरुष एशिया कप में भी अच्छा प्रदर्शन करें। हमने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है, और सेमीफाइनल में भी ऐसा करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, जब हम शिविर में तैयारी करते हैं, तो हमें कभी नहीं पता होता है कि हमें किस चरण में किस टीम का सामना करना है। इसलिए, हम हमेशा अपनी योजनाओं और लक्ष्यों को ध्यान में रखते हैं और किसी भी विरोधी टीम के खिलाफ टिके रहने की पूरी कोशिश करते हैं। भारत ने टूर्नामेंट के पूल चरण को नाबाद समाप्त किया, चीनी ताइपे के खिलाफ अपना पहला मैच 18-0 से जीता और इसके बाद जापान पर 3-1 से जीत दर्ज की। पारंपरिक प्रतिद्वंद्वियों पाकिस्तान के खिलाफ, भारत ने रोमांचक 1-1 से ड्रॉ अर्जित किया और फिर पूल ए में थाईलैंड को 17-0 से हराकर शीर्ष पर पहुंचा। टूर्नामेंट में टीम के अब तक के प्रदर्शन के बारे में पूछे जाने पर, भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कोच सीआर कुमार ने कहा, ₹हमें हमेशा इस टीम पर भरोसा रहा है। हमने एक लंबा शिविर आयोजित किया और हमने हॉकी इंडिया और साई की मदद से अच्छी तैयारी की। हम कोरिया के खिलाफ अच्छे मुकाबले की उम्मीद कर रहे हैं। टीम ने टूर्नामेंट में अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है, और हम अपनी योजनाओं पर कायम हैं। हम आगामी मैचों में गति को जारी रखना चाहेंगे। कुमार ने कहा, सेमीफाइनल में जाने से पहले कठिन मैच होना हमेशा अच्छा होता है।




# 2023-24 में जीडीपी ग्रोथ 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान




**एजेंसी। नई दिल्ली**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआई ने 30 मई को अपनी एनुअल रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक आरबीआई ने वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी ग्रोथ 6.5% रहने के अनुमान को बरकरार रखा है। अपनी एनुअल रिपोर्ट में आरबीआई ने कहा है कि देश में महंगाई का खतरा कम हुआ है। 2023-24 में महंगाई का अनुमान 5.2% पर बरकरार रखा है। रिपोर्ट के मुताबिक अगर इस साल देश में सामान्य मानसून रहता है और अगर अल नीनो घटना नहीं होती है तो 2023-24 में महंगाई से राहत मिलने की उम्मीद है। 2023-24 में थोक महंगाई दर के घटकर 5.2% रहने का अनुमान है, जो बीते वित्त वर्ष में 6.7% थी। अल नीनो एक जलवायु पैटर्न है। इसमें समुद्र का तापमान 3 से 4 डिग्री बढ़ जाता है। इसके प्रभाव से ज्यादा बारिश वाले क्षेत्र में कम और कम बारिश वाले क्षेत्र में ज्यादा बारिश होती है। भारत में अल नीनो के कारण मानसून अक्सर कमजोर होता है। जिससे सूखे की स्थिति निर्मित होती है। रिपोर्ट में फ्झकने बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 में 500 रुपए के 91,110 नकली नोटों का पता चला। ये पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 14.4% ज्यादा हैं। वहीं 2022-23 के दौरान 2,000 रुपए के 9,806 नकली नोट मिले। इस दौरान 78,699 नकली 100 रुपए के नोट और 27,258 नकली 200 रुपए के नोट भी पाए गए। आरबीआई ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बने रहने से विदेशी निवेशकों का भरतीय बाजार में निवेश में उतार चढ़ाव देखा जा सकता है। आरबीआई ने कहा कि वह पायलट प्रोजेक्ट के रूप में रही डिजिटल रुपी के पायलट प्रोजेक्ट का विस्तार करेगी। आरबीआई ने इसके बीते साल 1 दिसंबर को रिटेल डिजिटल रुपी के पायलट प्रोजेक्ट को लॉन्च लिया था। आरबीआई इकोनॉमी की हेल्थ को ट्रैक करने के लिए उपयोग किए जाने वाले सबसे कॉमन इंडिकेटर्स में से एक है। जीडीपी देश के भीतर एक स्पेसिफिक टाइम पीरियड में प्रोड्यूस सभी गुड्स और सर्विस की वैल्यू को रिप्रजेंट करती है। इसमें देश की सीमा के अंदर रहकर जो विदेशी कंपनियां प्रोडक्शन करती हैं, उन्हें भी शामिल किया जाता है। जब इकोनॉमी हेल्दी होती है, तो आमतौर पर बेरोजगारी का लेवल कम होता है।

# 12 मिनट में चार्ज होने वाला इलेक्ट्रिक 2 व्हीलर भारत में होगा लॉन्च




**एजेंसी। नई दिल्ली**

बैटरी टेक स्टार्टअप लॉग9 मैटेरियल्स ने मंगलवार को हैदराबाद मुख्यालय वाली ईवी फर्म क्वांटम एनर्जी के साथ साझेदारी में भारत के सबसे तेज चार्ज होने वाले दोपहिया वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहन (सीईवी) को लॉन्च करने की घोषणा की। दोनों कंपनियों ने संयुक्त रूप से एक नए व्हीकल मॉडल को लॉन्च किया, जिसे 'बिजनेसलाइट इंस्टाचार्ज बाय लॉग9' कहा जाता है। यह लॉग9 की रैपिडएक्स 2000 बैटरी द्वारा संचालित है, जो इसे 12 मिनट के अंदर शून्य से जिप करने में सक्षम बनाता है। ई-2डब्ल्यू को अनूठी खूबियों के साथ डिजाइन किया गया है, जैसे तेज स्पीड, बेहतर रेंज (80-90 किलोमीटर), मल्टी-थेफ्ट अलार्म और मल्टीपल ड्राइविंग मोड। लॉग 9 और क्वांटम एनर्जी मार्च 2024 तक भारत भर में 10,000 2वाट इंस्टाचार्ज किए गए ईवी को तैनात करने के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए ई-कॉमर्स, फूड डिलीवरी और कूरियर सर्विस जैसे क्षेत्रों में, लास्ट-माइल लॉजिस्टिक्स सेक्टर में साथ-साथ काम कर रहे हैं। लॉग 9 के सह-संस्थापक और सीओओ कार्तिक हजेला ने कहा, क्वांटम के 2 वाट, बिजनेसलाइट में एकीकृत हमारी फास्ट-चार्जिंग और लंबे समय तक चलने वाली रैपिडएक्स 2000 बैटरी के साथ, हम भारत के सबसे तेज चार्जिंग इलेक्ट्रिक 2 वाट को लॉजिस्टिक्स सेक्टर में ला रहे हैं। कंपनियां जल्द ही हैदराबाद में 200 बिजनेसलाइट ई-2 वाट व्हिजी लॉजिस्टिक्स के माध्यम से तैनात करेंगी, एक लॉजिस्टिक फ्लीट सर्विस प्रोवाइडर जो हाइपरलोकल डिलीवरी को सक्षम बनाता है। क्वांटम एनर्जी के निदेशक चक्रवर्ती सी. ने कहा, हम लॉग9 के साथ साझेदारी में अपने प्रोडक्ट 'बिजनेसलाइट' को पेश करने के लिए रोमांचित हैं। इसे प्लग करें, इसे चार्ज करें और दोहराएं। अनलिमिटिड फास्ट चार्जिंग और स्ट्रेस फ्री ।

# शेयर बाजार में आई तेजी




**एजेंसी। मुंबई**

आज यानी मंगलवार (30 मई) को शेयर बाजार में बढ़त देखने को मिली है। सेंसेक्स 122 अंकों की बढ़त के साथ 62,969 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में 33 अंकों की तेजी रही। ये 18,633 के स्तर पर बंद हुआ है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में तेजी और 11 में गिरावट देखने को मिली है। मेटल सेक्टर 0.91% और फार्मा 0.15% टूटा। लेकिन आइटी में 0.2% और एफएमसीजी में 0.59% की मजबूती ने बाजार को संभाले रखा और बैंक निफ्टी बैंक निफ्टी 0.28% चढ़कर बंद हुआ। डॉलर के मुकाबले रुपया 8 पैसा कमजोर होकर 82.71 पर बंद हुआ। कल यानी 29 मई को रुपया 82.63 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। वहीं कच्चे तेल में उछाल जारी है। फिलहाल ब्रेंट क्रूड 77.36 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। अडाणी ट्रांसमिशन ने अपने 2023 की जनवरी- मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस तिमाही में कंपनी का मुनाफा 70% बढ़कर 389.45 करोड़ रुपए हो गया है, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 229.59 करोड़ रुपए था। हालांकि, पिछली तिमाही में 474.72 करोड़ रुपए के मुनाफे से प्रदर्शन में 17.96% की गिरावट आई है।

## 5 गुना तक महंगा हुआ हवाई सफर

**नई दिल्ली।** गो-फर्स्ट का ऑपरेशन बंद होने का असर नजर आने लगा है। कई घरेलू मार्गों पर हवाई किराया 5 गुना तक हो गया है। मसलन, दिल्ली-अहमदाबाद रूट पर किराया 16,500 रुपए से ऊपर निकल गया है, जबकि गो फर्स्ट इस मार्ग पर 3 हजार रुपए से कुछ ही ज्यादा किराया लेती थी। गो-फर्स्ट 27 घरेलू और 7 अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर हर हफ्ते करीब 200 फ्लाइट्स संचालित करती थी। पर एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट जैसी एयरलाइन्स ने सिर्फ 68 नई उड़ने ही शुरू की है। ट्रैवल पोर्टल इक्सिगो के मुताबिक, दिल्ली-अहमदाबाद रूट पर स्पॉट किराया करीब 400% बढ़कर 16,585 रुपए हो गया है। दिल्ली-पुणे रूट पर भी इन दिनों स्पॉट किराया तकरीबन तीन गुना बढ़कर 15,093 रुपए हो गया है। मई-जून एयरलाइंस के लिए व्यस्ततम सीजन होता है। इस दौरान स्कूल-कॉलेजों में गर्मी की छुट्टियां होती हैं। लोग घूमने-फिरने निकलते हैं। ऐसे में कई रूट्स पर किराया बढ़ने से यात्रियों का बजट गड़बड़ा गया है। जो लोग गो-फर्स्ट से बुकिंग करवा चुके हैं, वे ट्रिप कैंसल करवाने या ट्रेन से यात्रा के लिए मजबूर हो रहे हैं।

# पायलटों को 1 लाख रुपए एक्स्ट्रा सैलरी देगी गो फर्स्ट




**एजेंसी। नई दिल्ली**

मुश्किलों में फंसी गो फर्स्ट एयरलाइन ने अपने पायलटों को नौकरी छोड़ने से रोकने के लिए हर महीने 1 लाख रुपए एक्स्ट्रा सैलरी देने का ऑफर दिया है। इसके साथ ही फर्स्ट ऑफिसर्स और को-पायलटों की सैलरी को 50 हजार रुपए बढ़ाने का ऐलान किया है। एयरलाइन ने इस एक्स्ट्रा सैलरी देने के ऑफर को 'रिटेंशन अलाउंस' नाम दिया है, जिसे 1 जून से लागू किया जाएगा। गो फर्स्ट ने अपने एम्प्लॉइज को एक्स्ट्रा सैलरी देने का यह ऑफर ऐसे समय में दे रही है जब 3 मई से उसकी सभी उड़ाने बंद हैं, जिसे आज एयरलाइन ने 30 मई से बढ़ाकर 4 जून तक कर दिया है। इसके साथ ही एयरलाइन दिवालिया कार्यवाही का भी सामना कर रही है। गो फर्स्ट एयरलाइन ने एक्स्ट्रा सैलरी देने का यह ऑफर उन पायलटों को भी दिया है, जिन्होंने हाल ही में इस्तीफा दिया है। कंपनी ने ऐसे एम्प्लॉइज को रिटेंशन अलाउंस के लिए 15 जून तक अपना इस्तीफा वापस लेने के लिए कहा है। एम्प्लॉइज को भेजे मेल में गो फर्स्ट एयरलाइन ने कहा है कि वह जल्द लंबे समय से काम कर रहे एम्प्लॉइज के लिए 'लॉन्गिविटी बोनस' लेकर आएगी। इससे पहले 24 मई को एविएशन रेगुलेटर ऊ्रझ्रअ ने गो फर्स्ट को ऑपरेशन के रिवाइवल के लिए कॉम्प्रिहैन्सिव प्लान देने के लिए 30 दिन का समय दिया है। इसके अलावा ऊ्रझ्रअ ने एयरलाइन से ऑपरेशनल एयरक्राफ्ट, पायलट और दूसरे अधिकारियों की उपलब्धता, मेनटेनेंस एग्रीमेंट और फंडिंग के स्टेटस और कई दूसरी डिटेल्स पेश करने को भी कहा है।

# केंद्रीय कर्मचारियों के डीए में जल्द हो सकती है बढ़ोतरी




**एजेंसी। नई दिल्ली**

अगर सब ठीक रहा तो केंद्र सरकार जल्द ही केंद्रीय कर्मचारियों को एक बार फिर डीए में बढ़ोतरी का तोहफा दे सकती है। इसका एलान भविष्य में होने वाली किसी भी केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में हो सकता है। हालांकि, अभी इस बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से इस पर कोई भी आधिकारिक बयान नहीं आया है। इस बात की चर्चा तेज है कि केंद्र केंद्रीय कर्मचारियों के डीए में 3 प्रतिशत से लेकर 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर सकता है। ये बढ़ोतरी एक जुलाई, 2023 से लागू हो सकती है। आपको बता दें कि मौजूदा समय में केंद्रीय कर्मचारियों को 42 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। अगर डीए में बढ़ोतरी 3 प्रतिशत की होती है तो जुलाई से केंद्रीय कर्मचारियों को 45 प्रतिशत डीए मिलेगा और वहीं, 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने पर 46 प्रतिशत डीए कर्मचारियों को मिलेगा। इस साल मार्च में केंद्रीय कैबिनेट ने कर्मचारियों का डीए बढ़ाने का फैसला किया था। उस समय डीए और डीआर को 4 प्रतिशत बढ़ाकर 38 से 42 प्रतिशत कर दिया गया था। ये बढ़ोतरी एक जनवरी, 2023 से लागू हुई थी। बता दें, डीए में बढ़ोतरी का फायदा 48 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 70 लाख पेंशनभोगियों को दिया जाता है। डीए केंद्रीय कर्मचारियों को दिया जाता है।

## विदेश

# मॉस्को में 2 बिल्डिंग पर ड्रोन अटैक



**एजेंसी। मॉस्को**

रूस की राजधानी मॉस्को में 2 बिल्डिंग पर ड्रोन से हमला किया गया है। रूस ने यूक्रेन पर ड्रोन अटैक करने का आरोप लगाया है। इसमें अब तक किसी के घायल होने की खबर नहीं है। रूस के डिफेंस मिनिस्ट्री ने कहा कि कीव ने करीब 8 ड्रोन से आतंकवादी हमला किया है। सभी ड्रोन्स को मार गिराया गया है। दोनों बिल्डिंग में रह रहे नागरिकों को फिलहाल वहां से हटा दिया गया है। मेयर सर्गेई सोबयानिन ने हमले की पुष्टि की है। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि रूस पर हमले में 30 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। रूसी मीडिया के मुताबिक, 3 ड्रोन्स रूस के इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर के जरिए अपना नियंत्रण खो बैठे और टारगेट खो बैठे। इसके अलावा बाकी 5 ड्रोन्स को जमीन से हवा में मार करने वाली पैंट्सिर-एस मिसाइल से मार गिराया गया। हमले को लेकर यूक्रेन में जेलेंस्की के एडवाइजर और नेता मिखाइल पोडलैक ने कहा- इस हमले में यूक्रेन का कोई हाथ नहीं था। लेकिन हमें इसे देखने में बहुत खुशी मिली। हम उम्मीद करते हैं कि आगे इस तरह के ज्यादा से ज्यादा हमले होंगे। वहीं, सोमवार को यूक्रेन के सैन्य प्रमुख जनरल किरिलो बुडानोव ने कीव पर रूसी मिसाइल हमलों का जवाब देने की चेतावनी दी थी। वहीं रूसी सांसद मैक्जिम इवानोव ने कहा- दूसरे विश्व युद्ध के बाद रूस पर पहली बार इतना बड़ा हमला हुआ है। यही अब नई सच्चाई है और कोई भी नागरिक अब इसे इंग्नोर नहीं कर सकता है। रूस में इंटेलिजेंस के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर हमले की जांच कर रहे हैं। इससे पहले 3 मई को रूसी राष्ट्रपति पुतिन के घर क्रेमलिन पर 2 ड्रोन से अटैक किया गया था। दोनों ड्रोन क्रेमलिन के डोम पर क्रैश हुए थे। हालांकि, हमले के वक्त पुतिन वहां मौजूद नहीं थे।

# युगांडा में समलैंगिक संबंध बनाने पर सजा-ए-मौत

**एजेंसी। युगांडा**

युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसेवनी ने सोमवार को समलैंगिकों के खिलाफ दुनिया का सबसे सख्त कानून पारित किया है। इससे वहां समलैंगिक संबंध बनाने पर अब उम्र कैद से लेकर मौत की सजा तक मिल सकती है। युगांडा में सेम सेक्स रिलेशन्स पर पहले भी बैन था, लेकिन इतनी सख्त सजा का प्रावधान नहीं था। सांसदों ने कानून पारित करते हुए समलैंगिक संबंधों को समाज के मूल्यों के खिलाफ होना बताया है। साथ ही कानून का ठीक से पालन करवाने की शपथ भी ली है। कानून पास होते ही दुनिया भर में इसकी आलोचनाएं शुरू हो चुकी हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने तो युगांडा के कई अधिकारियों और अफसरों पर पाबंदियां लगाने और वहां अमेरिकी निवेश को कम करने की चेतावनी दी है। युगांडा में नए कानून के मुताबिक 18 साल से कम उम्र के किसी व्यक्ति या ल्कव्र संक्रमित के साथ समलैंगिक यौन संबंध बनाने पर मौत की सजा हो सकती है। वहीं, होमोसेक्शुअलिटी को प्रोमोट करने पर 20 साल जेल में रहना होगा। हालांकि, किसी को सिर्फ गे, लेस्बियन या होमोसेक्शुइल होने पर कोई सजा नहीं होगी। सजा तभी होगी जब वो समलैंगिक संबंधों में शामिल होगा। हालांकि, मुसेवेनी ने सांसदों से 'गंभीर समलैंगिकता' को मृत्युदंड देने वाले प्रावधान से हटाने की सलाह दी थी जिसे सांसदों ने खारिज कर दिया। इसका मतलब है कि बार-बार अपराध करने वालों को मौत की सजा दी जा सकती है। हालांकि युगांडा ने कई साल से मृत्युदंड नहीं दिया है। इससे पहले जब मार्च में राष्ट्रपति के पास ये बिल पारित करवाने के लिए भेजा गया था तो उसमें किसी को गे होने पर भी सजा देने की बात कही गई थी, जिसे राष्ट्रपति ने आपत्ति के बाद हटाया गया था।

## चीन ने अमेरिका से बातचीत बंद की

**बीजिंग।** चीन की सरकार ने अमेरिका के डिफेंस सेक्रेटरी लॉयड ऑस्टिन के मुलाकात के न्योते को ठुकरा दिया है। पेंटागन ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। अमेरिका ने चीन के डिफेंस सेक्रेटरी ली शांगफु को इस हफ्ते सिंगापुर में मुलाकात करने के लिए बुलाया था। रिपोट्र्स के मुताबिक चीन फरवरी में जासूसी गुब्बारे पर हुए विवाद के बाद से ही अमेरिका से बात नहीं कर रहा है। पेंटागन के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर ने कहा कि चीन के मिलिट्री डायलॉग में हिस्सा नहीं लेने के बावजूद हमारी चीनी सेना से बातचीत करने की कोशिश जारी रहेगी। चीन के जिस डिफेंस सेक्रेटरी ली शांगफू को अमेरिका ने मिलने के लिए बुलाया उस पर 2018 में पाबंदियां लगाई थी। अमेरिका ने ली पर पाबंदियों की घोषणा की वजह रूस से हथियार लेने को बताया था। हालांकि, अब कहा गया है कि ली पर लगाई गई पाबंदियां ऐसी नहीं है कि वो अमेरिका के डिफेंस सेक्रेटरी से न मिल पाएं।

## पेज एक के शेष

### कांग्रेस विधायक प्रदीप ...

को ईडी ने प्रदीप यादव, उनके करीबी श्यामाकांत यादव, समेत अन्य के यहां छापेमारी की थी। तब प्रदीप के यहां से दो लाख व श्यामाकांत यादव के यहां से 40 लाख नकदी मिले थे। वहीं आयकर विभाग ने 100 करोड़ से अधिक की गड़बड़ी पकड़ी थी। इसी मामले में ईडी ने ईसीआइआर दर्ज कर मंगलवार को छापेमारी की। अब ईडी आयकर चोरी के मामले में मनी लाउंड्रिंग के पहलूओं पर जांच कर रही है। ईडी ने जांच के क्रम में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, रियल स्टेट में निवेश में शेल कंपनियों के इस्तेमाल से जुड़े कागजात व कुल 20 लाख के करीबी नकदी बरामद की है।

**बिहार भाजपा के प्रवक्ता की पत्नी के कंपनी पर भी छापा :** ईडी की टीम ने बुधवार को शिवकुमार सिंह से जुड़ी कंपनी मेसर्स वैष्णवी कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर प्राइवेट लिमिटेड के दफ्तर में छापा मारा। कंपनी की निदेशक सुचित्रा कुमारी हैं। वह बिहार प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता मनोज शर्मा की पत्नी हैं। मनोज शर्मा गोह विधानसभा सीट से भाजपा के विधायक रहे हैं, बीता चुनाव वह राजद उम्मीदवार से हार गए थे। कंपनी के धुर्वा के क्वार्टर संख्या ए -5 टी, मॉटेसरी रोड, धुर्वा बस स्टैंड के समीप स्थित दफ्तर में भी छापेमारी की गई।

### चाईबासा में नक्सलियों की ...

के लगाए पांच प्रेशर आईईडी बम, रास्ते में गड्ढा करके रखे गए लोहे का रॉड और तीर बरामद किया। इसी तरह गोइलकेरा थाना अंतर्गत मारादिरी, हाथीबुरु, मेरालगढा, छोटा कुईडा.क्षेत्र से पांच प्रेशर आईईडी बम एवं रास्ते में गड्ढा करके लोहे का रॉड और तीर बरामद किया। पुलिस ने यहां भी सभी बमों को बम निरोधक दस्ता के सहायता से नष्ट कर दिया। बरामद आईईडी में डेढ़ किलो का एक, आठ किलो का एक, एक-एक किलो का दो, तीन किलो का एक, छह किलो का एक, आठ किलो का एक, चार किलो का दो और छह-छह किलो का दो शामिल है। एसपी आशुतोष शेखर ने मंगलवार को बताया कि जिले के टोंटो थाना क्षेत्र 11 शक्तिशाली इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। इसी सूचना पर पुलिस, कोबरा 209 बटालियन, 203 बटालियन, 205 बटालियन, झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ 60 बटालियन, 197बटालियन, 157 बटालियन, 174 बटालियन, 193बटालियन, 07 बटालियन, 26 बटालियन की टीम लगातार अभियान चला रही है।

### खूंटी : हथियार के...

एके-56 का 20 जिंदा गोली, पीएलएफआई का पर्चा और पीएलएफआई संगठन द्वारा गन फैक्ट्री के लिए मंगाई गई हथियार बनानेवाली लेथ मशीन और मिलिंग मशीन को रनिया के कोचा जंगल से बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि सोमवार को उन्हें यह गुप्त सूचना मिली थी जेल में बंद पीएलएफआई के जोनल कमांडर तिलकेश्वर गोप उर्फ राजेश गोप का निजी हथियार एके 56 राइफल जिसे जरियागढ़ थाना क्षेत्र के मधुवन जंगल में छिपा कर रखा हुआ है। उसे आज रात तिलकेश्वर गोप का रिश्तेदार और संगठन सदस्य सागेन आईंद वहां से निकालकर संगठन के दूसरे सदस्यों नीलांबर गोप और विश्राम कोंगाड़ी को देनेवाला है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए तोरपा एसडीपीओ ओमप्रकाश तिवारी के नेतृत्व में छापामार टीम का गठन किया गया। छापामार टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मधवबन जंगल में छापामारी की गई और एके-56 राइफल के साथ सागेन आईंद को वहां से धर दबोचा। तिलेश्वर गोप का रिश्ते में साढ़ू लगने वाले सागेन आईंद ने पुलिस को बताया कि पुलिस की बढ़ती छापेमारी और संगठन के कमजोर होने की स्थिति में जेल जाने से पूर्व पीएलएफआई जोनल कमांडर तिलकेश्वर गोप ने उसे वह हथियार छिपाकर रखने के लिए दिया था। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों की निशानदेही पर रनिया के कोचा जंगल से बरामद हथियार बनाने के लेथ मशीन और मिलिंग मशीन को लगभग आठ लाख की लागत से खरीद कर चार वर्ष पूर्व मंगाया गया था। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों उग्रवादियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है। सागेन आईंद के विरुद्ध जिले के जरियागढ़ और रनिया थाने में आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में दो मामले दर्ज हैं, वहीं गौतम गोप उर्फ जलवा के विरुद्ध कर्रा, रनिया, तोरपा और जरियागढ़ थाना क्षेत्र में आर्म्स एक्ट, 17 सीएलए एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं में छह मामले दर्ज हैं।

## चौथी घटना

## सजा पूरी होने पर भी पाक की कैद में 400 भारतीय

# पाकिस्तान की जेल में भारतीय मछुआरे की मौत

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की जेल में बंद एक और भारतीय मछुआरे बालू जेठा की मौत हो गई। मामला 28 मई का है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जेठा ने अपनी सजा पूरी कर ली थी और उसे रिहाई का इंतजार था, लेकिन इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। पिछले 2 महीनों में ये इस तरह का चौथा मामला है। इंडिया टुडे के मुताबिक, पाकिस्तान ने सजा पूरी करने के बाद भी 400 से ज्यादा भारतीयों को गैरकानूनी तरह से अपनी कैद में रखा हुआ है। इससे पहले 4 अप्रैल को विपन कुमार, 6 मई को जुल्फिकार और 8 मई को सोमा देव नाम के मछुआरों की भी मौत हो गई थी। इसके अलावा, पाकिस्तान में तीन और भारतीय मछुआरों की हालत गंभीर है। कॉन्सुलर एक्सेस 2008 पर समझौते की धारा 5 के मुताबिक, दोनों देशों की सरकारों को राष्ट्रीय स्थिति की पुष्टि और सजा पूरी होने के एक महीने के अंदर कैदियों को रिहा करके उनके देश वापस भेजना होता है। पाकिस्तान की सरकार ने हाल ही में 500 भारतीय कैदियों को रिहा करने की घोषणा की थी। इनमें गुजरात से 184 मछुआरे, आंध्र प्रदेश से 3, दीवान से 4, महाराष्ट्र से 5 और उत्तर प्रदेश से 2 मछुआरे शामिल थे। सभी लोगों को 2 गुट



में भारत भेजा गया। रिहा हुए 184 गुजराती मछुआरों ने बताया था कि 184 वो करीब साढ़े 3 से 4 साल पहले खराब मौसम के चलते रास्ता भटककर पाकिस्तान की सीमा में पहुंच गए थे। उन्हें पाकिस्तान की जेल में उन्हें बहुत यातनाएं झेलनी पड़ती थीं। समय पर खाना नहीं मिलता था। खाना मांगने पर जमकर पीटा जाता था। साल की शुरूआत होते ही भारत और पाकिस्तान ने एक दूसरे की जेलों में बंद कैदियों की सूची साझा की थी। साल 2008 में हुए काउंसलर समझौते के तहत 1 जनवरी और 1 जुलाई को दोनों देश कैदियों की सूची जारी करते हैंष पाकिस्तान के मुताबिक, उसकी कैद में भारत के 705 कैदी हैं, जिसमें 51 नागरिक कैदी और 654 मछुआरे हैं। वहीं भारत की जेल में पाकिस्तान के 339 नागरिक कैदी और 95 मछुआरे हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### सिसोदिया को नहीं मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शहर की आबकारी नीति से जुड़े उस मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया को मंगलवार को यह कहते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया कि आरोप गंभीर हैं। इस मामले की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रहा है। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने आप के नेता को यह कहते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया कि उनके खिलाफ लगे आरोप बहुत गंभीर प्रकृति के हैं। सिसोदिया को मामले में 26 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। उच्च न्यायालय ने जमानत याचिका पर अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि उन्होंने 18 विभागों के साथ उपमुख्यमंत्री का पद संभाला है और गवाहों के प्रभावित होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### कांग्रेस नेता और सांसद बालू धानोरकर का निधन

**मुंबई।** महाराष्ट्र से कांग्रेस के एकमात्र लोकसभा सदस्य बालू धानोरकर का मंगलवार सुबह दिल्ली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। पार्टी के एक नेता ने यह जानकारी दी। धानोरकर 48 साल के थे। उनके परिवार में पत्नी प्रतिभा धानोरकर और दो बेटे हैं। प्रतिभा धानोरकर विधायक हैं, उन्होंने 2019 में वरोरा-भद्रावती विधानसभा सीट से जीत हासिल की थी। कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट ने कहा, गुर्दे में पथरी के इलाज के लिए उन्हें पिछले सप्ताह नागपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में उन्हें इलाज के लिए नई दिल्ली ले जाया गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार सुबह किया जाएगा।

सरकार के नौ साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-

# कृतज्ञ हूं, हम और मेहनत करते रहेंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्र में उनकी सरकार के नौ साल पूरे होने पर मंगलवार को कहा कि लोगों के जीवन को बेहतर करने की उनकी इच्छा उनके हर फैसले का कारण रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, आज, हम राष्ट्र की सेवा में नौ साल पूरे कर रहे हैं। मैं कृतज्ञ और आभारी हूं। (इस दौरान) किए गए हर फैसले, उठाए गए हर कदम के पीछे लोगों का जीवन बेहतर बनाने की इच्छा रही है। हम एक विकसित भारत के निर्माण के लिए और भी मेहनत से काम करते रहेंगे।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर विभिन्न जनसंपर्क कार्यक्रमों के जरिए मंगलवार से एक महीने के अभियान की योजना बनाई है। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को राजस्थान के अजमेर में एक रैली को संबोधित करेंगे। केंद्रीय मंत्रियों और कुछ राज्यों के मुख्यमंत्रियों सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सत्ता में नौ साल पूरे होने के मौके पर सोमवार को देशभर में उसकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला थ।

वैश्विक स्तर पर भारत के 'बढ़ते' कद से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा पर जोर, गरीबों के लिए आवास और शौचालय जैसे कल्याणकारी कदम, पाइप से पानी की आपूर्ति को बढ़ावा देना, बुनियादी ढांचा विकास और विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने के प्रयास उन पहलों में शामिल रहे, जिनका भाजपा नेताओं ने देश के हर राज्य में आयोजित संवाददाता सम्मेलनों में उल्लेख किया।

## जम्मू में बस के खाई में गिरने से दस की मौत, 55 घायल



**जम्मू।** जम्मू जिले में मंगलवार को एक बस के गहरी खाई में गिर जाने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 55 लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना झज्जर कोटली इलाके में हुई। बताया जा रहा है कि बस अमृतसर से कटरा शहर जा रही थी, इस दौरान चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। जम्मू के एसएसपी चंदन कोहली ने पत्रकारों को बताया, बचाव अभियान लगभग पूरा हो गया है और एसडीआरएफ की एक टीम भी मौके पर मौजूद है। उन्होंने कहा, बस में निर्धारित सीमा से अधिक यात्री सवार थे, जिसकी जांच की जाएगी। गंभीर रूप से घायल चार यात्रियों को जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज में शिफ्ट कर दिया गया है।

# खड़गे के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति से की मणिपुर में हस्तक्षेप की मांग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर मणिपुर में हस्तक्षेप की मांग खड़गे ने कहा कि पार्टी ने मणिपुर मुद्दे पर उनके हस्तक्षेप की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा है, ताकि तत्काल सामान्य स्थिति लाई जा सके। खड़गे ने एक ट्वीट में कहा, हमने विनम्रतापूर्वक भारत के राष्ट्रपति को उनके हस्तक्षेप के लिए एक ज्ञापन सौंपा, ताकि मणिपुर की असाधारण स्थिति का निवारण किया जा सके और सामान्य स्थिति लाया जा सके। खड़गे ने कहा, एक जिम्मेदार राजनीतिक दल के रूप में, कांग्रेस मणिपुर में शांति, सामान्य स्थिति और सद्भाव बहाल करने के लिए किसी भी पहल का समर्थन करने के लिए हमेशा तैयार है। हम तत्काल कार्रवाई के लिए निम्नलिखित 12 मांगें प्रस्तुत करते हैं। तभी राज्य में शांति होगी। पार्टी ने अपने ज्ञापन में सर्वोच्च न्यायालय के सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय जांच आयोग के गठन की मांग की है। कांग्रेस



ने ज्ञापन में इस बात पर भी प्रकाश डाला है कि राज्य में कई लोगों की जान चली गई है, घरों को जला दिया गया है और कई लोग अभी भी लापता हैं। पार्टी ने मांग की कि मणिपुर से संबंधित मौजूदा संवैधानिक प्रावधानों की रक्षा की जानी चाहिए, और सुलह और बातचीत के माध्यम से समुदायों के बीच विश्वास बहाल किया जाना चाहिए। एक उच्च-स्तरीय जांच आयोग का गठन एक सेवारत या सेवानिवृत्त सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश की अध्यक्षता में किया जाना चाहिए।

# चीनी-नमक ज्यादा खाने से हो रहा बहुत नुकसान, बढ़ रहा हृदय व मोटापा रोग

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

ज्यादातर लोग हर चीज में नमक और चीनी उचित मात्रा से ज्यादा खाने के आदि होते जा रहे हैं। जबकि चिकित्सक अक्सरहां इसके ज्यादा खाने से परहेज करने को कहते हैं। बताते हैं कि ये दोनों ही ज्यादा मात्रा में खाना सेहत को नुकसान पहुंचाना है। कई अध्ययन में भी पाया गया है कि भरपूर नमक व चीनी वाले खाद्य पदार्थ हृदय को बीमार बना ,हृदय रोग का खतरा बढ़ा सकते हैं। विशेष कहते हैं कि जंक फूड, सॉफ्ट ड्रिंक्स, फ्रूट जूस, कुकीज, कैंडी, केक में चीनी की मात्रा ज्यादा होती है। इन चीजों के अधिक सेवन से कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। हार्वर्ड हेल्थ की रिपोर्ट के अनुसार चीनी भले ही सीधे आपके हृदय को प्रभावित न करे, लेकिन यह कई जोखिम कारकों को बढ़ाकर हृदय को प्रभावित करती है। यह फैट में बदल जाती है जिससे फैटी लीवर और मोटापा हो सकता है आपको हृदय की बीमारी का खतरा हो सकता है।चीनी के अधिक सेवन करने से मोटापा बढ़ने का ज्यादा खतरा होता है क्योंकि यह फैट में बदल जाती है। ज्यादा शुगर सेवन पुरानी सूजन को बढ़ावा दे सकती है और आपके ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकती है। जिससे लंबे समय के बाद हृदय रोग होने का खतरा होता है।

जहां तक नमक की बात है तो सोडियम की बहुत ज्यादा मात्रा न केवल हृदय बल्कि शरीर के अन्य अंगों के लिए भी हानिकारक है। एक व्यक्ति को रोज लगभग 6 ग्राम से कम सोडियम खाने की सलाह दी जाती है। ब्रेड, पिज्जा, सैंडविच, मांस, सूप, नमकीन स्नैक्स, पोल्ट्री, पनीर और आमलेट जैसी चीजों में इसकी मात्रा ज्यादा होती है। एसीबीआई पर प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार सोडियम के अधिक सेवन से खून में पानी की मात्रा बढ़ सकती है, जिससे हृदय को अधिक मेहनत करनी पड़ती है। जिससे आपका ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। ब्लड प्रेशर बढ़ने से हृदय रोग का खतरा बढ़ जाता है। रही बात चीनी की तो ज्यादा खाने से मोटापा बना सकती है, मधुमेह का खतरा हो सकता है, एथेरोस्क्लेरोसिस को बढ़ावा दे सकती है। ये सभी हृदय रोग जुड़े हैं। दूसरी ओर, सोडियम ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकता है, जिससे आपको हृदय रोग का खतरा हो सकता है।

पहली बार आज शाम को आयोजित होगा नौसेना अलंकरण समारोह

# नौसेनाध्यक्ष मिलेगा वीरता-विशिष्ट सेवा पुरस्कार

### नौसेना बेस, विशाखापत्तनम में 33 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नौसेनाध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार भारतीय सैन्य बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से 31 मई को वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान करेंगे। वीरतापूर्ण कार्यों, नेतृत्व, पेशेवर उपलब्धियों और उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा का प्रदर्शन करने वाले नौसेना कर्मियों को सम्मानित करने के लिए यह नौसेना




अलंकरण समारोह नौसेना बेस, विशाखापत्तनम में होगा। यह पहली बार है जब नौसेना अलंकरण समारोह शाम को आयोजित किया जा रहा है। समारोह के दौरान 33 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जिनमें दो नौसेना मेडल (शौर्य), 13 नौसेना मेडल (ड्यूटी के प्रति समर्पण), 16 विशिष्ट सेवा मेडल और दो जीवन रक्षा पदक शामिल हैं। नौसेना प्रमुख हथियार सुधार और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अग्रणी अनुसंधान के लिए लेफ्टिनेंट वीके जैन मेमोरियल गोल्ड मेडल और उड़ान सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कैप्टन रवि धीर मेमोरियल गोल्ड मेडल भी प्रदान करेंगे। यह कार्यक्रम एक औपचारिक परेड के साथ शुरू होगा और 31 मई को शाम 5:00 बजे से 'इन यूट्यूब' चैनल पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। राष्ट्रपति ने इस साल गणतंत्र दिवस समारोह की पूर्व संध्या पर विशिष्ट सेवा और वीरता पुरस्कारों के साथ भारतीय नौसेना कर्मियों को पुरस्कारों को मंजूरी दी थी।

शाहबाद डेयरी हत्याकांड

# आरोपी साहिल दो दिन की पुलिस रिमांड पर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली की रोहिणी अदालत ने मंगलवार को शाहबाद डेयरी इलाके में अपनी प्रेमिका की बेरहमी से हत्या करने वाले साहिल को दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। शाहबाद डेयरी की जेजे कॉलोनी निवासी मृतका की रविवार शाम चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने 20 वर्षीय आरोपी को सोमवार को बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) से गिरफ्तार किया। इलाके की जेजे कॉलोनी निवासरी आरोपी साहिल ने लड़की को 20 से अधिक बार चाकू मारा और उसे बोल्डर से भी मारा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि वह फ्रिज-एसी मरम्मत करने वाले मैकेनिक का काम करता है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में नीले रंग की टी-शर्ट पहने साहिल लड़की को चाकू मारते हुए देखा जा सकता है। लगभग सात से आठ लोग वहां खड़े होकर उसे देख रहे हैं, लेकिन रोकने का कोई प्रयास नहीं कर रहे। पुलिस अधिकारी ने कहा कि पीड़िता साहिल के साथ रिश्ते में थी, लेकिन रविवार को उनके बीच बहस हो गई थी।

# महाराष्ट्रः सभी दल भावी समीकरण को ले चिंतित

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में विस्तार नहीं होने, मंत्री नहीं बनाये जाने से तो शिंदे गुट के तमाम विधायक परेशान हैं ही, यह भनक पाकर और भी परेशान हो गये हैं कि शिंदे गुट को आगामी लोकसभा व विधान सभा चुनावों में भाजपा कम सीटें देगी। इससे शिंदे गुट के तमाम विधायक और सांसद अपने भविष्य को लेकर चिंतित हो गये हैं। इस बीच उद्धव शिवसेना के सांसद विनायक राउत ने कहा है कि शिंदे शिवसेना के 22 विधायक और नौ सांसद पार्टी छोड़ने की तैयारी कर रहे हैं। विनायक राउत ने दावा किया कि शिंदे शिवसेना के 13 में से 9 सांसद उद्धव ठाकरे की शिवसेना के संपर्क में हैं। इसके पहले शिंदे शिवसेना



के सांसद गजानन कीर्तिकर ने कहा था कि भाजपा द्वारा शिंदे शिवसेना की अवहेलना की जा रही है, और एनडीए का हिस्सा होने के बावजूद उन्हें उचित सम्मान नहीं मिल रहा है। इधर राकांपा के नेता अजित पवार किसी भी तरह से पार्टी में अपना वर्चस्व बनाने का उपक्रम कर रहे हैं, लेकिन राकांपा प्रमुख शरद पवार ने दांव चल अपनी बेटी सुप्रिया सुले की स्थिति मजबूत कर दी है। अजित पवार अन्दर-अंदर भाजपा नेता व उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस के साथ हेल मेल बनाये हुए हैं। ताकि शिंदे गुट में फूट हो तो वह राकांपा को तोड़कर भाजपा के साथ मिल सरकार में शामिल हो जाएं। लेकिन शरद पवार ने कुछ सप्ताह पहले इस्तीफा का जो दांव चला उसके चक्कर में अजित पवार का मामला फिलहाल फुस्स हो गया है। फिर भी अजित पवार तीयां पांचा जारी रखे हुए हैं। कभी देवेन्द्र से अंदर-अंदर लाइन जोड़ रहे हैं, कभी कह रहे हैं कि महाराष्ट्र विकास अघाड़ी मिलकर चुनाव लड़ेगा।कभी अपने चाचा व राकांपा प्रमुख शरद पवार के विचार और पार्टी लाइन से अलग लाइन ले, नये संसद का भाजपाइयों से भी ज्यादा प्रशंसा कर रहे हैं।

मनमानी | क्या आपके राज्य में भी बिजली इंजीनियरों के जानवर एसी रूम में रहते हैं?

# उप्र के उपभोक्ताओं की तरह आप भी फोटो भेज पोलपट्टी खोलें

**आरएनएम। नई दिल्ली**

पड़ोसी उपभोक्ताओं ने फोटो व वीडियो देकर पोल पट्टी खोली तब पता चला कि उत्तर प्रदेश में बिजली विभाग के कई इंजीनियर कुत्ते, बिल्ली व अन्य जानवरों के लिए भी मुफ्त में एसी चलाते हैं। कई इंजिनियर के यहां दस एसी लगे हैं। पहले से पता होने के बाद भी कुछ नहीं कर रहे नियामक को जब उपभोक्ताओं द्वारा बिजली विभाग के कई इंजीनियरों के यहां कुत्ता, बिल्ली व अन्य जानवर भी एसी की ठंडक में रहने, सोने का फोटो व वीडियो के बारे में पता चला और जब यह सबको पता चल गया, तब नियामक आयोग ने नवंबर तक कनेक्शन संख्या, लोड और भुगतान का ब्योरा मांगा है। इस



आदेश के बाद पावर कॉर्पोरेशन विभागीय कर्मचारियों, अधिकारियों और पेंशनर्स के घरों में मीटर लगाने को लेकर सक्रिय हो गया है।उप्र ऊर्जा विभाग में कार्यरत लगभग एक लाख कर्मचारियों, इंजीनियरों और पेंशनर्स के यहां बिजली मीटर नहीं है। उनके वेतन से न्यूनतम बिजली बिल की कटौती होती है। इसमें एक एसी का लगभग 600 रुपये प्रतिमाह जमा होता है। ज्यादातर इंजीनियरों और कर्मचारियों ने सिर्फ एक से दो एसी लगाने की घोषणा की है। जबकि उनके घरों में 8 से 10 एसी लगे हुए हैं। विभागीय सर्वे में भी इसकी पुष्टि हुई। सर्वे में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में कई इंजीनियरों के घरों में 12 से 15 एसी लगे होने का पता चला। कुछ के घरों में व्यावसायिक गतिविधियां चलती मिलीं, लेकिन कनेक्शन नहीं मिला। सूत्रों का कहना है कि नियामक आयोग में टैरिफ पर सार्वजनिक सुनवाई के दौरान उपभोक्ताओं ने शिकायत की थी कि उनके पड़ोसी बिजली इंजीनियर ने कुत्ते, बिल्ली व अन्य जानवरों के लिए भी एसी लगा रखी है। जबकि उनके यहां मीटर नहीं लगा है। कुछ ने इंजीनियरों के घर में मनमानी तरीके से एसी लगे होने की तस्वीर भी सौंपी। यह भी शिकायत की कि अधिक एसी के आउटपुट विंडो उनके घर की ओर लगा रखा है, जिसका खामियाजा वे भुगतते हैं। इसी इनपुट के बाद नियामक आयोग ने बिजली मीटर लगाने पर सख्ती बरती।आयोग ने पावर कॉर्पोरेशन को निर्देश दिया है कि अगली टैरिफ की सुनवाई तक विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों व पेंशनरों के यहां लगाए गए मीटर की संख्या, कुल भार, राजस्व की स्थिति आदि का विस्तृत ब्यौरा दिया जाए। इस आदेश के बाद पावर कॉर्पोरेशन मीटर लगाने के लिए विवश हो गया है। बिजली विभाग में मनमानी का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि तमाम इंजीनियरों व कर्मचारियों का बिजली बिल के संबंध में लेजरीकरण ही नहीं किया गया है। ऐसे में 80 प्रतिशत लोग केवल एक एसी का बिल दे रहे हैं। नियामक आयोग के निर्देश के बाद सोमवार को सभी विद्युत वितरण निगमों के मुख्य अभियंताओं को 31 मई तक लेजरीकरण पूरा करने का निर्देश दिया गया है।




## सलमान ने ठुकराई आमिर खान की फिल्म



**बॉलीवुड** के खान्स यानी सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान को अपनी फिल्मों में लेने के लिए तमाम डायरेक्टर लाइन लगा रहे हैं। इनका मानना है कि ये जिस फिल्म में होंगे वह 100 करोड़ का आंकड़ा जरूर पार करेगी। इन तीनों खानों के बीच बॉन्डिंग भी काफी अच्छी है। लेकिन, अब लगता है कि जल्द ही यह तस्वीर बदलने वाली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सलमान खान ने आमिर खान की फिल्म करने से मना कर दिया है। आमिर खान स्पेनिश फिल्म 'चैंपियंस' का हिंदी रीमेक बना रहे हैं। उनकी इस फिल्म का नाम 'चैंपियंस' है। इस साल की शुरूआत में, यह बताया गया था कि फिल्म के निमार्ता आमिर खान ने मुख्य भूमिका के लिए सलमान से संपर्क किया।

## उर्वशी रौतेला ने मुंबई के जुहू में खरीदा आलीशान बंगला



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला हमेशा चर्चा में रहती हैं। उर्वशी भले ही फिल्म में ज्यादा अहम भूमिका नहीं निभा रही हैं लेकिन अपने फैशन सेंस और बोल्ड लुक को लेकर हमेशा चर्चा में रहती हैं। अब एक नई वजह से उर्वशी चर्चा में हैं। उर्वशी ने मुंबई के जुहू में नया बंगला खरीदा है। उर्वशी का नया बंगला बॉलीवुड डायरेक्टर आदित्य चोपड़ा के बंगले के बगल में बताया जा रहा है। मीडिया खबर के मुताबिक, उर्वशी पिछले कई महीनों से अपने नए घर की तलाश कर रही थीं। इससे पहले उर्वशी लोखंडवाला परिसर में 'सेलेस्ट' नाम के बंगले में रहने वाली थीं। हालांकि, किसी वजह से वह उस बंगले में रहने नहीं गईं।

## हिट मशीन खेसारीलाल यादव के सैड सॉन्ग 'जून में' ने मचाई धूम

**यूं तो** भोजपुरी सिने इंडस्ट्री के हिट मशीन कहे जाने वाले खेसारीलाल यादव हर विधा में निपुण हैं, लेकिन आज रिलीज हुआ उनका दर्द भरा गाना बेहद खास लग रहा है। शायद यही वजह है कि खेसारीलाल यादव के 'जून में' गाने ने धूम मचा दी है। गाने के बोल भले 'जून में' है, लेकिन वायरल अभी मई से ही हो रहा है। खेसारीलाल यादव का यह गाना टी-सीरीज हमार भोजपुरी से रिलीज हुआ है। खेसारी का यह गाना उनके फैंस को भी बेहद पसंद आ रहा है। खेसारीलाल यादव का यह गाना एक ऐसे दीवाने की है, जिसकी प्रेमिका का इंगेजमेंट होता है। इस दर्द को खेसारीलाल यादव ने अपने खूबसूरत गीत-संगीत में पिरो कर पेश किया है। उनका यह गाना युवाओं के बीच खूब लोकप्रिय होने लगा है। गाना रिलीज होने के बाद लाखों लोगों ने अबतक इसे देख लिया है। 'जून में' गाने को लेकर खेसारीलाल यादव ने कहा कि यह गाना बेहद रोमांचक है। हम अपने और भोजपुरी के चाहने वाले लोगों से अपील करेंगे कि यह आपका गाना है।

